संताल एक्सप्रेस ई-पेपर
www.santalexpress.com
https://epaper.santalexpress.com
पर पढ़े .....
16 जनवरी 2025, गुरुवार
पृष्ठ-08, मूल्य : 2 रुपये
दुमका, वर्ष- 07, अंक - 109
Email-santalexpress20@gmail.com

संताल परगना की आवाज

संताल एक्सप्रेस

संभल हिंसा के 450 उपद्रवियों की फोटो से तलाश जारी

मुरादाबाद । उत्तर प्रदेश के संभल जिले में विवादित जामा मस्जिद और हरिहर नाथ मंदिर में 24 नवंबर को सर्वे के दौरान तीन स्थानों पर हुई हिंसा में फरार चल रहे 450 आरोपित उपद्रवियों की फोटो से तलाश जारी है। इस हिंसा में पुलिस पर पथराव और फायरिंग एवं पुलिस अधिकारियों पर जानलेवा हमला किया गया था। इसमें पांच लोगों की मौत हुई थी। हिंसा में शामिल कुल 60 आरोपित उपद्रवी जेल भेजे गए हैं। इसमें चार महिलाएं भी हैं।

संक्षिप्त खबरें

मार्क जुकरबर्ग के बयान पर मेटा ने मांगी माफी

नई दिल्ली । मेटा के भारत और दक्षिण एशिया के सार्वजनिक नीति निदेशक शिवनाथ ठुकराल ने सोशल मीडिया पर मार्क जुकरबर्ग के बयान के लिए माफी मांगी। जुकरबर्ग ने यह झूठा दावा किया था कि कोविड 19 के बाद हुए चुनावों में भारत सहित कई देशों में सरकारें सत्ता से बाहर हो गई। बुधवार को सोशल मीडिया में एक पोस्ट के जरिए शिवनाथ ठुकराल ने भारत को मेटा के नवाचारों के लिए महत्वपूर्ण भागीदार बताया। उन्होंने कहा कि मार्क का यह अवलोकन 2024 के चुनाव में कई मौजूदा दलों को फिर से नहीं चुनने को लेकर सही है लेकिन यह अवलोकन भारत के लिए नहीं था। अनजाने में हुई इस गलती के लिए हम माफी चाहते हैं। भारत मेटा के लिए अविश्वसनीय रूप से महत्वपूर्ण देश बना हुआ है और हम इसके अभिनव भविष्य के केंद्र में होने की आशा करते हैं।

चार कुख्यात नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

नारायणपुर । छत्तीसगढ़ के नारायणपुर जिले में चलाये जा रहे नक्सल उन्मूलन अभियान में बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने करीब 14 साल पहले सुकमा में हुए नक्सली हमले में 76 जवानों की शहाद की घटना में शामिल रहे चार कुख्यात नक्सलियों का आत्मसमर्पण कराने में सफलता प्राप्त की है। चार नक्सलियों पर कुल 32 लाख का इनाम था। इस दौरान मौजूद अधिकारियों ने आत्म समर्पण करने वाले नक्सलियों को प्रोत्साहन राशि के तौर पर 25-25 हजार रुपये के चेक भी सौंपे।

आकाश में आज एक सीध में आएंगे मंगल, पृथ्वी और सूर्य

भोपाल । खगोल विज्ञान में रुचि रखने वाले लोगों के लिए गुरुवार 16 जनवरी का दिन बेहद खास होने जा रहा है। इस दौरान आकाश में एक अद्भुत खगोलीय घटना होने जा रही है। इस दिन सौरमंडल का लाल ग्रह मंगल हमारी पृथ्वी और सूर्य की सीध में आ रहा है। इस खगोलीय घटना में मंगल, पृथ्वी और सूर्य एक सरल (सीधी) रेखा में होंगे। नेशनल अवार्ड प्राप्त विज्ञान प्रसारक सारिका घारू ने बुधवार को इसकी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस खगोलीय घटना को मार्स एट अपोजीशन कहते हैं। इस समय मंगल चमकदार लालिमा के साथ बिना दूरबीन के देखा जा सकेगा। यह खगोलीय घटना दो साल के बाद हमें आकाश में देखने को मिलेगी। इससे पूर्व यह घटना 8 दिसम्बर 2022 को हुई थी। सारिका ने बताया कि पृथ्वी का पड़ोसी ग्रह मंगल सूर्यास्त के बाद पूर्वी आकाश में उदित होगा और मध्यरात्रि में आपके सिर के ठीक ऊपर पहुंच जाएगा।

महाकुंभ में अमृत स्नान करने से कई जन्मों के धुल जाते हैं पाप

एक हजार अश्वमेध यज्ञ करने का फल मिलता है

एजेंसी

प्रयागराज । महाकुंभ 2025 की शुरुआत हो चुकी है। साधु संतों और नागा साधुओं के कुल 13 अखाड़े हैं, जो महाकुंभ में अपने-अपने शिविर लगाते हैं। लाखों साधु-संतों ने मकर संक्रांति पर अमृत स्नान किया। अखाड़ों ने हाथी, घोड़ा, ऊंट के साथ जुलूस निकाला। इनसे जुड़े संत, संन्यासी और नागा साधु 17 श्रृंगार करके संगम तट पर पहुंचे और स्नान किया था। वहीं बुधवार को भी निरंजनी अखाड़े के नागा साधु सिद्ध पुरी भगवान को याद करते हुए कहा कि सुबह 4 बजे उठकर स्नान करके ध्यान लगाना चाहिए। मूर्ति पूजा करने और न करने दोनों परिस्थिति में ईश्वर को याद करना चाहिए। इस दुनिया को जो चला रहा है, वह एक है, जो हमसे भी बड़ा है। इस वजह से हम परमात्मा को किसी न किसी रूप में मानते हैं। उन्होंने कहा कि देवता और राक्षस के बीच लड़ाई में जहां-जहां अमृत की बूंद गिरी, वहां पर महाकुंभ मेला लगता है। हर छह साल के बाद अर्धकुंभ और 12 साल के बाद महाकुंभ होता है। इसमें शाही स्नान होता है, जिसे करने से स्नान के कई जन्मों का पाप खत्म हो जाता है। इंसानी जीवन के लिए शाही स्नान बनाया गया है।

साध्वी सोनिया नाथ औघड़ ने बताया कि अखाड़े में मौजूद गुरु जो आदेश करते हैं, वहीं हम करते हैं। जैसे गृहस्थ जीवन में रिश्ते होते हैं, वैसे ही गुरु भी अपने बच्चे की तरह कभी-कभी डांटते हैं, उनके रूप में भाई और मां देखने को मिलता है। पिछले जन्म में कोई पुण्य किया होगा, जो इस जन्म में साध्वी बनने का मौका मिला। अग्नि अखाड़े के महंत आदित्यानंद शास्त्री ने अमृत स्नान के महत्व के बारे में बताया कि एक हजार अश्वमेध यज्ञ करने से जो फल मिलता है, वह मकर संक्रांति और महाकुंभ में स्नान करने वालों को मिला है। जो वांछित हैं, उन्हें यह लाभ प्राप्त नहीं होगा। सभी काम छोड़कर लोगों को स्नान करना चाहिए। अमृत स्नान के बाद हम देवताओं का ध्यान लगाते हैं और ज्ञान पर चर्चा करते हैं।

देश को 3 नए युद्धपोत मिले, पीएम बोले-

भारत बन रहा है मैरीटाइम पावर

एजेंसी

मुंबई । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तीन वॉरशिप आईएनएस सूरत (डिस्ट्रॉयर), आईएनएस नीलगिरि (स्टेल्थ फ्रिगेट) और आईएनएस वाघशीर (सबमरीन) को राष्ट्र को समर्पित किए। इन तीनों अल्ट्रा-मॉर्डन वॉर शिप से नेवी की ताकत और बढ़ जाएगी। मोदी ने कहा 15 जनवरी को आर्मी डे के रूप में भी मनाया जाता है। आज भारत की समुद्री विरासत नेवी के गौरवशाली इतिहास और आत्मनिर्भर भारत अभियान के लिए भी बहुत बड़ा दिन है।

पीएम ने कहा कि छत्रपति शिवाजी महाराज ने नौसेना को नया सामर्थ्य दिया था, नया विजन दिया था। आज उनकी इस पावन धरती पर 21वीं सदी की नेवी को सशक्त करने की तरफ हम एक बहुत बड़ा कदम उठा रहे हैं। यह पहली बार हो



रहा है, जब एक डिस्ट्रॉयर, फ्रिगेट और सबमरीन को एकसाथ कमीशन किया जा रहा है। ये तीनों मेड इन इंडिया हैं। आज जो प्लेटफॉर्म लॉन्च हुए हैं, उनमें भी इसकी झलक है। नीलगिरी चोल वंश के सामुद्रिक सामर्थ्य के प्रति समर्पित है। सूरत वॉर शिप उस वक्त की याद दिलाता है, जब गुजरात को पोर्ट के जरिए वेस्ट एशिया से जुड़ा था। आज बाघशीर सबमरीन की भी कमीशनिंग हो रही है। कुछ साल पहले पी-75 क्लास के पहली सबमरीन की कमीशनिंग का मौका मिला था। आज इस क्लास की छठी सबमरीन समर्पित कर रहा हूं।

मोदी ने कहा कि भारत विस्तारवाद नहीं, विकासवाद की भावना से काम करता है। ओपन, सिक्योर, इन्क्लूजिव इंडो पैसेफिक रीजन का समर्थन किया है। जब समुद्र से सटे देशों के विकास की बात आई तो भारत ने मंत्र दिया सागर- सिक्योरिटी एंड ग्रोथ फॉर ऑल इन द रीजन। जी-20 में कहा कि वन अर्थ, वन फैमिली, वन फ्यूचर। कोरोना के वक्त वन वर्ल्ड, वन हेल्थ कहा। हम पूरे विश्व को परिवार मानकर चलते हैं।

दुनिया का भारत पर भरोसा बढ़ा है प्रधानमंत्री ने कहा कि बीते कुछ महीनों में हमारी नौसेना ने सैकड़ों जानें बचाईं। हजारों करोड़ रुपए के नेशनल और इंटरनेशनल कार्गो की सुरक्षा की है। दुनिया का भारत पर भरोसा बढ़ा है। भारतीय नौसेना, कोस्टगार्ड पर लगातार भरोसा बढ़ता जा रहा है। आसियान हो, ऑस्ट्रेलिया हो, गल्फ हो, अफ्रीका के देश हों, सबके साथ आज भारत का आर्थिक सहयोग लगातार मजबूत हो रहा है।

भाजपा और संघ का देश की सभी संवैधानिक संस्थानों पर कब्जा : राहुल

एजेंसी

नई दिल्ली । कांग्रेस नेता और लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ प्रमुख मोहन भागवत पर तीखा हमला बोलकर भाजपा, आरएसएस और उनके सहयोगियों पर व्यवस्थित रूप से भारत के संस्थानों पर कब्जा करने का आरोप लगाया है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने दावा किया कि कांग्रेस पार्टी की लड़ाई अब राजनीतिक विरोधियों तक ही सीमित नहीं है, बल्कि भारतीय राज्य की मशीनरी के खिलाफ भी है।

दिल्ली में नए कांग्रेस मुख्यालय के उद्घाटन के बाद राहुल गांधी ने कहा, ऐसा मत सोचिए कि हम निष्पक्ष लड़ाई लड़ रहे हैं। अगर आप मानते हैं कि यह सिर्फ बीजेपी या आरएसएस जैसे राजनीतिक संगठन के खिलाफ है, तब समझ लीजिए कि उन्होंने हमारे देश की करीब हर संस्था पर कब्जा किया है। अब हमारी लड़ाई भारतीय राज्यों से भी है। वैचारिक लड़ाई का जिक्र कर राहुल गांधी ने भारत के दो परस्पर विरोधी विचारधाराओं पर जोर दिया। उन्होंने कहा, यह भारत में होने वाली मुख्य लड़ाई है। दो विचारधाराओं में टकराव है। एक हमारा विचार है संविधान का विचार और दूसरा आरएसएस का विचार है।

संघ प्रमुख भागवत के बयान का जिक्र कर कि राम मंदिर के निर्माण से ही सच्ची आजादी मिली राहुल गांधी ने कहा, भागवत में इतनी हिम्मत है कि वे हमें बता रहे हैं कि वे स्वतंत्रता आंदोलन और राष्ट्र के बारे में क्या सोचते हैं। उन्होंने कल जो कहा वहां देशद्रोह है क्योंकि अगर वे कह रहे हैं कि संविधान अमान्य है और अंग्रेजों के खिलाफ लड़ाई अमान्य थी, तब यह देशद्रोह है। यह कहना कि भारत को 1947 में आजादी नहीं मिली, हर एक भारतीय का अपमान है। लेकिन अब समय आ गया है कि हम ऐसी बकवास सुनना बंद करें।

राहुल गांधी ने कहा, यह इमारत भारत की आत्मा पर कांग्रेस पार्टी के प्रभाव की याद दिलाती है। आज सत्ता में बैठे लोग न तिरंगे को सलाम करते हैं और न ही संविधान का सम्मान करते हैं।

पीएम ने दी एनडीए विधायकों को भ्रष्टाचार से दूर रहने की नसीहत

एजेंसी

मुंबई । प्रधानमंत्री मोदी ने बुधवार को मुंबई दौरे में महाराष्ट्र के एनडीए विधायकों को भ्रष्टाचार से दूर रहने की नसीहत दी है। साथ ही नियमित योगा करने, परिवार को समय देने और जिसने वोट नहीं दिया, उससे भी स्नेह संबंध रखने का टिप्स दिया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज अपने व्यस्ततम मुंबई दौरे में से समय निकालकर महाराष्ट्र में एनडीए के नवनिर्वाचित विधायकों के साथ भोजन किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, उपमुख्यमंत्री अजीत पवार समेत भाजपा, शिंदे समूह की शिवसेना और अजीत पवार की राकांपा के विधायक उपस्थित थे। प्रधानमंत्री ने विधायकों से कहा कि वे तबादला, दलाली जैसी गतिविधियों से अपने आपको दूर रखें। अपने क्षेत्र का काम करवाते समय अधिकारियों से हमेशा इज्जत देकर बात करें। जिसने वोट नहीं दिया है, उससे भी मधुर संबंध बनाएं। अपने क्षेत्र में धार्मिक कार्यों का प्रमुखता से आयोजन करवाएं। विधान परिषद सदस्य को किसी भी क्षेत्र को गोद लेकर काम करें, जिससे उस क्षेत्र में उनकी पहचान बन सकें। प्रधानमंत्री ने कहा कि राजनीतिक और सामाजिक जीवन में काम करते हुए अपने स्वास्थ्य पर भी ध्यान दीजिए। इसके लिए हर साल अपना मेडिकल चेकअप करवाएं। घर पर पत्नी, बेटी और माँ पर विशेष ध्यान दें। योग या इसी तरह के अन्य व्यायाम करें। प्रधानमंत्री ने कहा कि वे स्वयं प्रतिदिन सुबह जल्दी उठते हैं और योग करते हैं।

देश की अदालत परिसरों में महिलाओं के लिए शौचालय सुविधाएं उपलब्ध कराएं : सुप्रीम कोर्ट

राज्य सरकारों और केंद्र शासित प्रदेशों को दिए गए निर्देश

एजेंसी

नई दिल्ली । सुप्रीम कोर्ट ने देश भर की अदालत परिसरों और ट्रिब्यूनल्स में महिलाओं, विशेष रूप से सक्षम व्यक्तियों और ट्रांसजेंडर व्यक्तियों के लिए शौचालय सुविधाओं के निर्माण को लेकर सख्त आदेश दिया है। जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस आर महादेवन की बेंच ने यह महत्वपूर्ण फैसला दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने राज्य सरकारों और केंद्र शासित प्रदेशों को निर्देश दिया है कि वे शौचालयों के निर्माण, रखरखाव और साफ-सफाई के लिए पर्याप्त धनराशि प्रदान करें। इन सुविधाओं की समय-समय पर समीक्षा के लिए हाईकोर्ट की ओर से एक समिति का गठन होगा। शीर्ष अदालत ने सभी राज्य सरकारों, केंद्र शासित प्रदेशों और उच्च न्यायालयों को चार महीने की अवधि के भीतर मामले में अपनी स्टेटस रिपोर्ट देने को कह दिया है। जस्टिस पारदीवाला ने मौखिक रूप से चेतावनी दी

कि अगर इन निर्देशों का पालन नहीं हुआ, तब अदालत अवमानना की कार्रवाई होगी। नवंबर 2024 में जब यह मामला पेंडिंग था और सुनवाई के बाद फैसला दिया गया है। शीर्ष अदालत ने इस पर असंतुष्टि जाहिर की है कि कई अदालतों में महिला न्यायिक अधिकारियों के लिए भी निजी शौचालय उपलब्ध नहीं हैं।

केजरीवाल पर शराब घोटाले में मनी लॉन्ड्रिंग का केस चलेगा

ईडी को गृह मंत्रालय ने मंजूरी दी, दिल्ली चुनाव से 20 दिन पहले फैसला

एजेंसी

नई दिल्ली । गृह मंत्रालय ने प्रवर्तन निदेशालय को आप के संयोजक अरविंद केजरीवाल पर मनी लॉन्ड्रिंग का केस चलाने की मंजूरी दे दी है। दिल्ली के एलजी विनय सक्सेना भी केजरीवाल पर केस चलाने की इजाजत दे चुके हैं।

ईडी को यह मंजूरी इसलिए लेनी पड़ी, क्योंकि सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि सरकारी कर्मचारियों पर मुकदमा चलाने के लिए ऐसा करना होगा। ईडी ने पिछले साल पीएमएलए कोर्ट में केजरीवाल के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की थी। इसमें शराब नीति घोटाले में केजरीवाल को आरोपी बनाया था। ईडी को यह मंजूरी ऐसे

समय मिली है, जब दिल्ली में 5 फरवरी को विधानसभा चुनाव होने हैं। रिजल्ट 8 फरवरी को आएगा। दिल्ली के एलजी वीके सक्सेना ने 11 जनवरी को ईडी को शराब नीति मामले में केजरीवाल के खिलाफ केस चलाने की इजाजत दे दी। ईडी ने 5 दिसंबर को एलजी से केजरीवाल के खिलाफ ट्रायल चलाने की अनुमति मांगी थी।

ओएमआर सीट सही तरीके से नहीं भरने पर उम्मीदवारी रद्द करना सही : हाईकोर्ट

संवाददाता

रांची । झारखंड हाईकोर्ट के जस्टिस आनंद सेन की कोर्ट में बुधवार को अधिक अंक होने के बाद भी जेपीएससी की पीटी परीक्षा में चयनित नहीं होने के खिलाफ दाखिल याचिका पर सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान जेपीएससी के जवाब से सहमति जताते हुए अदालत ने प्रार्थी को राहत देने से इनकार कर दिया। अदालत ने कहा कि ओएमआर शीट सही से भरना जरूरी है। ऐसे में जेपीएससी द्वारा उम्मीदवारी रद्द करने का निर्णय सही है। इस संबंध में प्रार्थी कृष्णानंद पांडेय सहित अन्य की ओर से याचिका दाखिल की गई थी। मामले की सुनवाई के दौरान जेपीएससी की ओर से अधिवक्ता प्रिंस कुमार ने अदालत को बताया कि प्रार्थी ने ओएमआर शीट सही तरीके से नहीं भरा था। रोल नंबर सहित कुछ अनिवार्य कॉलम को भी सही से नहीं भरा गया था।

इसलिए, उनका पीटी परीक्षा में चयन नहीं किया गया है। उनकी ओर से हाईकोर्ट के पूर्व के आदेश को हवाला दिया गया। पूर्व में हाई कोर्ट ने कहा था कि परीक्षा के दौरान ओएमआर शीट सही तरीके से भरना अनिवार्य है। ऐसा नहीं करने पर किसी को राहत नहीं दी जा सकती है। प्रार्थी की ओर से बताया गया कि जेपीएससी द्वारा पीटी परीक्षा का रिजल्ट और आंसर शीट जारी किया गया है। उसमें निर्धारित अंक से उनका अधिक प्राप्तांक है। लेकिन, उनका चयन पीटी परीक्षा में नहीं किया गया है, जो गलत है।

सीएम नीतीश की अध्यक्षता में लड़ा जाएगा 2025 का चुनाव : एनडीए

एजेंसी

पश्चिम चम्पारण । बगहा नगर के बबुई टोला खेल मैदान में बुधवार को भव्य एनडीए कार्यकर्ता सम्मेलन का आगाज़ किया गया।इस भव्य कार्यकर्ता सम्मेलन में एनडीए ने 225 सीट का लक्ष्य तय किया। इस सम्मेलन में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल, जदयू

प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा, लोजपा (रामविलास) के प्रदेश अध्यक्ष राजू तिवारी, हम के प्रदेश अध्यक्ष अनिल कुमार, राष्ट्रीय लोक मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष मदन चौधरी, केंद्रीय राज्य मंत्री सतीश चंद्र दुबे समाज कल्याण मंत्री जनक चमार और वाल्मीकिनगर सांसद सुनील कुमार आदि ने मंच साझा किया।

जेपीएससी सिविल सेवा परीक्षा मामले की अगली सुनवाई पांच को

संवाददाता

रांची । झारखंड हाई कोर्ट में प्रथम और द्वितीय जेपीएससी सिविल सेवा परीक्षा की सीबीआई जांच कराने वाली बुद्धदेव ऊरांव की जनहित याचिका की सुनवाई बुधवार को हुई।

हाई कोर्ट के जस्टिस रंगोन मुखोपाध्याय और जस्टिस अरुण कुमार राय की खंडपीठ ने सीबीआई को मामले में दायर आरोप पत्र को कोर्ट के रिकॉर्ड में लाने का निर्देश दिया। इससे पूर्व सीबीआई की ओर से कोर्ट को बताया गया कि मामले में रांची की सीबीआई की अदालत में आरोप पत्र दाखिल हो चुका है। इस संबंध में स्टेटस रिपोर्ट दाखिल रने के लिए समय दिया जाए। इस पर कोर्ट ने अगली सुनवाई पांच फरवरी तय की है। पिछली सुनवाई में खंडपीठ ने सीबीआई को जेपीएससी प्रथम एवं द्वितीय गड़बड़ी से संबंधित केस नंबर आरसी 5/2012 और आरसी 6/2012 के अनुसंधान की स्थिति पर जवाब मांगा था। जेपीएससी प्रथम परीक्षा गड़बड़ी मामले में 4 मई को, 2024 को सीबीआई ने केस नंबर आरसी 5/2012 में सीबीआई की विशेष अदालत में आरोप पत्र दाखिल किया था। इसमें सीबीआई ने जेपीएससी के तत्कालीन अध्यक्ष डॉ. दिलीप प्रसाद, वरीय सदस्य गोपाल प्रसाद, सदस्य राधा गोविंद नागेश, सदस्य शांति देवी, परीक्षा नियंत्रक एलिस उषा रानी सिंह समेत 37 लोगों को आरोपित बनाया था। इनके अलावा अपर समाहर्ता रैंक के अधिकारी सीमा सिंह, सुषमा नीलम सोरेन, कुंवर सिंह पाहन, ज्योति कुमारी झा, अलका कुमारी, मोहनलाल मरांडी, राम नारायण सिंह, सुदर्शन मुर्मू, जेम्स सुरीन, जितेंद्र मुंडा, पूनम कच्छप, राजीव कुमार, संजीव कुमार, अनंत कुमार, परमेश्वर मुंडा, संतोष कुमार गर्ग, कमलेश्वर नारायण एवं विजय वर्मा को आरोपित बनाया है।

समाचार पत्रों ने की न्यूज़ प्रिंट पर से जीएसटी हटाने की मांग

- सरकार की नयी नीति से लोकतंत्र का चौथा खंभा खतरे में
- संकट से निपटने के लिए नई दिल्ली में होगा राष्ट्रीय सम्मेलन

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

रांची । सरकार की नयी नीति से पूरे देश में समाचार पत्रों के समक्ष संकट उत्पन्न हो गया है। मौजूदा संकट को दूर करने के लिए नवगठित अखिल भारतीय समाचार पत्र प्रकाशक - संपादक संघ की बुधवार को रांची प्रेस क्लब में हुई एक महत्वपूर्ण बैठक में अखबारी कागज (न्यूज़ प्रिंट) को पूरी तरह जीएसटी से मुक्त करने की मांग की गई । इस मांग को लेकर संघ आगामी फरवरी माह में नई दिल्ली में राष्ट्रीय स्तर पर सम्मेलन आयोजित करेगा और केन्द्र सरकार से इस समस्या का हल निकालने का आग्रह करेगा ।

बैठक में उपस्थित बिहार , झारखंड , नई दिल्ली समेत विभिन्न राज्यों के चार दर्जन से अधिक समाचार पत्रों के प्रकाशकों - संपादकों ने कहा कि आज देश के समाचार पत्र कई कठिनाइयों के दौर से गुजर रहे हैं और इन्हें दूर करने के लिए संघ निरंतर प्रयास करेगा । बैठक में लिए गए निर्णय के अनुसार समाचार पत्र प्रकाशक - संपादक संघ की ओर से समाचार पत्रों खासकर अखबारी कागज (न्यूज़ प्रिंट) को जीएसटी से

मुक्त करने और प्रिंट मीडिया के विज्ञापनों पर लगने वाले जीएसटी को पूरी तरह समाप्त करने के मुद्दे को प्रमुखता से उठाया जाएगा । संघ की बैठक में इस मुद्दे पर सर्वसम्मति बनी कि यदि अखबारी कागज (न्यूज़ प्रिंट) पर जीएसटी को तत्काल वापस नहीं लिया जाता है तब तक प्रसार जांच की नई पॉलिसी को स्थगित रखने के साथ-साथ सरकार इसकी समीक्षा के लिए एक आयोग का गठन करे और आयोग समाचार पत्रों के समक्ष सरकार के स्तर पर उत्पन्न कठिनाइयों को दूर करने के संबंध में गहन अध्ययन कर एक प्रतिवेदन केंद्र सरकार को समर्पित करें । बैठक के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए संघ के प्रवक्ता अशोक कुमार व कमल किशोर ने बताया कि में प्रकाशकों ने एक स्वर से कहा कि यदि सरकार ने नयी नीति लागू की तो देश में नब्बे प्रतिशत समाचारपत्र बंद हो जाएंगे जिसके कारण प्रिंट मीडिया से प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से जुड़ें लगभग पांच करोड़ पत्रकार व गैर पत्रकार बेरोजगार हो जाएंगे। आज हिंदी समेत सभी भाषाई अखबारों के समक्ष अस्तित्व का संकट उत्पन्न हो गया है और इससे लोकतंत्र के चौथे स्तंभ पर सीधा खतरा दिख रहा है । उन्होंने कहा कि इससे देश की अर्थव्यवस्था पर बहुत बड़ा प्रभाव पड़ेगा और पूरे देश के समक्ष बेरोजगारी को लेकर अलग तरह का बड़ा संकट उत्पन्न हो जाएगा ।

इसके साथ 6 वर्षों से विज्ञापन दर को संशोधित करने के मामले को लंबित रखे जाने के समाधान किए जाने पर जोर दिया गया। संघ की ओर से कहा गया है कि अखबारी कागज, स्याही , मुद्रण में प्रयुक्त होने वाली अन्य सामग्रियों पर जीएसटी लागू किए जाने से अखबार प्रकाशन की लागत में काफी वृद्धि हुई है।

जबकि दूसरी ओर डीएवीपी का विज्ञापन दर पिछले 6 वर्षों से संशोधित नहीं किया गया है। बैठक में सर्वसम्मति से आगामी 10 फरवरी को नई दिल्ली के प्रेस क्लब ऑफ इंडिया या कांस्टीट्यूशन क्लब में समाचार पत्र प्रकाशकों - संपादकों का एक सम्मेलन आयोजित किया जाएगा जिसमें समाचार पत्र उद्योग की समस्याओं पर विस्तार से चर्चा होगी और इस सिलसिले में समस्याओं के समाधान के लिए संघ का शिष्टमंडल प्रधानमंत्री , केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव, सूचना एवं प्रसारण सचिव विचार - विमर्श और आग्रह करेगा । बैठक में कमल किशोर , रजत गुप्ता, अशोक कुमार, प्रेम शंकर, विनय कुमार, श्रीराम अम्बष्ट, विनय वर्मा, राहुल सिंह, रोहित दत , देवन राय, संजय पोद्दार, नित्यानंद शुक्ला , एस एम खुर्शीद, मंगल पांडेय सम्पूर्णानंद भारती , सौरभ सिंह, अविनाश चन्द्र ठाकुर , नवल सिंह , मधुकर सिंह, मो रहमतुल्लाह, संतोष पाठक , मुस्तकीम आलम, अनश रहनुमा समेत बड़ी संख्या में प्रकाशक - सम्पादक उपस्थित थे।

रामचंद्र चंद्रवंशी ने राजनीति से लिया संन्यास

गढ़वा। पूर्व मंत्री रामचंद्र चंद्रवंशी ने राजनीति से सन?यास ले लिया। मकर संक्रांति पर उन?होंने अपने राजनीतिक सफर और भविष्य की योजनाओं पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने जनता के सहयोग और विश्वास के लिए आभार व्यक्त किया। चंद्रवंशी ने चार बार विधायक और दो बार मंत्री बनने का श्रेय जनता को दिया। उम्र का हवाला दिया चुनावी हार पर चंद्रवंशी ने कहा कि लोकतंत्र में हार-जीत स्वाभाविक है। जनता का निर्णय सर्वोपरि है। उन्होंने उम्र का हवाला देते हुए चुनावी राजनीति से सन्यास लेने का निर्णय लिया। हालांकि समाजसेवा और विकास कार्यों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दोहराया। सतबहिनी झरना पर विचार सतबहिनी झरना के विकास को लेकर चंद्रवंशी ने कहा, ÷अपने कार्यकाल में मैंने जितना संभव था, विकास कार्य किए। अब इसे आगे बढ़ाने की जिम्मेदारी नए विधायक पर है। यदि जनता को मेरी आवश्यकता होगी, तो मैं हमेशा सहयोग के लिए तैयार हूं।अधूरे सपनों का उल्लेख चंद्रवंशी ने अपने अधूरे सपनों के बारे में बात करते हुए विश्रामपुर और मझिआंव को अनुमंडल बनाने की जरूरत बताई। उन्होंने कहा कि 102 योजनाओं का शिलान्यास क्षेत्र के विकास में मील का पत्थर साबित होगा।

भंडारीदह रेलवे फाटक दो दिनों तक रहेगा बंद

धनबाद । रेलवे लाइन मरम्मत कार्य को लेकर गोमो-बरकाकाना रेल खंड में भंडारीदह रेलवे फाटक 16 और 17 जनवरी को दिन सुबह दस बजे से शाम छः बजे तक बंद रहेगा। इस दौरान मरम्मत कार्य किया जायेगा। यह जानकारी धनबाद मंडल के वरीय अनुभाग अभियंता ने चंद्रपुरा लोकल व रेल थाना को पत्र लिखकर दी। वहीं रेल फाटक बंद रहने से खासकर आर-पार रहने वालों को परेशानी जरूर होगी।

मुख्य सचिव ने कोल ब्लॉक शुरू करने में आ रही समस्याओं के शीघ्र निराकरण के दिए निर्देश

रांची । मुख्य सचिव अलका तिवारी ने सरकार के जरिये आवंटित सभी 34 कोल ब्लॉकों को शुरू करने में आ रही समस्याओं का यथाशीघ्र निराकरण करने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि जितनी जल्द ये कोल ब्लॉक शुरू होंगे, उतनी ही जल्दी उस इलाके में आर्थिक गतिविधियां शुरू होंगी। इससे जहां रोजगार के नये अवसर पैदा होंगे, वहीं राज्य सरकार के राजस्व में भी इजाफा होगा। मुख्य सचिव बुधवार को आवंटित कोल ब्लॉकों को शुरू करने में आ रही समस्याओं के निराकरण को लेकर समीक्षा कर रही थीं। समीक्षा के दौरान पाया गया कि अधिकांश आवंटित कोल ब्लॉकों को शुरू करने में जमीन अधिग्रहण, रेट की गणना, मुआवजा, फॉरेस्ट क्लियरेंस, भूमि हस्तांतरण, कोल ब्लॉक की जमीन से गुजरने वाले नाला, नदी और सड़क को लेकर समस्याएं आ रही हैं। कुछ जगहों पर विधि व्यवस्था की भी समस्या सामने आई। मुख्य सचिव ने सभी संबंधित उपायुक्तों को निर्देश दिया कि इन समस्याओं का समाधान एक समय सीमा के भीतर करें। समीक्षा के दौरान ही 34 में से 4 कोल ब्लॉक पलामू का राजहारा, लातेहार का तुबेद, हजारीबाग जिला में स्थित बदाम और मोइत्रा जेएस डब्ल्यू से अविलंब खनन करने की स्थिति स्पष्ट हो गयी। ये कोयला खदान सप्ताह भर के भीतर ऑपरेशनल हो जायेंगे। साथ ही अन्य 9 कोल ब्लॉकों की समस्या का भी निराकरण लगभग कर लिया गया। इनका ऑपरेशन भी यथाशीघ्र होने की संभावना है। बाकी बचे अन्य कोल ब्लॉकों को लेकर मुख्य सचिव ने निर्देश दिया कि इनकी समस्या का भी समाधान कर जितनी जल्द हो सके उसे ऑपरेशनल करें।

गांधीनगर सीसीएल अस्पताल,में हृदय रोग संबंधी निःशुल्क चिकित्सीय शिविर आज

रांची। । सीसीएल के केंद्रीय अस्पताल गांधीनगर, काँके रोड में बृहस्पतवार को प्रातः 9 बजे से निःशुल्क हृदय रोग संबंधी चिकित्सीय शिविर (कार्डियक क्लिनिक) का आयोजन किया गया है। इस शिविर में यशोदा अस्पताल, हैदराबाद के प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ. प्रमोद कुचलाकान्ति (सीनियर कार्डियोलॉजिस?ट) हृदय रोग से ग्रसित मरीजों का जाँच करेंगे एवं चिकित्सीय सलाह देंगे। हृदय रोग से ग्रसित सभी मरीज इस निःशुल्क शिविर का लाभ उठा सकते हैं। मरीज के पास यदि पुराने ईलाज की रिपोर्ट/जाँच के पेपर हों तो उसे अवश्य अपने साथ लाये। सीएमडी, सीसीएल, निलेन्दु कुमार सिंह के मार्गनिर्देशन में सीसीएल ने अपने कर्मियों के साथ-साज के हर वर्ग के लिए यह शिविर लगा रही है।

फार्मेसी काउंसिल के रजिस्ट्रार को पदमुक्त करने की मांग

रांची । झारखंड फार्मेसी छात्र संघ ने स्वास्थ्य मंत्री को पत्र लिखकर फार्मेसी कार्उंसिल के रजिस्ट्रार को पत्र लिखकर उनके निबंधन को रद्द करने और रजिस्ट्रार के पद से मुक्त करने की मांग की है। संघ ने स्वास्थ्य मंत्री को लिखे पत्र में बताया कि झारखंड फार्मेसी कार्उंसिल के निबंधक-सह-सचिव प्रशांत कुमार पांडेय का निबंधन झारखंड के साथ बिहार में भी पाया गया है। इनका बिहार में निबंधन क्रमांक 20670 तथा झारखंड में 00083 है। प्रशांत कुमार पांडेय, झारखंड में जन औषधि केंद्र के साथ चार अन्य दवा दुकान में भी जुड़े हैं। वहां प्रशांत कुमार पांडेय अपना फार्मासिस्ट का सर्टिफिकेट दिए हैं। बिहार राज्य में भी इनके नाम पर दवा दुकान चल रहा है। यह एक संगीन अपराध की श्रेणी है तथा ड्रग एंड कॉस्मेटिक एक्ट 1940 व फार्मेसी एक्ट 1948 का उल्लंघन है।

चार बच्चों को लेकर प्रेमी के संग फरार हो गई पत्नी, पति पहुंचा थाने

रामगढ़ । शहर के नई सराय में एक 33 वर्षीया महिला चार बच्चों को लेकर प्रेमी के संग फरार हो गई। यह मामला तब उजागर हुआ जब पत्नी और बच्चों की तलाश में भटकता पति रामगढ़ थाने पहुंचा। घटना 30 दिसंबर, 2024 की है। बताया गया है कि मूल रूप से बिहार राज्य के नवादा जिला अंतर्गत फतेहपुर गांव का रहने वाला शहाबुद्दीन पत्नी रूबी खातून, 10 वर्षीया बेटी जैनब परवीन, 9 वर्षीया बेटी आफिया परवीन, 7 वर्षीय बेटा मो. जफर और 5 वर्षीय बेटा मो. जैद के साथ नई सराय बस्ती में किराए के मकान में रह रहा था। वह जिस मकान में वह रहता था वहीं आजम खान भी किराएदार था। शहाबुद्दीन ने पुलिस को बताया कि आजम खान ने ही उसकी पत्नी को प्रेम जाल में फंसाया और उसे अपने साथ ले गया है। शहाबुद्दीन ने पुलिस को बताया कि वह पहले रामगढ़ के बिहार फाउंड्री प्लांट में काम करता था। जब वहां उसका काम छूटा तो उसे गाजियाबाद की एक फैक्टरी में काम मिला। वह काम करने के लिए जब गाजियाबाद चला गया तो आजम खान का लगातार उसकी पत्नी रूबी खातून से मिलना-जुलना शुरू हो गया। शहाबुद्दीन ने इस बात पर आपत्ति जताई तो उन दोनों का मिलना तो बंद हुआ लेकिन फोन पर बातें जारी रहीं। कई बार शहाबुद्दीन ने पत्नी को आजम खान के साथ बात करते हुए पकड़ा भी था। शहाबुद्दीन की पत्नी रूबी से आखिरी बार 29 दिसंबर, 2024 को बात हुई थी। उसने उसे बताया था कि एक जनवरी को वह रामगढ़ उसके पास आने वाला है। जब वह पहुंचा तो देखा कि ना तो उसकी पत्नी थी और ना ही चारों बच्चे। उसने मकान मालिक और आसपास के लोगों से पूछा तो पता चला कि 30 दिसंबर को उसकी पत्नी और चारों बच्चे आजम खान के साथ चले गए हैं।

कर्नाटक में मिलीं रांची से गायब दोनों लड़कियां

संवाददाता

रांची । राजधानी रांची के हिंदपीढ़ी थाना क्षेत्र से गायब दोनों लड़कियों को पुलिस ने कर्नाटक से बरामद कर लिया है। एक वरीय अधिकारी ने बुधवार को इसकी पुष्टि की है। दोनों लड़कियां सुरक्षित हैं और उन्हें पुलिस की टीम रांची लेकर लौट रही है।

हिंदपीढ़ी की रहने वाली दोनों लड़कियां 11 जनवरी की शाम से गायब थी। परिजनों ने अपहरण की आशंका जताते हुए थाने में एफआईआर दर्ज कराई थी। अज्ञात ऑटो चालकों पर मामला दर्ज किया गया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए आईजी ने एक स्पेशल टीम का गठन कर दोनों गायब लड़कियों को जल्द से जल्द ढूंढ लाने का टास्क दिया था। तकनीकी शाखा के सहयोग से

रांची पुलिस को यह सूचना मिली कि दोनों लड़कियां कर्नाटक में हैं। इसके बाद पुलिस की एक टीम ने कर्नाटक पुलिस की सहायता से दोनों को बरामद कर लिया।

दोनों लड़की रहनुमा परवीन (20)और अमरीना अगसर(18) 11 जनवरी को आधार कार्ड को सुधार कराने के लिए अपने घर से कांटा टोली स्थित मंगल टावर गई थी। दोपहर एक बजे आधार कार्ड सुधार कराने के बाद दोनों लड़कियां एक ऑटो से हिंदपीढ़ी स्थित अपने घर जाने के लिए बातचीत की। ऑटो चालक दोनों लड़कियों को हिंदपीढ़ी पहुंचाने के बजाय दूसरे रास्ते पर ले जाने लगा। इसपर दोनों लड़कियों को संदेह हुआ तो उसने अपने पिता को फोनकर घटना की जानकारी दी। पिता ने बताया कि बातचीत होने के दौरान चालक ने उनकी पुत्रियों से मोबाइल छीन लिया। इसके बाद दोनों पुत्रियों से उनकी बातचीत नहीं हुई। मामले को लेकर परिजनों ने अपहरण की एफआईआर दर्ज करवाई थी। लड़कियों के गायब होने के मामले में गत मंगलवार को राज्य सरकार के मंत्री इरफान अंसारी भी लड़कियों के परिजनों से मिलने के लिए पहुंचे थे। परिजनों को आश्वासन भी दिया था कि शीघ्र लड़कियों को खोज लिया जाएगा।

नीड बेस्ड टीचर नियुक्ति में अतिथि शिक्षकों को नहीं दी जा रही प्राथमिकता, विरोध

संवाददाता

रांची । रांची विश्वविद्यालय में नीड बेस्ड असिस्टेंट प्रोफेसर नियुक्ति में अतिथि शिक्षकों को प्राथमिकता नहीं देने का आरोप अतिथि शिक्षक संघ ने लगाया है। इसे लेकर बुधवार को अतिथि शिक्षकों ने विश्वविद्यालय परिसर पहुंच कर विरोध भी जताया।संघ के अध्यक्ष डॉ अरविंद प्रसाद ने कहा कि नीड बेस्ड असिस्टेंट प्रोफेसर नियुक्ति के लिए 17 से डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन होनेवाला है। लेकिन राज्य सरकार के निर्देश के बावजूद अतिथि शिक्षकों को प्राथमिकता नहीं दी जा रही है।जिस प्रकार से मेरिट लिस्ट तैयार किया जा रहा है।इससे प्रतीत होता है कि प्राथमिकता नहीं मिलने वाली है।उसमें बहुत कम ही अतिथि शिक्षकों की बहाली संभव है।

इस सूची में बाद में भरे गये आवेदन पर विचार भी नहीं किया गया है।कई ऐसे विषय हैं, जिनमें सीट ही नहीं हैं। डॉ प्रसाद ने कहा कि वे लोग विवि व कॉलेज में उस समय से सेवा कर रहे हैं, जिस समय शिक्षकों की काफी कमी थी। अब विश्वविद्यालय की स्थिति थोड़ी सुधरी, तो आठ वर्ष से अधिक समय से कार्य कर रहे शिक्षकों को हटा दिया गया।यह न्याय संगत नहीं है।विवि ने प्राथमिकता का मापदंड भी स्पष्ट नहीं किया।प्रेम शंकर तिवारी ने कहा कि वह सामान्य वर्ग से आते हैं, लेकिन उनके विषय में भी सीट नहीं है।विश्वविद्यालय के साथ-साथ उच्च शिक्षा विभाग ने उन लोगों के साथ छलावा किया है।

शादी का झांसा देकर दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

सरायकेला । शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने के आरोपी को कोवाली पुलिस ने बुधवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। इस संबंध में कोवाली थाना क्षेत्र की पीड़िता को सरायकेला खरसावां जिला के नीमडीह थाना अंतर्गत चंगरीडीह गांव निवासी पारसनाथ गोप से फेसबुक पर प्यार हुआ। प्यार परवान चढ़ा तो प्रेमी पारस ने युवती को शादी का प्रलोभन दिया और शारीरिक संबंध बनाए। फिर पारस पीड़ित युवती से शादी करने से इनकार कर दिया। तब युवती मजबूर होकर कोवाली थाना पहुंची और पारसनाथ गोप के विरुद्ध शिकायत दर्ज कराई। शिकायत करते ही थाना प्रभारी धनंजय पासवान ने थाना कांड संख्या -01/25 दर्ज करते हुए आरोपी पारसनाथ गोप को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

झारखंड में प्रदेश स्तर पर युवा महोत्सव कराएगी सरकार : मंत्री सुदिव्य सोनू

संवाददाता

रांची । पर्यटन, कला, संस्कृति, खेलकूद और युवा कार्य मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू ने नई दिल्ली में 10 से 12 जनवरी तक आयोजित राष्ट्रीय युवा महोत्सव में हिस्सा लेकर लौटे प्रतिभागियों को बुधवार को सम्मानित किया। मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार झारखंड में भी राज्य स्तर पर युवा महोत्सव कराएगी, जहां पूरे राज्य से प्रतिभागी भाग लेंगे। युवाओं के विचार और उनकी प्रतिभा राज्य के विकास में सहायक होगी। मंत्री न राष्ट्रीय युवा महोत्सव में भाग लेकर लौटे प्रतिभागियों को बधाई देते हुए कहा कि आपने न केवल हमारे राज्य का नाम रोशन किया है, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा भी बने हैं। उन्होंने युवाओं की सराहना करते हुए कहा कि आपकी मेहनत और समर्पण ने यह साबित कर दिया है कि हमारे राज्य के युवा किसी से कम नहीं हैं। साथ ही कहा कि झारखंड के युवाओं में प्रतिभा की कमी नहीं है। वे हर क्षेत्र में परचम लहराने की क्षमता रखते हैं। बस जरूरत है उन्हें बेहतर मार्गदर्शन की। इसमें सरकार उन्हें हर संभव सहयोग प्रदान करेगी ताकि वे अपने लक्ष्यों को प्राप्त कर सकें। मंत्री ने कहा कि ज्ञान प्राप्त करने का सबसे सरल तरीका किताबें हैं, उनसे चीजों को परखने की क्षमता आती है। आज की पीढ़ी बहुत तेज है। युवा तर्क करने की क्षमता को विकसित करें। सवाल पूछने की आदत को विकसित करें। युवाओं का जोश और ऊर्जा राज्य और देश के विकास की नींव है। साथ ही कहा कि शहर, गांव और राज्य मजबूत होगा तभी देश भी मजबूत होगा।

धनबाद के हिलटॉप आउटसोर्सिंग में हिंसक झड़प के मुख्य आरोपित का भाई गिरफ्तार

धनबाद । पुलिस ने बीसीसीएल एरिया-3 के बाबुडीह में संचालित हिलटॉप आउटसोर्सिंग में 9 जनवरी को हुए हिंसक झड़प और बाघमारा एसडीपीओ पर हमले के मुख्य अभियुक्त जेएमएम नेता कारु यादव के भाई वीरेंद्र यादव सहित सात लोगों को बुधवार को बोकारो से गिरफ्तार किया है। धनबाद के ग्रामीण एसपी कपिल चौधरी ने बताया कि पुलिस की टीम ने मधुबन कांड के मुख्य अभियुक्त कारू यादव के भाई को गिरफ्तार कर लिया है। उन्होंने बताया कि कारू यादव का भाई वीरेंद्र यादव एक साथी लखन राम महतो के साथ बोकारो में दो लोगों के यहां छिपे थे। उन्हें आवास देने वाले दोनों मालिकों के साथ धर-दबोचा गया है। उन्होंने बताया कि इन दोनों ने पूछताछ में कांड में न सिर्फ अपनी संलिप्तता जाहिर किया है, बल्कि घटना के दौरान बम और गोलियों चलाने की बात भी स्वीकार किया है। इतना ही नहीं इनकी निशानदेही पर घटना स्थल के समीप स्थित रतन विश्वकर्मा की दुकान से एक देशी पिस्टल, 5 कारतूस और एक बम बरामद किया गया है। एसपी ने बताया कि इस मामले में आज कुल 7 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इसके साथ अब इस घटना में कुल केस की संख्या 9 हो गई है जबकि अबतक इस कांड में कुल 14 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने कहा कि जल्द ही इस घटना के मुख्य आरोपित कारू यादव को भी पुलिस धर दबोचेगी।

जेपीएससी सिविल सेवा परीक्षा मामले में झारखंड हाई कोर्ट में अगली सुनवाई पांच फरवरी को

रांची । झारखंड हाई कोर्ट में प्रथम और द्वितीय जेपीएससी सिविल सेवा परीक्षा की सीबीआई जांच कराने वाली बुद्धदेव उरांव की जनहित याचिका की सुनवाई बुधवार को हुई। हाई कोर्ट के जस्टिस रंगोन मुखोपाध्याय और जस्टिस अरुण कुमार राय की खंडपीठ ने सीबीआई को मामले में दायर आरोप पत्र को कोर्ट के रिकॉर्ड में लाने का निर्देश दिया। इससे पूर्व सीबीआई की ओर से कोर्ट को बताया गया कि मामले में रांची की सीबीआई की अदालत में आरोप पत्र दाखिल हो चुका है। इस संबंध में स्टेटस रिपोर्ट दाखिल करने के लिए समय दिया जाए। इस पर कोर्ट ने अगली सुनवाई पांच फरवरी तय की है। पिछली सुनवाई में खंडपीठ ने सीबीआई को जेपीएससी प्रथम एवं द्वितीय गड़बड़ी से संबंधित केस नंबर आरसी 5/2012 और आरसी 6/2012 के अनुसंधान की स्थिति पर जवाब मांगा था। जेपीएससी प्रथम परीक्षा गड़बड़ी मामले में 4 मई को, 2024 को सीबीआई ने केस नंबर आरसी 5/2012 में सीबीआई की विशेष अदालत में आरोप पत्र दाखिल किया था। इसमें सीबीआई ने जेपीएससी के तत्कालीन अध्यक्ष डॉ. दिलीप प्रसाद, वरीय सदस्य गोपाल प्रसाद, सदस्य राधा गोविंद नागेश, सदस्य शांति देवी, परीक्षा नियंत्रक एलिस उषा रानी सिंह समेत 37 लोगों को आरोपित बनाया था। इनके अलावा अपर समाहर्ता रैंक के अधिकारी सीमा सिंह, सुषमा नीलम सोरेन, कुंवर सिंह पाहन, ज्योति कुमारी झा, अलका कुमारी, मोहनलाल मरांडी, राम नारायण सिंह, सुदर्शन मुर्मू, जेम्स सुरीन, जितेंद्र मुंडा, पूनम कच्छप, राजीव कुमार, संजीव कुमार, अनंत कुमार, परमेश्वर मुंडा, संतोष कुमार गर्ग, कमलेश्वर नारायण एवं विजय वर्मा को आरोपित बनाया है। वहीं, सीबीआई ने जेपीएससी द्वितीय परीक्षा गड़बड़ी मामले में केस नंबर आरसी 6/2012 में जेपीएससी के तत्कालीन अध्यक्ष डॉ. दिलीप प्रसाद समेत 70 आरोपितों के खिलाफ सीबीआई की विशेष अदालत में आरोप पत्र दाखिल किया है। झारखंड में प्रथम और द्वितीय जेपीएससी परीक्षा में गड़बड़ी की जांच का आदेश झारखंड हाई कोर्ट ने साल 2012 में सीबीआई को दिया था। 12 साल से अधिक समय तक सीबीआई ने की मामले की अनुसंधान पूरी कर दोनों मामलों में आरोप पत्र दाखिल किया है।

चौठिया में तीन हाथियों ने मचाया उत्पात

पूर्वी सिंहभूम । चाकुलिया प्रखंड के बड़ामारा पंचायत के चौठिया गांव में विगत मंगलवार की रात तीन हाथियों के एक दल ने जमकर उत्पात मचाया। हाथियों ने गांव में स्थित श्री नंद भोग आटा चक्की परिसर में घुसकर परिसर में लगे केला के पौधों को तहस नहस कर दिया। हाथियों ने आटा चक्की परिसर की चहारदीवारी को तोड़ दिया। आटा चक्की के मालिक अजय कुमार शर्मा ने बताया कि विगत रात्रि तीन हाथियों ने चक्की परिसर में जमकर उत्पात मचाया। उन्हें भारी नुकसान हुआ है। फिलहाल हाथियों का झुंड चौठिया के बूडीसोल जंगल में शरणागत है। हाथी द्वारा बार बार इस तरह से उत्पात मचाये जाने को लेकर लोगों में दहशत का माहौल है।

जीएम ने विभागाध्यक्षों के साथ की समीक्षा बैठक

हाजीपुर । पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक श्री छत्रसाल सिंह ने बुधवार को मुख्यालय, हाजीपुर में विभागाध्यक्षों, मंडलों क मंडल रेल प्रबंधक एवं अन्य अधिकारियो क साथ एक उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की गयी । इस बैठक में महाप्रबंधक द्वारा पूर्व मध्य रेल पर चल रहे यात्री सुविधा एव आधारभ त संरचनाक विकास से जुड़ेकार्यों की समीक्षा की । समीक्षा बैठक में महाप्रब धक ने निर्माण परियोजनाओं तथा रेल विकास से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता से पूरा करने का दिशा-निर्द श दिया । उन्होंने कहा कि हमें रेलवे क प्रत्येक क्षेत्र में नई तकनीक का ज्यादा-से-ज्यादा प्रयोग करनाहोगा ताकि लोगों की अपेक्षा पर खर उतरते हुए उन्हे बेहतर परिणाम दे सकें । महाप्रबंधक श्री छत्रसाल सिंह ने कहा कि गाड़िया का समय-पालन, इन्फ्रास्टंक्चर का विकास एव विस्तार, अमृत भारत स्टेशनों क कार्य में तेजी लाने, माल लदान, राजस्व में वृद्धि, स्वच्छता एव कर्मचारी कल्याण हमारी प्राथमिकताओं में शामिल है।

राज्यपाल ने राष्ट्रीय युवा महोत्सव के प्रतिभागियों से किया संवाद

रांची । राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने नई दिल्ली में आयोजित 'राष्ट्रीय युवा महोत्सव' में झारखंड का प्रतिनिधित्व कर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों से राजभवन में संवाद किया। उन्होंने प्रतिभागियों के उल्लेखनीय प्रदर्शन और राज्य का राष्ट्रीय स्तर पर गौरव बढ़ाने के लिए उन्हें हार्दिक बधाई दी। साथ ही प्रतिभागियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना करते हुए उन्हें सम्मानित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। राज्यपाल ने युवाओं की प्रतियोगिता में भागीदारी की सराहना करते हुए कहा कि किसी विषय को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत करना और अन्य राज्यों की संस्कृति एवं सोच को समझना युवाओं के व्यक्तित्व विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने प्रतिभागियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि वे अपने कार्यों और उपलब्धियों से न केवल राज्य, बल्कि देश का नाम भी रोशन करें। राज्यपाल से संवाद के क्रम में प्रतिभागियों ने अपने अनुभव साझा किया। स्वाति राज ने कहा कि उन्होंने %विकसित भारत 2047% पर अपने विचार रखे। तीन मिनट के सम्बोधन के क्रम में उन्होंने पोषण, जीरो हंगर, कानून-व्यवस्था, विरासत, युवा रोजगार और अमृतकाल जैसे विषयों पर अपने विचार साझा किए। साथ ही शुभांगी राज ने कहा कि उन्होंने %विकास भी, विरासत भी पर अपनी प्रस्तुति दी। उन्होंने इस दौरान प्रधानमंत्री के साथ संवाद और उनके साथ भोजन को अपने जीवन का गौरवपूर्ण और अविस्मरणीय क्षण बताया।

भुरकुंडा पहुंची सीआईडी की टीम, मनोज सिंह की खंगाली कुंडली

रामगढ़ । अपराध अनुसंधान विभाग (सीआईडी) में दर्ज कांड संख्या 31/24 के आरोपित मनोज कुमार सिंह की कुंडली खंगालने के लिए बुधवार को सीआईडी की टीम रामगढ़ जिले के भुरकुंडा क्षेत्र में पहुंची। मनोज कुमार सिंह पर भुरकुंडा ओपी में रंगदारी और गुंडागर्दी के संबंध में एक जून 2024 को प्राथमिकी 143/24 दर्ज हुई थी। इस प्राथमिकी में धमकी देने का आरोप लगाया गया था। बाद में इस मामले की गंभीरता को देखते हुए, इस मामले की जांच को सीआईडी ने अपने जिम्मे ले लिया। तत्कालीन ओपी प्रभारी अभिषेक कुमार ने एक अक्टूबर 2024 को इस मामले की जांच सीआईडी को सौंप दिया था। इसी मामले की जांच के लिए सीआईडी की टीम भुरकुंडा पहुंची। टीम ने इस मामले से संबंधित सभी लोगों का बयान दर्ज किया और साक्ष्य के रूप में कुछ कागजात की जांच की। ज्ञात हो कि इस मामले के आरोपी ने न्यायालय मे ज़मानत की अर्जी लगाई थी। मगर मामला सीआईडी कोर्ट का होने के कारण ज़मानत नहीं मिली।

मधुबन कांड : आजसू का छह सदस्यीय प्रतिनिधि मंडल एसएसपी से मिला

धनबाद । धनबाद के मधुबन थाना क्षेत्र में गत नौ जनवरी को घटी घटना को लेकर बुधवार को आजसू पार्टी के छह सदस्यीय समिति धनबाद के वरीय पुलिस अधीक्षक एचपी जनार्दन से मिला। इस दौरान उन्होंने इस घटना में बिना मतलब गिरिडीह से आजसू सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी का नाम घसीटने और घटना के मुख्य आरोपितों को गिरफ्तार कर उनपर कानून सम्मत कार्रवाई करने की मांग की। उल्लेखानीय है कि इस घटना में पुलिस ने गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी पर भी मुकदमा दर्ज किया है। इस समिति में मांडू विधायक निर्मल महतो, पूर्व विधायक गोमिया लम्बोदर महतो सहित अन्य शामिल थे।

खूंटी में अफीम की खेती करने के आरोप में चार गिरफ्तार

खूंटी । जिला पुलिस ने बुधवार को खूंटी और अड़की थाना क्षेत्रों में अफीम के खेतों में काम कर रहे चार लोगों को गिरफ्तार किया है। खूंटी एसडीपीओ वरुण रजक ने बुधवार को कार्यालय में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि गिरफ्तार आरोपितों में खूंटी थाना क्षेत्र के रिदड़ी गांव निवासी सुकू मुंडा (25) और घाघरा गांव निवासी मंगरा मुंडा (20) के अलावा अड़की थानांतर्गत ग्राम मारंगबेड़ा निवासी लक्ष्मण स्वांसी (31) और बिरसा स्वांसी (21) शामिल हैं। मौके पर पुलिस ने चार कुदाल, एक पानी पटाने वाला मोटर और पाइप बरामद किया है। इस संबंध में खूंटी और अड़की थानों में अलग-अलग मामले दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

आपत्तिजनक स्थिति में महिला-पुरूष को ग्रामीणों ने पकड़ा, बनाया बंधक

दुमका । जिले के सरैयाहाट थाना क्षेत्र के जमुनिया गांव में बीते रात आपत्तिजनक स्थिति में पकड़े जाने पर एक व्यक्ति और एक महिला को ग्रामीणों ने करीब 20 घंटे तक बंधक बनाकर मारपीट किया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस बुधवार की सुबह जब सरैयाहाट पुलिस बंधकों को छुड़ाने गई, तो ग्रामीणों ने पुलिस के साथ भी मारपीट की। जानकारी के अनुसार पांचूबाद गांव के विश्वनाथ सोरेन का जमुनिया गांव की एक शादीशुदा महिला से प्रेम-प्रसंग चल रहा था। गुरुवार की रात जैसे ही विश्वनाथ महिला से मिलने उसके घर गया, तो ग्रामीणों ने उसे और महिला को बंधक बनाकर जमकर पीटाई की। सुबह जब सरैयाहाट पुलिस को इसकी जानकारी हुई तो पुलिस गांव पहुंच जब बंधकों को छुड़ाने का प्रयास किया, तो ग्रामीणों ने पुलिस के साथ भी धक्का मुक्की शुरू कर दी और पुलिस को भी बंधक बना लिया। जिसके बाद काफी संख्या में पुलिस गांव पहुंच आक्रोशित लोगों को समझा-बुझा कर शांत करा बंधकों को छुड़ाया। ग्रामीणों और महिला के पति का आरोप था कि उक्त युवक का महिला के साथ शारीरिक संबंध है और अक्सर रात को वो महिला के घर आता है। घटना के बाद पुलिस ने बंधकों को छुड़ाने के बाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सरैयाहाट में ईलाज कराया। साथ ही दो पक्षों में हुई मारपीट में घायल कई लोगों का ईलाज भी कराया गया। वहीं दूसरी ओर घटना के सरैयाहाट प्रखंड के माथाकेशो पंचायत की पूर्व मुखिया तलामय सोरेन ने भी सरैयाहाट थाना में आवेदन देकर जमुनिया गांव के कई लोगों पर मारपीट का आरोप लगाया है। पूर्व मुखिया ने अपने दिए आवेदन में बताया है कि गांव में हुए झगड़े को लेकर वो आपसी सुलह के लिए अपनी बेटी के साथ जमुनिया गांव गई थी।

परीक्षार्थी को फूल देकर छात्र छात्रों का स्वागत

साहिबगंज संताल एक्सप्रेस। मॉडल कॉलेज राजमहल में कदाचारमुक्त स्वच्छ शांतिपूर्ण परीक्षा संपन्नडॉ रणजीत कुमार सिंह प्राचार्य सह केंद्राधीक्षक पहली बार सिदो कान्हु मुर्मू विश्वविद्यालय दुमका ने मॉडल कॉलेज राजमहल को परीक्षा केंद्र बनाया गया।सिदो कान्हु मुर्मू विश्वविद्यालय दुमका के परीक्षा नियंत्रक डॉ जय कुमार साह ने पत्र जारी कर मॉडल कॉलेज राजमहल को बीसीए बीबीए सेमेस्टर टू (सत्र 2023 26) 2024 जो 15 जनवरी 2025 से प्रारंभ । डॉ रणजीत कुमार सिंह ने आशा व्यक्त की है कि भविष्य में भी मॉडल कॉलेज राजमहल के छात्र छात्राओं के सुविधा के लिए गृह केंद्र बनाने पर सिदो कान्हु मुर्मू विश्वविद्यालय दुमका विचार करें । परीक्षा केंद्र बनाए जाने से राजमहल के छात्र छात्राओं अभिभावक बुद्धिजीवी आदि लोगों में खुशी का माहौल है । दिनांक 15 जनवरी 2025 को मॉडल कॉलेज राजमहल में प्राचार्य डॉ. रणजीत कुमार सिंह प्राचार्य सह केंद्राधीक्षक के नेतृत्व में सफल परीक्षा का संचालन किया गया। साहिबगंज कॉलेज साहिबगंज, बी एस के कॉलेज बरहरवा का केंद्र मॉडल कॉलेज राजमहल का बनाया गया है।परीक्षा में कुल 35 छात्र छात्राओं में 32 उपस्थित 3 अनुपस्थित रहे। परीक्षा शांतिपूर्वक कदाचारमुक्त स्वच्छ वातावरण में आयोजित किया गया।परीक्षा प्रारंभ से पहले प्रवेश द्वार पर परीक्षार्थी का एडमिटकार्ड चेक किया गया व अन्य आनाआवश्यक सामान लेकर आना प्रवेश निषेद किया गया। मोबाइल फोन या कोई भी गैजेट नहीं लाने का हिदायत दी गई। प्राचार्य , शिक्षक कर्मी ने इस उपलब्धि पर बधाई दिया और कहा की हमारा कॉलेज दिन-प्रतिदिन नई ऊंचाइयों को छू रहा है। परीक्षा नियंत्रक डॉ विवेक कुमार महतो ने अहम भूमिका निभाई।

सिविल सर्जन ने स्वास्थ्य केंद्र का किया निरीक्षण

संताल एक्सप्रेस साहिबगंजसाहिबगंज/सिविल सर्जन डॉश्र प्रवीण कुमार संथालिया के द्वारा प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र उधवा का औचक निरक्षण किया गया। निरक्षण के दौरान सिविल सर्जन महोदय के द्वारा ओपीडी पेशेंट वार्ड, उपस्थिति पंजी, प्रसव कक्ष, चिकित्सक एएनएम ड्यूटी रोस्टर एवं अस्पताल में साफ- सफाई आदि को देखे। सिविल सर्जन महोदय के द्वारा उपस्थित चिकित्सक एवं पारामेडिकल कर्मीयों को आवश्यक दिशा -निर्देश देते हुए अस्पताल में भर्ती सभी मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा प्रदान करने को कहा गया! मौके पर सभी पारामेडिकल कर्मी मौजूद थे।

गरीबों के बीच कंबल का वितरण

पतना प्रखंड के छोटा रांगा पंचायत में कड़कड़ाती ठंड को देखते हुए। ऐसे लाभुकों को दिया गया। जो गरीब, लाचार, असहाय के सूची में आते हैं। कंबल का वितरण पंचायत सचिव शशि चंदा कुमारी एवं मुखिया लुखी हेंब्रम के अध्यक्षता में जरूरतमंदों के बीच कंबल वितरण किया गया। पंचायत अध्यक्ष जीसू मरांडी ने बताया कि जरूरतमंदों के सभी लोगों का सूची बना कर गरीब लोगों को कंबल दे कर मदद की गई। धर्म और जाति बंधन से दूर हटकर ठंड के मौसम में कंबल का वितरण किया जाता है।उक्त मौके पर झामुमो पंचयात अध्यक्ष -जिसू मरांडी ,पंचयात सचिव -मछवा हेम्ब्रम, मुखिया -लुखी हेम्ब्रम, उप मुखिया -कुंवर मुर्मू,मों अकबर अंसारी,महेश साह, मतीम अंसारी,वार्ड-मेरि सोरेन,दुला, एवं झामुमो कार्यकर्तागण मौजूद थे।

मिहिजाम में रसोई महल रेस्टोरेंट का उद्घाटन, स्वादिष्ट भोजन का नया ठिकाना

मिहिजाम- नगर के स्टेशन रोड पर रसोई महल रेस्टोरेंट का उद्घाटन एक शानदार कार्यक्रम के रूप में हुआ। उद्घाटन समारोह में अदिति नामक बालिका ने फीता काटकर रेस्टोरेंट की शुरुआत की। इस अवसर पर शहर के व्यापारी और गणमान्य लोग भी उपस्थित थे। रेस्टोरेंट के खुलने पर मिहिजाम के लोग खुश नजर आए, क्योंकि नगर में इस तरह के रेस्टोरेंट की कमी महसूस हो रही थी।प्रबंधन समिति के सदस्य राहुल साह, दीपक गुप्ता और सुकेश कुमार ने बताया कि रसोई महल में वेज और नॉनवेज दोनों प्रकार के स्वादिष्ट व्यंजन उपलब्ध होंगे। यह रेस्टोरेंट मिहिजाम के खाने के शौकिनों को एक नया स्वाद और आरामदायक वातावरण प्रदान करेगा। अब नगरवासियों को बाहर के शहरों में जाने की जरूरत नहीं, वे यहां से ही स्वादिष्ट भोजन का आनंद ले सकेंगे।

एक दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट का हुआ समापन

नाला (जामताड़ा)-- जामजोड़ी में सिंह ब्रदर्स के द्वारा विगत 10 वर्षों से क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया जा रहा है उक्त टूर्नामेंट का भाजपा युवा नेता मनोज गोस्वामी तथा जामजोरी पंचायत के मुखिया प्रमिला मुर्मू के द्वारा संयुक्त रूप से फिता काटकर किया गया। उद्घाटन मैच में जीएमसी 11 और कंचन 11 के बीच पांच पांच ओवरों का मैच खेला गया पांच ओवर में जीएमसी 11 ने 34 रन बनाया जवाबी पारी में जवाबी पारी में 35 रन बनाकर कंचन 11 ने जीत हासिल किया। देर शाम उत्त टूर्नामेंट का फाइनल मैच में अमित 11 और कंचन 11 के बीच खेला गया कंचन 11 के द्वारा तीन ओवर में 44 रन के जवाब में दो ओवर 3 गेंद में लक्ष्य पूरा कर सात विकेट से जीत हासिल किया। पुरस्कार वितरण कार्यक्रम में विजेता टीम को मनोज गोस्वामी के द्वारा ट्रॉफी लता नगर ?35 अध्याय का सम्मानित किया गया तथा उपविजेता टीम को पंचायत के मुखिया प्रमिला मुर्मू के द्वारा ?3000 तथा ट्रॉफी देखा सम्मानित किया गया।इस अवसर पर फतेहपुर थाना प्रभारी राजेंद्र गुप्ता के द्वारा मैन ऑफ द मैच ट्रॉफी देकर उक्त खिलाड़ी को सम्मानित किया गया। साथ-साथ पंचायत के मुखिया ने दर्शकों का उत्साह बढ़ाते हुए खेल के प्रति रुचि को लेकर कहा कि दूरदराज से खिलाड़ी यहां खेलने के लिए आते हैं उनको अच्छी व्यवस्था दी जाती है कमेटी के द्वारा।उक्त कार्यक्रम में परितोष सिंह, अर्जुन सिंह, दुबई सिंह, विष्णु प्रसाद सिंह ,मनोज रजक ,प्रदीप सिंह, बबलू मोची, तपन मोची आदि मौजूद थे।

अबुआ आवास योजना में वास्तविक व योग्य परिवारों को नहीं मिल रहा है योजना का लाभ

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

उधवा। झारखंड सरकार ने गरीबों को अपना घर देने के उद्देश्य से एक महत्वाकांक्षी योजना अबुआ आवास योजना संचालित की जा रही है। लेकिन जिस लक्ष्य के साथ यह योजना लायी गई है धरातल पर सही ढंग से खरा उतर नहीं पा रही हैं। वैसे गरीब और टट्टी फूस व कच्ची घर में लोग आज भी निवास कर रहे हैं, इस योजना से वंचित है। उधवा में सैकड़ों परिवार ऐसे हैं जिन्हें टट्टी फूस व वास्तविक में कच्चा मकान रहने के बावजूद प्रखंड कर्मियों के टीम द्वारा निर्धारित अंक से बहुत कम अंक दिया गया है। जिसके कारण वास्तविक गरीब लोग योजना के लाभ पाने से वंचित रह गए हैं।

जबकि घर निर्माण करने की जरूरत सबसे पहले थी।ताजा मामला उधवा के मोहनपुर पंचायत अंतर्गत लालबथान की है। लाभुक तालामय हांसदा ने बताया कि पिछले वर्ष पंचायत में लगे सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में अबुआ आवास योजना हेतु आवेदन किया था। मेरा अबुआ आवास की सूची में 176 वां रैंक दिया गया है। जबकि मेरा घर कच्ची है। मैं योजना का लाभ मिलने का तथा घर बनाने के लिए एक वर्ष से उम्मीद लगाए बैठी हूं,लेकिन आज तक अबुआ आवास योजना के तहत घर नहीं मिला है। मैं गरीब एवं आदिवासी महिला हूं। लाभुक ने मामले को लेकर बीते 10 दिसंबर को उधवा बीडीओ जयंत तिवारी को आवेदन देकर मामले से अवगत करा चुके हैं। लेकिन अभी तक उनके खाते में राशि भुगतान नहीं किया गया है। लाभुक ने अबिलंव घर बनाने की स्वीकृत कराते हुए राशि भुगतान करने की मांग किया है।

गोड़ाबाड़ी साप्ताहिक हाट की हुई डाक

संताल एक्सप्रेस साहिबगंज साहिबगंज। नगर परिषद सभागार में बुधवार को वित्तीय वर्ष 24-25, 25-26 व 26-27 तक के लिए गोदाबाड़ी साप्ताहिक हाट के लिए डाक हुई। बंदोबस्तीकर्ता नगर परिषद कार्यपालक पदाधिकारी सह प्रशासक की निगरानी में प्रक्रिया पूरी की गई। सैरात की बोली में मो शमीम, आफताब आलम व मो शहबाज आलम ने गोड़ाबाड़ी साप्ताहिक हाट एवं मीट, मछली व मुर्गा बाजार की बोली लगाई। मो शमीम ने 3895151 रुपये की अंतिम बोली लगा डाक अपने नाम कर ली। बंदोबस्ती समिति मेंअकाउंट ऑफिसर कुमारी पूर्णिमा,एनआरईपी ईई देवी लाल हांसदा, सिटी मैनेजर बीरेश कुमार शामिल थे। मौके पर मनी प्रकाश सिंह, अताउर रहमान खान, सन्तोष तांती, राकेश पासवान, सुभाष चंद्र सिंह, कनीय अभियंता अभिषेक कुमार, कौशिक कुमार, राजन राज, संजय मरांडी व अन्य मौजूद थे।

डीआरएम ने अमृत भारत स्टेशन के कार्यों का किया निरीक्षण

संताल एक्सप्रेस साहिबगंज मालदा रेल मंडल के प्रबंधक मनीष कुमार गुप्ता ने बुधवार को साहिबगंज में अमृत भारत स्टेशन के तहत हो रहे सौंदर्यीकरण कार्य का निरीक्षण किया। इसके पूर्व डीआरएम स्पेशल सैलून से सकरीगली स्टेशन पहुंचे। जहां साइडिंग का निरीक्षण किया। इसके उपरांत साहिबगंज पहुंचे। यहां डीआरएम ने रनिंग रूम, क्रू बुकिंग लॉबी, अमृत भारत स्टेशन कार्य सहित रेलवे के कई प्रतिष्ठानों का जायजा लिया। डीआरएम ने स्टेशन परिसर में हुए कार्यों का बारिकी से निरीक्षण किया। निरीक्षण के उपरांत डीआरएम ने कहा कि साहिबगंज में अमृत भारत स्टेशन के तहत पहले फेज का कार्य का अभी कुछ कार्य बाकी है। उन्होंने कहा कि कार्य कर रही एजेंसी को गुणवत्ता पर ध्यान देने के निर्देश दिया है। अमृत भारत स्टेशन के कार्य फरवरी तक पूरी होने की उम्मीद है। कहा कि इस कार्य में किसी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। यात्रियों को बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने की दृष्टिकोण से हर संभव प्रयास किया जा रहे हैं। यात्रियों के सामान की जांच के लिए लगे स्क्रिनिंग मशीन को जल्द ठीक कराने की बात कही। वहीं कहा कि बैंक अगर स्टेशन में एटीएम लगाने का प्रस्ताव दे तो उन्हें जगह उपलब्ध कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि रेल की ज़मीन को अतिक्रमण मुक्त कराने की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। तीसरी लाइन का प्रस्ताव अभी सर्वे स्टेज में है। डीआरएम ने कहा कि यहां स्टाफ में कमी आयी है। उनकी जरूरतों के अनुसार व्यवस्थाओं को उनके अनुरूप व्यवस्थित किया जाएगा। रेल खंड में लोगों की जरूरत के अनुसार ट्रेन चलाई जा रही है। अन्य ट्रेन के संचालन या किसी स्टेशन पर ठहराव की मांग पर लोगों की जरूरत का आकलन कराया जाएगा। मौके पर सीनियर डीसीएम मिस अंजन, डीएससी ए के कुल्लू, सीनियर डीईई चंद्र कुमार पटेल, सीनियर डीएसटीई आदित्य अंबर, सीनियर डीओएम/एमएलडीटी अमरेंद्र कुमार मौर्य, सीनियर डीएमई रत्नेश कुमार, डीएफएम प्रवीण कुमार, डीपीओ इंद्रजीत, सी पी एम/ जी एस यू आर वी नागरले, डीईई भीमराज धन्ना व आरपीएफ इंस्पेक्टर क्रिस्टोफर किस्कू व अन्य मौजूद थे।

मकर संक्रांति के माह में ब्रह्मा पूजन आयोजन,व भोग वितरण

सताल एक्सप्रेस साहिबगंजसाहिबगंज जिले के नगर थाना के समीप ब्रह्म स्थान पर नगर थाना के एएस आई प्रमोद कुमार के द्वारा मकर संक्रांति व ब्रह्मा पूजन का आयोजन किया गया इस दौरान प्रमोद कुमार के द्वारा कई वर्षों से चली आ रही परंपरा को निभाते हुए ब्रह्मा पूजन का आयोजन किया। जहां एएस आई प्रमोद कुमार पंडित के साथ वैदिक मंत्र उच्चारण के साथ पूजा अर्चना धूमधाम कि साथ ही प्रसाद का भी वितरण करवाया। जहाँ बड़ी संख्या में श्रद्धालुओ ने ब्रह्मस्थान पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया बताया गया कि ब्रह्मा,विष्णु और महेश,इन त्रिमूर्तियों को कौन नहीं जानता है 7 एक और जहां ब्रह्मा जी की सृष्टि का रचयिता माना जाता है, तो वहीं भगवान विष्णु को संसार का पालनहार और भगवान शिव को संहार का देवता माना जाता है7 इन त्रिदेवों में से भगवान विष्णु और भगवान शिव की पूजा पूरी दुनिया में होती है लेकिन ब्रह्मा जी की पूजा संसार में कहीं नहीं होती है 7 ब्रह्मा जी सृष्टि के रचयिता होने के साथ-साथ वेदों के भी देवता माने जाते हैं7 उन्होंने ही हमें चार वेदों का ज्ञान दिया है7 हिंदू धर्म के अनुसार,उनकी शारीरिक संरचना भी बेहद अलग है7 चार चेहरे और चार हाथ एवं चारों हाथों में एक-एक वेद लिए ब्रह्मा जी अपने भक्तों का कल्याण करते हैं लेकिन इन देव की पूजा कोई नहीं करता यूं तो धरती लोग पर ब्रह्मा जी के कई मंदिर है लेकिन वहां ब्रह्मा जी की पूजा करना वर्जित माना गया है7 पौराणिक कथाओं के अनुसार एक बार ब्रह्मा जी के मन में धरती की भलाई के लिए यज्ञ करने का ख्याल आया अब यज्ञ के लिए जगह की तलाश करनी थी इसके लिए उन्हें अपनी बांह से निकलते हुए एक कमल को धरती लोक की ओर भेजो कहते हैं कि जिस स्थान पर कमल गिरा वहां ब्रह्मा जी का एक मंदिर बन गया जहाँ हर साल कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर बरगद वृक्ष में पूजा अर्चना की जाती है 7 ताकि हमारे देश में लोग अमन और शांति बनी रहे ।

सीनियर ज़िला क्रिकेट लीग कम नॉक आउट टूर्नामेंट

संताल एक्सप्रेस साहिबगंज। ज़िला क्रिकेट संघ के तत्वाधान में सिदो-कान्हू स्टेडियम में चल रहे सीनियर क्रिकेट लीग टूर्नामेंट में बुधवार को सीएबी येलो, बरहरवा बनाम माही स्पोर्ट्स येलो के बीच मैच खेला गया। सीएबी बरहरवा ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करते हुए 26.5 ओवर में 115 रन बना कर ऑल आउट हो गई। सादाब हुसैन ने 15, लुकेश राहुल ने 41, मुरली ने 15 रनों की पारी खेली। माही स्पोर्ट्स येलो के गेंदबाज वमीक नईम ने 4, रौनक दूबे ने 3, उमर व राहुल ने 1-1 विकेट लिया। जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी माही स्पोर्ट्स येलो की टीम ने 7.3 ओवर में बिना किसी नुकसान के 119 रन बना कर 10 विकेट से मैच जीत लिया। आदित्य ज्ञान ने नाबाद 66 व अनाउल्लाह अंसारी ने नाबाद 36 रनों की पारी खेली। माही स्पोर्ट्स येलो के खिलाड़ी आदित्य ज्ञान को मैन ऑफ दी मैच घोषित किया गया। मुख्यातिथि डॉ सुमित ने आदित्य ज्ञान को मैन ऑफ दी मैच की ट्रॉफी से पुरस्कृत किया। मैच में अंपायरिंग मो अशफाक आलम व प्रभाकर सिंह उर्फ गुड्डा एवं स्कोरिंग कुमार सुमन सौरभ ने किया। मौके पर जिला क्रिकेट संघ सचिव अंकुर सिन्हा, सतीश सिन्हा, गोपाल सिंह, राकेश कुमार रोशन, मो जुनैद व अन्य मौजूद थे। टूर्नामेंट इंचार्ज मो अशफाक आलम ने बताया कि 16 जनवरी को न्यूबीज बनाम यंग स्टार क्रिकेट क्लब, राजमहल के बीच मैच खेला जाएगा।

परीक्षा में बच्चों को बेहतरीन अंक प्राप्त करने हेतु प्रशिक्षण

कुंडहित (जामताड़ा) - उत्क्रमित उच्च विद्यालय बाबूपुर, कुंडहित का जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान पबिया जामताड़ा के संकाय सदस्य तैय्यब अंसारी द्वारा अनुश्रवण एवं अनुसमर्थन किया गया। उन्होंने राज्य द्वारा संचालित योजनाएं प्रोजेक्ट रेल , प्रोजेक्ट इंपैक्ट, विद्यालय स्वास्थ्य एवं कल्याण कार्यक्रम आदि का अनुश्रवण किया और शिक्षकों को कई सुझाव दिए । साथ ही आगामी मैट्रिक परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन के लिए कक्षा दसवीं के छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहित किया। उन्होंने छात्र-छात्राओं को परीक्षा के बेहतर तैयारी हेतु एवं परीक्षा के दौरान समय प्रबंधन परीक्षा में ज्यादा से ज्यादा अंक प्राप्त करने आदि रणनीतियों पर चर्चा किया। इसके अतिरिक्त विद्यालय के सभी शिक्षकों के साथ बैठक कर मैट्रिक परीक्षा में बेहतर परिणाम के लिए विभिन्न रणनीतियों पर चर्चा किए। विद्यालय के प्रधानाध्यापक ने आगामी परीक्षा में शत प्रतिशत परिणाम के लिए प्रतिदिन विद्यालय में मॉडल प्रश्नों पर तीन घंटे का परीक्षा आयोजित करने की बात कहा और बच्चों को हर तरह से सहयोग और प्रोत्साहित करने के लिए सभी शिक्षक उत्साहित दिखे। इस दौरान बी पी एम हसीब अंसारी, प्रधानाध्यापक आशीष कुमार फौजदार, सी आर पी हिमाद्रि मंडल, शिक्षक अनिर्बान घोष विवेकानंद मॉडल विमल गोरी गौरांग मंडल मोहम्मद आजाद हुसैन झरना गोराई, सबीना महालिक, एमरेन दिया हंसदा, तनुजा दास आदि उपस्थित थे।

सोहराय मिलन समारोह का आयोजन,

राजमहल। प्रखंड क्षेत्र के मंगलहाट स्थित पावर ग्रिड संग्रामपुर मैदान में बुधवार को उक्त गांव के स्टार क्लब संग्रामपुर की ओर से सोहराय मिलन समारोह का कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक प्रतिनिधि मो मारूफ उर्फ गुड्डू व राजमहल थाना प्रभारी गुलाम सरवर ने फीता काट कर किया।इससे पहले सभी मुख्य अतिथियों को कमेटी की ओर से आदिवासी पारंपरिक संस्कृति रीति रिवाज से स्वागत करते हुए अंग वस्त्र दिया गया।इस दौरान मुंबई के हिन्दी फिल्म के गायक प्रतीक मिश्रा, संथाली फिल्म के कलाकार दुमका बड़का सोरेन सहित संथाली,नागपुरी,खोरटा, हिन्दी के कलाकारों ने गीतकार अपना परिचय देते हुए झारखंड की संस्कृति कलाकृतियां पर प्रदर्शन करते हुए कलाकारों ने एक से बढ़कर एक प्रदर्शन किया।मौके पर झारखंड एवं बिहार तथा पश्चिम बंगाल के अन्य कलाकार स्टेज शो प्रोग्राम कर दर्शकों का मन मोह लिया।इस दौरान झारखंड के विभिन्न जिलों के अलावे साहिबगंज जिले के संथाली गायक विमल कुमार साह, एवं मनिष टुडू शामिल हुए।इससे पहले धनबाद के महान चित्रकार महावीर शामी को शहीद वीरों का कलाकृति प्रदर्शन के कार्य करने में विकास यादव एवं सुभाष चंद्र दास के द्वारा अंग वस्त्र से सम्मानित किया।मौके पर विकास यादव,अजय दास, सुदर्शन पासवान, उज्वल साह, सुभाष चंद्र दास, अन्य जनप्रतिनिधि सहित कमेटी के सदस्य उपस्थित थे।

भागवत कथा से सकारात्मक उर्जा का होता है संचार: डीआरएम

संताल एक्सप्रेस साहिबगंज साहिबगंज स्थित अयोध्या धाम में 15 जनवरी से 22 जनवरी तक चलने वाले श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के शुभारंभ पूर्व शहर में हजारों महिलाओं के द्वारा भाजपा किसान मोर्चा के राष्ट्रीय मंत्री व समाजसेवी बजरंगी प्रसाद यादव के नेतृत्व में भव्य कलश शोभा यात्रा निकाला गया। कलश शोभा यात्रा समापन उपरांत साहिबगंज अयोध्या धाम में मालदा डिवीजन के डीआरएम मनीष कुमार गुप्ता ने दीप प्रज्वलित कर कथा का उद्घाटन किया। इस अवसर श्री गुप्ता ने कहा श्रीमद्भागवत कथा ऐसी कथा है, जो जीवन के उद्देश्य एवं दिशा को दर्शाती है। इसलिए जहां भी भागवत कथा होती है, इसे सुनने मात्र से वहां का संपूर्ण क्षेत्र दुष्ट प्रवृत्तियों से खत्म होकर सकारात्मक ऊर्जा से सशक्त हो जाता है। कार्यक्रम में क्षेत्रवासी सहित आयोजन समिति के सदस्यगण शामिल थे।

विधायक प्रतिनिधि ने मृतक के परिजनों से मिले,सरकारी सहायता मुहैया कराने का दिया भरोसा

उधवा।राधानगर थाना क्षेत्र के पूर्वी उधवा पंचायत के केवल टोला गांव के अरूण मंडल की गोड्डा में बीते 10 जनवरी को सड़क हादसे में मौत हो गई थी। इस घटना की जानकारी मिलते ही राजमहल विधायक प्रतिनिधि मारुफ उर्फ गुड्डू ने मृतक के घर पहुंचकर परिजनों से मिलकर उनका हालचाल जाना और इस दुखद घटना को लेकर दुःख प्रकट किया। विधायक प्रतिनिधि ने सांसद की ओर से दस हजार और विधायक प्रतिनिधि की ओर से दस हजार रुपए प्रदान किया। इस दौरान विधायक प्रतिनिधि मारुफ उर्फ गुड्डू ने कहा कि प्रशासन की ओर से सरकारी सहायता हर हाल में मुहैया कराया जाएगा और उन्होंने आगे भी सहयोग करने की बात कही है। मौके पर नसीम अख्तर, कुंदन कुमार साहा, विश्वजीत मंडल, सुक्का शेख, मंजूर आलम , अयुब शेख समेत अन्य मौजूद थे, जिन्होंने भी इस दुखद घटना पर दुःख प्रकट किया और मृतक के परिजनों को सांत्वना दी।

आपसी जमीनी विवाद में मारपीट में एक पक्ष के पिता व पुत्र घायल

साहिबगंज। शहर के मुफस्सिल थाना क्षेत्र अंतर्गत छोटी कोदर्जनना में बुधवार को जमीन विवाद में दो गोतिया आपस मे भीड़ गए। इसमे एक पक्ष के पिता व पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजनों ने घायल पिता व पुत्र को इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया है। घायल में छोटी कोदर्जनना के शेख लाज़िम व पुत्र मो. सफरुद्दीन है। घायल सफरुद्दीन ने बताया कि जमीन विवाद को लेकर गोतिया के ही शेख इसराफिल के साथ कहा सुनी हो रही थी। इस दौरान इसराफिल, उसका पुत्र मो. फिरोज, पोता मो. जाहूल, मो. आरिफ, मो. एहसान पर मारपीट का आरोप लगाते हुए बताया कि मामूली बात पर वे लोग लाठी-डंडे से प्रहार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया है। वही घायल का इलाज सदर अस्पताल में चल रहा है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

पिकअप वैन ने बच्चे को मारी टककर

साहिबगंज। जिले के तीनपहाड़ थाना क्षेत्र के ग्राम वृंदावन में बुधवार को पढ़ने के लिए आंगनबाड़ी जा रहे एक सात वर्षीय बच्चे को पिकअप वैन ने जोरदार टक्कर मार दी।जिससे बच्चा गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल बच्चा को इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया है। बताया जाता है कि घायल बच्चा तीनपहाड़ के ग्राम वृंदावन रहने वाले अमजद अंसारी का 7 वर्षीय पुत्र माहरूफ़ अंसारी है। परिजन ने बताया कि बच्चा गांव में ही पढ़ने के लिए आंगनबाड़ी जा रहा था। तभी सामने से तेज रफ्तार से आती पिकअप वैन ने जोरदार टक्कर मार दी इसमें बच्चा के सिर में गंभीर चोट लगी है। उधर बच्चा का इलाज सदर अस्पताल में डॉ के देखरेख में चल रहा है।

सूखती साड़ी बनी फांसी का फंदा घायल

साहिबगंज । बुधवार को जिला मुख्यालय अंतर्गत ग्राम पुरानी साहिबगंज के एक घर में एक अविश्वसीय घटना घटित हुई है।जिसमें एक 8 वर्षीया बच्ची दुर्गा कुमारी गंभीर रूप से घायल हो गई।दरअसल उक्त घायल बच्ची अपने घर के आंगन में एक सूखती साड़ी के साथ खेल रही थी।खेल ही खेल में उस अज्ञान बच्ची ने उक्त साड़ी को अपने गले में लपेटकर झूले की माफिक बना दिया।अब फंदा तो फंदा होता है।उस फंदे ने उस बच्ची को जकड़ लिया जिससे उसका गला दबने लगा,और वह चिल्लाने लगी,जिसकी आवाज सुनकर पड़ोसियों ने उसे देखा और बचाया।तब तक बच्ची बेहोश हो चुकी थी।आनन फानन में उसे सदर अस्पताल पहुंचाया गया।जहां उसका ईलाज चल रहा है।

पुलिस ने वारंटी के घर चिपकाया इश्तेहार

साहिबगंज। जिरवाबाड़ी पुलिस ने बुधवार को थाना कांड संख्या 166/19 के वारंटी बोरियो थाना क्षेत्र के पथरा निवासी सोनात मरांडी के घर डुगडुगी बजा कर इश्तेहार चस्पां किया। थाना प्रभारी शशि सिंह ने बताया कि वारंटी को कोर्ट में हाजिर करने को लेकर उसके रिश्तेदारों को संदेश दिया गया है।

77 जरूरतमंदों को कम्बल वितरण,

चितरंजन- श्रीश्री मां सत्यधाम मंदिर और आश्रम के प्रमुख स्वामी सत्यानंद ब्रह्मचारी के जन्मदिन के मौके पर एक विशेष आयोजन किया गया, जिसमें 77 गरीब और जरूरतमंदों को कम्बल वितरित किए गए। यह कार्यक्रम मकर संक्रांति के दिन आश्रम परिसर में हुआ, जहां स्थानीय समाजसेवी और गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति ने इसे और भी खास बना दिया। कार्यक्रम के दौरान हाराधन राउत, बांडिल राउत, गोपाल मारांडी, पूजा बुबाई चक्रवर्ती, लालटू राउत, महादेव दे जैसे प्रमुख व्यक्तियों ने इस नेक कार्य में हिस्सा लिया और 77 गरीबों को कम्बल सौंपे। स्वामी सत्यानंद ब्रह्मचारी ने खुद इस वितरण प्रक्रिया की निगरानी की, यह सुनिश्चित करते हुए कि यह कार्य सही तरीके से और पारदर्शिता से संपन्न हो। स्वामी सत्यानंद ब्रह्मचारी के जन्मदिन पर आयोजित इस सामाजिक सेवा कार्यक्रम ने न केवल गरीबों को राहत दी, बल्कि सामुदायिक सौहार्द्र और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना को भी मजबूती दी। इस नेक कार्य के माध्यम से उन्होंने समाज को एकजुट करने का प्रयास किया और लोगों को यह संदेश दिया कि सामाजिक सेवा और एकता से ही असली विकास संभव है।

चोरी मामले में तीन को पुलिस ने लिया रिमांड पर

साहिबगंज। जिरवाबाड़ी थाना क्षेत्र के गोड़ाबाड़ी हाट रोड स्थित एक मकान हुए चोरी मामले में जिरवाबाड़ी थाना पुलिस ने गुरुवार को मंडल कारा में बंद तीन बंदियों को रिमांड पर लिया है। थाना प्रभारी शशि सिंह ने बताया कि न्यायालय के आदेश पर चोरी के आरोप में बंद अखिलेश कुमार, सोनू सिंह व लल्लू को दो दिन के रिमांड पर लिया गया है।

दक्षिण पूर्व रेलवे, ठिका

भारत रेन राष्ट्रपति सेच् खोन, मंडल रेल प्रबंधक (ईएनजीजी), दक्षिण पूर्व रेलवे, रांची-884003 नोआ ई-ठिका नेवतायेत् काना। **खोबोर संख्या: डीआरएमईएनजीजीआरएनसी -06-2025; कामी रेयाक् जुतुम:**टाटीसिलवाई साइडिंग रे 74735 सह 50 मिमी गेज हाई स्टोन मशीन क्रश्ड हार्ड स्टोन ट्रैक गिट्टी बेबोसताय, नोआ रे रेलवे वैगन/हॉपर रे लोडिंग आर रांची मंडल रे अनलोडिंग सेलेत् मेनाक्आ (गंतव्य पर माप किया जाएगा); **ठिका रेयाक् पूंजी: रु.** 11,67,54,753.75; **बायना पायसा: रु.** 7,33,800.00; **ठिका रेयाक् मुचात् तारीक आर सोमोय:** 05.02.2025 हिलोक् 15.00 बजे। ऑनलाइन ठिका लागित् ठिकादार दो वेबसाइट **www.ireps.gov.in** तेको चालाव दाड़ेयाक्आ।

(PR – 1016)

सर्द मौसम की ठिठुरन में धधकता सियासी

राजधानी दिल्ली समेत उत्तर भारत में कड़ाके की ठंड के साथ घने कोहरे की चादर ने जहां आम लोगों का जीवन बुरी तरह प्रभावित करके रख दिया है, वहीं सियासी गलियारा नेताओं की जुबानी जंग से गरमाया हुआ है। इस चुनावी बेला में कोई किसी को चोर तो कोई महाचोर कहने से गुरेज नहीं कर रहा है। इस तरह सफेदपोशों को एक-दूसरे के दामन में दाग ही दाग नजर आ रहे हैं, जिन्हें सत्ता के डिटरजेंट से साफ करने की जुगाड़ भिड़ाने में भी कोई पीछे नहीं रहना चाहता है। घने कोहरे के कारण दृश्यता का बेहद कम हो जाना कोई नई बात नहीं है, लेकिन दिल्ली विधानसभा चुनाव को लेकर सियासी दृष्यता जो पहले कभी साफ नजर आती थी, फिलहाल भ्रमित करने वाली प्रतीत हो रही है। इसकी मुख्य वजह गठबंधन से इतर सभी अपना-अपना दांव खेलने को आतुर हैं। जो पहले कभी दोस्ती की डींगें हांकते थे वो भी खानदानी दुश्मनों की तरह, एक दूसरे को फूटी आंख नहीं सुहा रहे हैं। ऐसे हालात में मौजूदा आम आदमी पार्टी आगे भी दिल्ली की कुर्सी पर विराजमान रहेगी या फिर कांग्रेस या भाजपा किसका दांव सफल होगा यह देखने वाली बात है। आखिर अगली सरकार किसकी होगी? जीत के दावे तो सभी अपने स्तर पर कर ही रहे हैं। जीतने के माकूल कारण भी बखूबी गिनाए जा रहे हैं, लेकिन जनता-जनार्दन जिसे इसका फैसला करना है वह मूक दर्शक बनी सभी को परखने में लगी हुई है। खास बात यह है कि मुफ्त की रेबड़ियां बांटने में कोई पीछे नजर नहीं आ रहा है। इसलिए काम और लोक-लुभावन वादों से चुनाव जीतने वाला फार्मूला इस समय लागू होता नहीं दिख रहा है। जहां तक चुनावी तैयारी की बात है तो यहां चुनाव आयोग विधानसभा चुनाव की तिथि घोषित करता उससे पहले ही आम आदमी पार्टी ने अपने प्रत्याशियों की सूची जारी करते हुए बतला दिया था कि उसके आगे किसी और की चलने वाली नहीं है। यह अलग बात है कि दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर शिकंजा कसा हुआ है और वो बहुत ज्यादा दायं-बांय नहीं हो सकते हैं। मौजूदा सीएम आतिशी पर भी चुनाव आचार संहिता को लेकर मामला दर्ज कराया जा चुका है। मतलब साफ है कि तू डाल-डाल तो मैं पात-पात वाली कहावत को चरितार्थ किया जा रहा है। वैसे भी सवाल यह है कि केंद्र में रहते हुए भाजपा आखिर ऐसा कैसे होने दे सकती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार और खासतौर पर भाजपा दिल्ली चुनाव को लेकर खासी गंभीर नजर आ रही है। अत- पिछले चुनावों की ही तरह इस चुनाव में भी भाजपा नेता लगातार साम-दाम, दंड, भेद की नीति को अपनाए हुए हैं और कोशिश में हैं कि किसी भी तरह से इस बार दिल्ली उनके पाले में आ जाए। वैसे भी प्रधानमंत्री मोदी और गृहमंत्री अमित शाह की जोड़ी सत्ता की कमान संभालने के बावजूद हमेशा ही चुनाव मोड में रहते आए हैं। हर कार्य को चुनावी तराजु में तौलने का कार्य बखूबी किया जाता रहा है। यही वजह है कि सरकारी योजनाओं से लेकर आधारशिलाएं रखने और उद्घाटन करने तक को चुनावों को साधने वाला बताया जाता रहा है। यहां यह नहीं भूलना चाहिए कि इस ठिठुरन में भी प्रधानमंत्री मोदी राजधानी से लेकर जम्मू-कश्मीर तक लोगों को लुभाने का कोई मौका हाथ से जाने नहीं दे रहे हैं। यही वजह है कि चुनावी विश्लेषक कहते दिख जाते हैं कि इस बार दिल्ली में कुछ नया होने वाला है। इस बात में दम भी है, क्योंकि कोहरे के बीच दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से मुंबई के लिए पीएम मोदी जहां उड़ान भरते हैं, वहीं भाजपा नेता दिल्ली चुनाव में बेहतर परिणाम के लिए कमर कस गलि-मोहल्ले में निकलते दिखे हैं। इस ठिठुरन भरी सुबह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से मुंबई के लिए उड़ान भरी।

राजनैतिक पूंजी गंवा चुकी 'आप' के समक्ष किला बचाने की चुनौती

विकास सक्सेना

दिल्ली की सत्ता पर पिछले दस साल से काबिज आम आदमी पार्टी को इस बार के विधानसभा चुनाव में बड़ी चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। अण्णा हजारे के भ्रष्टाचार विरोधी आंदोलन के गर्भ से जन्मे इस राजनैतिक दल के नेता खुद भ्रष्टाचार के गंभीर आरोपों में घिरे हुए हैं। जिस राजनैतिक जमा पूंजी के साथ इस राजनैतिक दल का गठन किया गया था, बीते एक दशक में ही उसके नेताओं ने इसे पूरी तरह गंवा दिया है। पार्टी की स्थापना के समय जो उच्च नैतिक मानदंड और आदर्श स्थापित किया गए थे वे दूर-दूर तक पार्टी नेताओं के व्यवहार में नजर नहीं आ रहे हैं। आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविन्द केजरीवाल विपक्ष के साथ- साथ अपने पूर्व सहयोगियों के भी निशाने पर हैं।

कांग्रेस के नेतृत्व वाली यूपीए सरकार के दूसरे कार्यकाल के दौरान अण्णा हजारे के नेतृत्व में भ्रष्टाचार विरोधी आंदोलन शुरू हुआ। उस समय टू जी स्पेक्ट्रम, कामनवेल्थ गेम्स, आदर्श हाउसिंग सोसाइटी और कोयला घोटाले जैसे लाखों करोड़ रुपये के घपलों के समाचार लगातार मीडिया की सुर्खियां बन रहे थे।

तत्कालीन मनमोहन सिंह सरकार के दौरान हुए घोटालों के खिलाफ सीएजी की रिपोर्ट और न्यायालय के आदेशों से लोगों को लगने लगा था कि सत्ता के शीर्ष पर बैठे लोग या तो खुद भ्रष्टाचार में लिप्त या भ्रष्टाचारियों को उनका संरक्षण प्राप्त है। लगातार दूसरी बार देश की सत्ता पर काबिज होने से कांग्रेस और उसके सहयोगी दलों का दंभ चरम पर था। भ्रष्टाचार से जुड़े हर सवाल के जवाब में वे एक ही बात कहते नजर आते थे कि 2009 के आम चुनाव में दूसरी बार सत्ता सौंप कर देश की जनता ने उन्हें क्लीन चिट दे दी है। ऐसे में समाजसेवी अण्णा हजारे के नेतृत्व में इण्डिया अगेंस्ट करप्शन के बैनर तले दिल्ली के जन्तर-मन्तर पर भ्रष्टाचार के खिलाफ आंदोलन शुरू किया गया। इस आंदोलन की सिर्फ एक मांग थी कि देश में जनलोकपाल बनाया जाए। असीम शक्तियों से सम्पन्न यह जनलोकपाल देश से भ्रष्टाचार को खत्म कर देगा। इसी समय योग गुरू बाबा रामदेव ने भी विदेशों में जमा काले धन को वापस लाने की मांग को लेकर दिल्ली में आंदोलन शुरू किया। जिसे सरकार ने निर्ममता पूर्वक कुचल दिया। देश की जनता राजनेताओं, बड़े कॉरपोरेट घरानों और नौकरशाही की दुरूभि संधि से दिनों-दिन बढ़ते भ्रष्टाचार को अपने दैनिक जीवन में महसूस कर रही थी। जनलोकपाल का जो खाका अण्णा हजारे के आंदोलन के समय पेश किया गया उसे देख कर लोगों ने महसूस किया कि इससे भ्रष्टाचार की समस्या पर काफी हद तक काबू किया जा सकेगा। लेकिन सत्ताधारी कांग्रेस के नेताओं ने जनलोकपाल बनाने की मांग का उपहास करते हुए आंदोलन से जुड़े नेताओं को खुद राजनीति में आकर इस तरह का कानून बनाने की चुनौती दी। अण्णा आंदोलन को देशभर में मिले व्यापक जनसमर्थन और तत्कालीन सत्ताधारी दल कांग्रेस के विरुद्ध तैयार हो रहे जनमत से उत्साहित आंदोलन से जुड़े कुछ नेताओं ने राजनैतिक क्षेत्र में व्याप्त गंदगी को साफ करने के लिए लिए स्वयं इस दलदल में उतरने की योजना बनाई। हालांकि अण्णा हजारे इस आंदोलन से जुड़े लोगों के राजनीति में उतरने के विचार से सहमत नहीं थे।

वैकल्पिक राजनीति के नए विचार के साथ अरविन्द केजरीवाल, प्रशांत भूषण, योगेंद्र यादव, कुमार विश्वास, शाजिया इल्मी आदि ने एक नया राजनैतिक दल बनाने की योजना तैयार की और इसे नाम दिया गया- आम आदमी पार्टी। इस राजनैतिक दल की औपचारिक घोषणा के लिए दिन चुना गया 26 नवम्बर 2012 का ताकि देश की जनता को भारत के संविधान के प्रति पार्टी की प्रतिबद्धता का सीधा संदेश दिया जा सके। संविधान सभा ने 26 नवम्बर 1949 को ही देश के संविधान को स्वीकृति प्रदान की थी। इसी समय पार्टी की विचारधारा को स्पष्ट करते हुए अरविन्द केजरीवाल ने कहा था 'हम आम आदमी हैं। अगर वामपंथी विचारधारा में हमारे समाधान मिल जायें तो हम वहां से विचार उधार ले लेंगे और अगर दक्षिणपंथी विचारधारा में हमारे समाधान मिल जायें तो हम वहां से भी विचार उधार लेने में खुश हैं।' आम आदमी पार्टी की स्थापना के समय सबसे ज्यादा जोर देते हुए कहा गया कि अब तक देश की सत्ता पर काबिज रहे राजनैतिक दलों में तमाम प्रकार के दुर्गुण आ गए हैं।

नया दल इन दुर्गुणों से मुक्त रहकर नए प्रकार से राजनीति करते हुए देश को वैकल्पिक राजनीति का मॉडल देगा। उस समय ऐलान किया गया कि इस दल में 'हाई कमान कल्चर' नहीं होगा, सभी निर्णय सामूहिक तौर पर लिए जाएंगे। पार्टी नेताओं को भ्रष्ट आचरण से दूर रखने के लिए पार्टी का अपना लोकपाल होगा जो सभी नेताओं की निगरानी करेगा।बड़े-बड़े आदर्शों के साथ शुरू हुई आम आदमी पार्टी ने चंद महीनों के भीतर खुद को पारंपरिक राजनीति के अनुरूप ढालना शुरू कर दिया। दिल्ली विधानसभा चुनाव 2013 में पहली बार जनता की अदालत में पहुंची आम आदमी पार्टी के 28 उम्मीदवारों को लोगों ने विधानसभा पहुंचा दिया। सत्ता की चाह में बच्चों की कसम और सभी आदर्शों को भुलाकर अरविन्द केजरीवाल ने कांग्रेस के समर्थन से सरकार बना ली। इसके बाद एक-एक करके उन सारे आदर्शों को तिलांजलि दे दी गई जिनकी बात 26 नवम्बर 2012 को की गई थी। पार्टी के अधिकांश संस्थापक सदस्यों प्रशांत भूषण, योगेंद्र यादव, शाजिया इल्मी, कुमार विश्वास आदि ही नहीं बल्कि पार्टी के आंतरिक लोकपाल एडमिरल रामदास तक को बाहर का रास्ता दिखा दिया गया। आम आदमी पार्टी से जुड़े नेता सत्ताधारी पार्टी के नेताओं को सादगी पूर्ण जीवन की बात कहते हुए छोटे मकान, छोटी कार और सीमित सुरक्षा की नसीहत देते थे

लेकिन सत्ता में आते ही आआपा नेता उन सभी सुख-सुविधाओं को भोगते नजर आ रहे हैं जिसे लेकर वे राजनेताओं की तीखी आलोचना किया करते थे। खासतौर पर अरविन्द केजरीवाल पर कोरोना काल में अपने सरकारी आवास की मरम्मत पर 33 करोड़ रुपये खर्च करने के आरोप लगे। लाखों रुपये के पर्दे, टॉयलेट और टायल्स आदि को लेकर चर्चा में आया उनका आवास शीशमहल के तौर पर आम लोगों के बीच चर्चा का विषय बना हुआ है। इसके अलावा अरविन्द केजरीवाल, मनीष सिसोदिया और सत्येंद्र जैन समेत पार्टी के तमाम नेता और मंत्री महिला उत्पीड़न, धोखाधड़ी और भ्रष्टाचार के गंभीर आरोपों में जेल की हवा खा चुके हैं। जहां तक हाईकमान संस्कृति की बात है तो ऐसा लगता है कि अरविन्द केजरीवाल अब पार्टी के स्थायी राष्ट्रीय संयोजक हो चुके हैं। उनके शब्द पार्टी कार्यकर्ताओं के लिए अंतिम आदेश है और मुख्यमंत्री पद के एकमात्र दावेदार भी वही होंगे। अगर मजबूरी में कोई दूसरा मुख्यमंत्री जैसे संवैधानिक पद पर भी बैठेगा तो उसे 'भरत भाव' में रहना होगा।भ्रष्टाचार विरोधी अण्णा आंदोलन के गर्भ से जन्मी आम आदमी पार्टी की सबसे बड़ी पूंजी उसके नेताओं की भ्रष्टाचार के विरुद्ध प्रतिबद्धता और सादगी पूर्ण जीवन थी। लेकिन इन दोनों मामलों में आआपा नेताओं खासा निराश किया। पहली बार पूर्ण बहुमत की सरकार बनने के बाद दिल्ली में जनलोकपाल बनाने की कोशिश करने वाली आआपा ने पंजाब में सरकार बनने के बाद जनलोकपाल का नाम भी नहीं लिया है। भ्रष्टाचार के आरोपित और सजायाफ्ता नेताओं के साथ मंच साझा किए जा रहे हैं। इतना ही नहीं शराब घोटाले में जेल जाने के बावजूद मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा न देकर अरविन्द केजरीवाल ने आआपा की सारी राजनैतिक पूंजी गंवा दी। दिल्ली विधानसभा चुनाव सीधे तौर पर केजरीवाल के राजनैतिक अस्तित्व से जुड़ा है, ऐसे में उनके पास अपना राजनैतिक किला बचाने के लिए लोकलुभावन घोषणाओं का ही सहारा बचा है।(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)

पाकुड़ की खबरें

हत्या के मामले में पुलिस ने किया एक व्यक्ति को किया गिरफ्तार, भेजा जेल

पाकुड़ । बीते 6 जनवरी को एक व्यक्ति की निर्मम हत्या के मामले में पुलिस ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है जबकि अन्य की गिरफ्तारी को लेकर संभावित ठिकानों पर छापेमारी कर रही है।मामले में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी दयानंद आजाद ने बताया कि पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले के समशेरगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत हिजलतल्ला गांव निवासी मो. आजाद हुसैन की धारदार हथियार से हत्या कर नगर थाना क्षेत्र के सिद्धार्थ नगर मोहल्ले के निकट शव को फेंक दिया था। इधर, मृतक के परिजन के बयान पर प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच की जा रही थी। मुफस्सिल थाना क्षेत्र के भवानीपुर गांव निवासी रूबल शेख को हिरासत में लिया और पूछताछ की पूछताछ के दौरान रूबल ने पुलिस के समक्ष घटना में अपनी संलिप्तता स्वीकारी और घटना को अंजाम देने में शामिल अन्य लोगों का नाम बताया रूबल ने यह भी कहा कि मृतक उसके रिश्तेदार थे।**क्या है पूरा मामला** एसडीपीओ ने बताया कि मृतक की तीन पत्नी है और रिश्तेदारों के साथ जमीन विवाद चल रहा था।इसी कारण उसकी हत्या की गई। आजाद हुसैन को उसके रिश्तेदार रूबल ने उसे बंगाल से पाकुड़ बुलाया था और अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर उसकी हत्या कर दी । सभी मौके से फरार हो गए थे।

डीबीएल रविन्द्रनाथ टैगोर प्रतिमा स्थल का करा रहा है 12 सौंदर्यीकरण

हिरणपुर (पाकुड़)डीबीएल कोल कम्पनी के द्वारा सुन्दरपुर स्थित रविंद्र नाथ टैगोर की प्रतिमा स्थल की सौदर्यीकरण का कार्य बुधवार से प्रारम्भ किया गया। वर्षो पूर्व स्थानीय समाजसेवियों द्वारा इस स्थल पर नेताजी के प्रतिमा स्थापित किया गया गया था। उपायुक्त के निर्देश पर डीबीएल कोल कम्पनी ने सौन्द्रीयिकरण का कार्य प्रारम्भ किया। कम्पनी के अभियंता लव मिश्रा ने जानकारी देते हुए बताया कि उपायुक्त के निर्देश पर सीएसआर मद से प्रतिमा स्थल की सौन्द्रीयिकरण की कार्य की जा रही है। इसमें स्थल के पुराने ढांचे को सुधार कर नवनिर्माण किया जायेगा। वर्षो से अधर में पड़े इस स्थल की सुंदर रूप दिए जाने को लेकर आमलोगों में काफी खुशी देखी जा रही है।

जरूरतमंदों के बीच हुआ कंबल का वितरण

पाकुड़।इशाकपुर पंचायत में मुखिया मिनती देवी की अध्यक्षता में असहाय जरूरतमंद के बीच कंबल का वितरण किया गया।जिसमें बुजुर्ग,वृद्ध एवं दिव्यांगों भी शामिल थे।ठंड के प्रकोप को देखते हुए सरकार की ओर से प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी सभी पंचायत में कंबल का वितरण सा समय होना हैं। जिसके लिए समय पर पंचायत में कंबल उपलब्ध करा दिए गया।इशाकपुर पंचायत के मुखिया, वार्ड मेम्बर,की उपस्थित में कंबल का वितरण किया गया।इशाकपुर पंचायत में दो पंचायत समिति वही 18 वार्ड सदस्य हैं।इस पंचायत में लगभग 152 कंबल प्रखंड से उपलब्ध कराया गया हैं।मुखिया मिनती देवी ने कहा कि सभी वार्ड सदस्य अपने अपने वार्ड में असहाय एवं जरूरतमंद लोगों को चिन्हित करे और सूची बनाकर जल्द से जल्द दे।जिससे भीषण ठंड में असहाय लोगों को राहत मिल सके।उन्होंने कहा कि ठंड से अब तक कई लोग बीमार हो जाते है और ठीक नहीं हो पाने के कारण मौत भी हो जाती हैं।पंचायत के असहाय गरीब लोगों के अंतिम व्यक्ति तक कंबल पहुंचे यही हमारी लक्ष्य हैं।मौके पर कनीय अभियंता रवि राकेश,पंचायत सचिव लखी चंद सह, समाज सेवी जाकिर हुसैन, यहदीन शेख, उसमान गणी, यदि मौजूद थे।

विकास समन्वय व निगरानी समिति की बैठक संपन्न, लिए गए अहम निर्णय

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

पाकुड़। बुधवार को समाहरणालय सभागार में जिला विकास समन्वय और निगरानी समिति (दिशा) की बैठक राजमहल सांसद विजय कुमार हांसदा अध्यक्षता में दीप प्रज्ज्वलित कर की गई।सांसद विजय कुमार हांसदा द्वारा मुख्य रूप से केंद्र प्रायोजित योजनाओं की समीक्षा की गई। सांसद द्वारा निर्धारित समय-सीमा के अन्दर सभी लंबित कार्यों को पूर्ण करवाने का निर्देश दिया गया। राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम के समीक्षा के क्रम में सांसद ने कहा कि बहुत ऐसे लोग हैं जिनका आधार अपडेट नहीं रहने के कारण पेंशन का लाभ नहीं ले पा रहे हैं, ऐसे पेंशनरों का कैंप लगाकर आधार अपडेट कराने का निर्देश दिया गया। वही लिट्टीपाड़ा विधायक हेमलाल मुर्मू ने नमामि गंगे योजना के बारे में पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता से कार्यों के बारे में जानकारी ली। सांसद ने वन प्रमंडल पदाधिकारी को निर्देश दिया कि जिले के सभी तालाबों के चारों तरफ पेड़ लगाने एवं विद्यालयों में भी बच्चों के द्वारा वृक्षारोपण कराने हेतु निर्देशित किया गया। महेशपुर प्रोफेसर स्टीफन मरांडी ने कहा कि कितने गांव में बिजली नहीं पहुंची है उसका प्रतिवेदन सभी विधायक को उपलब्ध करायें। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के समीक्षा क्रम में सांसद ने सिविल सर्जन से जानकारी ली कि जिले में डॉक्टरों का कितना पद स्वीकृत है। इस संबंध में सिविल सर्जन ने बताया कि 103 स्वीकृत पद के विरुद्ध जिले में 32 डॉक्टर ही उपलब्ध है। इसको लेकर सांसद ने उपायुक्त को डीएमएफटी मद से डॉक्टर की बहाली कराने का निर्देश दिया गया। जिला खनन पदाधिकारी ने बताया कि 1252 करोड़ लक्ष्य के विरुद्ध 910 करोड़ राजस्व प्राप्त है।इसके अलावा सांसद ने मनरेगा, स्वच्छ भारत मिशन, प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी, शिक्षा, स्वास्थ्य, राजस्व प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना - एकीकृत वाटरशेड प्रबंधन कार्यक्रम, डिजिटल भारत भू अभिलेख आधुनिकीकरण - लंबित दाखिल खारीज, दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण ज्योति योजना, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन एवं श्रमिक कल्याण को लेकर विस्तृत समीक्षा की गई । दिशा की बैठक में सांसद, राजमहल लोकसभा विजय हांसदा के द्वारा अबुआ आवास योजना अंतर्गत पाकुड़ प्रखंड के तालामय सोरेन एवं मो0 रोफिक को गृह प्रवेश की चाभी, सोना सोबरन धोती साड़ी योजना अंतर्गत दो लाभुकों के बीच धोती साड़ी का वितरण, अनुकम्पा के आधार पर दो लाभुकों के बीच पीडीएस लाइसेंस, वन पट्टा योजना अंतर्गत दो लाभुकों के बीच वन पट्टा, साईकिल वितरण योजना अंतर्गत दो लाभुकों के बीच साईकिल, जिला समाज कल्याण विभाग अंतर्गत दो सेविका एवं दो सहायिका को नियुक्ति पत्र, हिंट एंड रन योजना अंतर्गत तीन मृतकों के आश्रितों को दो-दो लाख रुपए का डमी चेक, जेएसएलपीएस अंतर्गत दोनों एसएचजी के बीच प्रति एसएचजी को 1 लाख 50 हजार रुपए का डमी चेक, मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना अंतर्गत एक लाभुकों के बीच 49 हजार 794 रुपए का चेक एवं एक लाभुक के बीच 99 हजार 276 रुपए का चेक, जिला आयुष कार्यालय अंतर्गत डीपीएम नियुक्ति पत्र, झारखंड शिक्षा परियोजना पाकुड़ द्वारा छः बच्चों के बीच स्कूल बैग, जिला स्थापना शाखा द्वारा विकास मुर्मू, निम्नवर्गीय लिपिक एवं प्रकाश राजवंशी, अनुसेवक के बीच नियुक्ति पत्र एवं दो लाभुकों के बीच कम्बल का वितरण किया गया।मौके पर विधायक, महेशपुर प्रोफेसर स्टीफन मरांडी, विधायक, लिट्टीपाड़ा हेमलाल मुर्मू, वन प्रमंडल पदाधिकारी सौरभ चंद्रा, जिला परिषद अध्यक्ष श्रीमती जूली खिष्टमणि हेम्ब्रम, उप विकास आयुक्त महेश कुमार संथालिया, परियोजना निदेशक, आईटीडीए अरुण कुमार एक्का, अपर समाहर्ता जेम्स सुरीन, अनुमंडल पदाधिकारी साईमन मरांडी, सिविल सर्जन डॉ मंटू कुमार टेकरीवाल, जिला परिवहन पदाधिकारी संजय पीएम कुजूर, स्थापना उप समाहर्ता मनीष कुमार, जिला आपूर्ति पदाधिकारी अभिषेक सिंह, जिला पंचायत राज पदाधिकारी श्रीमती प्रीतिलता मुर्मू, सभी प्रखंड के प्रमुख, सांसद प्रतिनिधि श्याम यादव, सभी विधायक प्रतिनिधि उपस्थित थे।

फाइलेरिया उन्मूलन जागरूकता रथ को किया गया रवाना

पाकुड़।फाईलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम की सफलता को लेकर बुधवार को समाहरणालय परिसर से सांसद राजमहल लोकसभा क्षेत्र विजय कुमार हांसदा, विधायक, महेशपुर प्रोफेसर स्टीफन मरांडी,विधायकलिट्टीपाड़ा हेमलाल मुर्मू एवं उपायुक्त मनीष कुमार व पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार, डीएफओ सौरभ चंद्रा, उप विकास आयुक्त ने संयुक्त रूप से जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।उपायुक्त ने बताया कि फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के तहत जिले में 10 फरवरी से 25 फरवरी तक फाइलेरिया रोधी दवा खिलाया जाएगा। यह जागरूकता रथ के माध्यम से लोगों को फाइलेरिया रोग से बचाव के प्रति जागरूक किया जाएगा। बीमारी के बारे में कहा कि 1 वर्ष से कम आयु वाले शिशु, गंभीर रूप से बीमार व्यक्ति, गर्भवती महिलाओं को मलेरिया रोधी दवा नहीं खिलाया जाएगा।

पहाड़िया सेवा समिति द्वारा संचालित शिशु घर का बीडीओ ने किया शुभारंभ

संताल एक्सप्रेस संवाददातालिट्टीपाड़ा(पाकुड़)बुधवार को सोनाधनी पंचायत के मुकरी पहाड़ ग्राम में पहाड़िया सेवा समिति द्वारा संचालित ÷ शिशु घर ÷ का शुभारंभ प्रखंड विकास पदाधिकारी संजय कुमार एवं मुखिया रबीना मालतो द्वारा किया गया। कामकाजी माताओं का 06 माह से 03 वर्ष के शिशुओं को देखभाल के लिए ÷ शिशु घर ÷ के आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित कामकाजी माताओं एवं शिशु डे केयर संचालिका को संबोधित करते हुए प्रखंड विकास पदाधिकारी संजय कुमार ने कहा कि ÷ शिशु घर ÷ में शिशुओं को प्राथमिक देखभाल कर्ता के विकल्प के रूप में देखा जाता है इसलिए शिशु केंद्र प्रतिष्ठित और विश्वसनीय हो इसका ध्यान रखने की सलाह दी। साथ ही शिशु के रहने का कमरा साफ-सुथरा और शिशु के हाथ पैरों को साफ़ रखने, साफ़ कपड़ों का ख़ास ख्याल रखने और खुली हवा में नहीं रखने सहित धुम्रपान मुक्त क्षेत्र में रखने की सलाह दिये। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से समाजसेवी पॉलूस मालतो, लोक मंच के रमेश पहाड़िया, फ़ादर मारयानूश, संतोष पहाड़िया, यमुना पहाड़िया सहित काफ़ी संख्या में नवजात शिशुओं की माताओं सहित ग्रामीण उपस्थित थे।

विधिक जागरूकता कार्यक्रम के तहत दी गई कानूनी जानकारी

संताल एक्सप्रेस संवाददातापाकुड़।झालसा रांची के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकार पाकुड़ के तत्वाधान में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार पाकुड़ शेष नाथ सिंह के निर्देश पर सचिव अजय कुमार गुड़िया के मार्गदर्शन में आज पाकुड़ के जीदातो बालिका उच्च विद्यालय पाकुड़ एवं उत्क्रमित प्लस टू हाई स्कूल मोहनपुर में कार्यक्रम आयोजित की गई। इस कार्यक्रम में पैरा लीगल वॉलिंटियर्स कमला राय गांगुली ने कानूनी जानकारी से उपस्थित छात्राओं को अवगत कराया साथ ही बाल विवाह से होने वाले नुकसान सजा का प्रावधान समेत कई महत्वपूर्ण जानकारी दी। वही पैरा लीगल वॉलिंटियर्स अमूल्य रत्न रविदास, एजारूल शेख एवं विजय कुमार राजवंशी ने उत्क्रमित उच्च विद्यालय मोहनपुर में उपस्थित छात्र छात्राओं को विस्तार से बाल विवाह के बारे में बताया साथ ही समाज के कई बुराई जैसे बाल श्रम, डायन प्रथा, घरेलू हिंसा , मानव तस्करी पर प्रकाश डालते हुए जागरूक की। जिला विधिक सेवा प्राधिकार पाकुड़ से मिलने वाली मुफ्त कानूनी सहायता के बारे में जानकारी दी गई। आउटरीच कार्यक्रम के तहत पाकुड़ के सभी प्रखंड पाकुड़, महेशपुर, लिट्टीपाड़ा, पाकुड़िया, आमडापाडा, हिरणपुर के क्षेत्रों में भी कार्य के दौरान अपने अपने क्षेत्रों में पैरा लीगल वॉलिंटियर्स ने आउटरीच कार्यक्रम के उद्देश्य पर जागरूक किया।

सामाजिक कुरीति निवारण रथ को सांसद, विधायक, डीसी ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

पाकुड़। राजमहल लोकसभा क्षेत्र के सांसद विजय कुमार हांसदा, विधायक, महेशपुर प्रोफेसर स्टीफन मरांडी, विधायक, लिट्टीपाड़ा हेमलाल मुर्मू, उपायुक्त मनीष कुमार, पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार, वन प्रमंडल पदाधिकारी सौरभ चंद्रा, उप विकास आयुक्त महेश कुमार संथालिया ने बुधवार को सामाजिक कुरीति निवारण जागरूकता रथ को समाहरणालय परिसर से सामाजिक कुरीति निवारण जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। मौके पर उपायुक्त मनीष कुमार ने बताया कि यह जागरूकता वाहन जिले के विभिन्न क्षेत्र में भ्रमण कर बाल विवाह, डायन प्रथा सहित सभी सामाजिक कुरीतियां के प्रति लोगों को जागरूक करेगा। कहा कि सामाजिक कुरीति व बाल-विवाह समाज के लिए एक अभिशाप है इसे मिटाने के लिए जन सहभागिता की आवश्यकता है। बाल-विवाह अगर होता रहेगा तो स्वस्थ्य भारत की कामना नहीं की जा सकती है। बच्चें कुपोषित पैदा होंगे और उनमें विभिन्न प्रकार की बीमारियां होंगी। जिससे परिवार एवं समाज के विकास पर असर पड़ेगा।

पंडा धर्म रक्षिणी सभा ने विश्व कल्याणार्थ दंडी यात्रा के प्रतिभागियों का किया सम्मान

देवघर। पंडा धर्म रक्षिणी सभा ने आज गौमुख गंगोत्री समाज के बैनर तले अजगैबीनाथ धाम से बैद्यनाथ धाम तक की विश्व कल्याणार्थ दंडी यात्रा के प्रतिभागियों का भव्य सम्मान किया। यह यात्रा अपने 47वें दिन देवघर के दर्शनीय मोड़ पहुंची, जहां सभा के पदाधिकारियों ने माल्यार्पण और अंगवस्त्र देकर यात्रा में शामिल सदस्यों का स्वागत किया। इस यात्रा में शामिल गौमुख गंगोत्री समाज के रोहित चरण मिश्र, अनिल मिश्र, कुंदन खवाड़े, राजू झा, सिद्धार्थ खवाड़े, अजय कर्मेह, जितेंद्र और दिवाकर को पंडा धर्म रक्षिणी सभा द्वारा सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह में सभा के उपाध्यक्ष चंद्रशेखर खवाड़े और संजय मिश्रा तथा मंत्री अरुणा नंद झा ने संयुक्त रूप से कहा कि आज के भौतिकवादी युग में, जहां अधिकांश लोग केवल अपने स्वार्थ में लिप्त हैं, इन दंडी बाबाओं की यात्रा विश्व कल्याण और मानवता की सेवा के लिए प्रेरणास्रोत है। यह सनातन धर्म की परंपराओं और मूल्यों को संरक्षित करने का अनूठा प्रयास है। सभा ने यह भी स्पष्ट किया कि पंडा धर्म रक्षिणी सभा भविष्य में भी धर्म और सनातन परंपराओं की रक्षा के लिए समर्पित रहेगी और धर्म के ध्वजवाहकों का सम्मान करती रहेगी।

मारपीट और लज्जा भंग का मामला दर्ज

देवघर । रिखिया थाना क्षेत्र में कांड संख्या 13/25, के तहत रिखिया थाना क्षेत्र के ही एक गांव के किशोर यादव के खिलाफ मारपीट और लज्जा भंग करने के गंभीर आरोप में मामला दर्ज किया गया है। आरोप है कि किशोर यादव, जो स्व. सहदेव महतो के पुत्र हैं, ने वादी के साथ मारपीट की और उनकी लज्जा भंग की। वादी ने इस संबंध में रिखिया थाना में लिखित शिकायत दी है। भारतीय दंड संहिता की धारा 126(2),115(2), 117(2), 74, 352, और 351(2) बीएनएस के तहत आरोपियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। रिखिया पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए त्वरित कार्रवाई की है, और पुलिस ने मामले की जांच अब भी जारी रखी है। पुलिस प्रशासन मामले की गहनता को समझते हुए आरोपियों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की योजना बना रही है।

सड़क हादसे में घायल व्यक्ति की मौत

देवघर । सड़क हादसे में घायल एक व्यक्ति की इलाज के दौरान मौत हो गई। मृतक 38 वर्षीय लालदेव यादव, दुमका जिले के सरैयाहाट थाना क्षेत्र के बैगनी गांव का निवासी था। पुलिस को दिए बयान में मृतक के भाई डूमन यादव ने बताया कि उनका भाई पिछले 6-7 वर्षों से देवघर बाजार समिति में मजदूरी करता था और कभी-कभी अपने मालिक मानिक साह का वाहन भी चलाता था। घटना 14 जनवरी की देर रात की है, जब बाजार समिति निवासी आनंद सिंह अपनी कार में तीन मजदूरों सहित मृतक को घर छोड़ने जा रहे थे।

डॉ. प्रदीप को निबन्ध प्रतियोगिता में मिला द्वितीय स्थान

देवघर संताल एक्सप्रेस । पिछले दिन रामकृष्ण मिशन आश्रम, राँची के बैनर तले, 54वाँ वार्षिक प्रतियोगिता के अंतर्गत सम्पूर्ण राज्य में राज्य स्तरीय निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। यह प्रतियोगिता दो ग्रुपों में सम्पन्न हुआ था। निबन्ध का शीर्षक था- नया भारत गढ़ो। ओपन टू ऑल ग्रुप में सुमन केशरी को प्रथम, अंकित कुमार राय को द्वितीय, अंजलि यादव को तृतीय एवं शुभांश राज को चतुर्थ स्थान प्राप्त हुआ है। इसी प्रतियोगिता के शिक्षक ग्रुप में उत्क्रमित उच्च विद्यालय, ओझाडीह, टुंड, धनबाद के शिक्षक संतोष कुमार आनंद को प्रथम, विवेकानंद शैक्षणिक, सांस्कृतिक एवं क्रीड़ा संस्थान के केंद्रीय अध्यक्ष डॉ. प्रदीप कुमार सिंह देव को द्वितीय, रामकृष्ण शारदा आश्रम टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज, हजारीबाग के शिक्षक गोपाल राम को तृतीय जबकि रामकृष्ण मिशन इंग्लिश स्कूल, पूर्वी सिंहभूम की शिक्षिका सुमेधा पांडेय को चतुर्थ स्थान प्राप्त हुआ था। सभी विजेताओं को राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर, मुख्य अतिथि सूबे के राज्यपाल महामहिम संतोष कुमार गंगवार, रामकृष्ण मिशन आश्रम के सचिव स्वामी भवेशानंद महाराज एवं अन्य अतिथियों के करकमलों से पुरस्कृत किया गया।

खुर्शीद परवेज की याद में कवि सम्मेलन आयोजित

मधुपुर । मशहूर सहाफी और उर्दू अदब के रौशन सितारे खुर्शीद परवेज सिद्दीकी मरहूम की याद में एक खास दुआई महफिल और कवि सम्मेलन का आयोजन उनके घर, कर्बला रोड, लखना मोहल्ला पर किया गया। इस मौके पर जाने-माने कवि और शायर शकील अख्तर अयूबी की सदारत में दुआ और कविताओं का दौर चला। महफिल की शुरुआत कुरान-ए-पाक की तिलावत से हुई। उपस्थित लोगों ने मरहूम की आत्मा की शांति के लिए सामूहिक दुआएं कीं। इसके बाद, उनकी जिंदगी और उर्दू सहाफत में किए गए योगदान पर गहराई से चर्चा हुई। प्रोफेसर खुर्शीद आलम ने श्रद्धांजलि देते हुए कहा- ÷खुर्शीद परवेज सिद्दीकी मरहूम उर्दू सहाफत के एक बहादुर और बेबाक सिपाही थे। उनकी लेखनी और सोच का दायरा बेहद विस्तृत था। जब उनके निधन की खबर सुनी, ऐसा लगा मानो अदब का एक चमकता सितारा बुझ गया। अल्लाह से दुआ है कि उन्हें जन्नतुल फिरदौस में आला मकाम दे।

प्रधानाध्यापक की सेवानिवृत्ति पर समारोह आयोजित

देवघर । सारठ प्रखंड अंतर्गत पिरपरासोल संकुल नैयाडीह विद्यालय के प्रधानाध्यापक प्रदीप राव को सेवानिवृत्ति पर भाव भीनी विदाई दी गयी।समारोह की सभाध्यक्षता अनुप राव एवं संचालन धनंजय राव ने की स्थानीय कलाकार सह विद्यालय के पूर्व सहायक अध्यापक सह वर्तमान सहायक शिक्षक धिरेन्द्र राव जी के नेतृत्व में विदाई गीत की सभा बांधी। उसके बाद उपस्थित वक्ताओं ने प्रदीप जी की शिक्षासेवा पर प्रसंनीय बात रखी। वहीं सहायक अध्यापक संघ के नेतृत्वकर्ताओं ने आज प्रदीप जी के सेवाकाल की स्वर्णिम समय देने के बाद भी खाली हाथ विदाई लेने पर सरकार को कोसा। सम्मानित प्रदीप के सेवानिवृत्त पर स्थानीय बच्चों के बीच पंचायत मुखिया गायत्री देवी के सौजन्य से नोटबुक और लेखन सामग्री वितरित की गयी।समारोह में मुख्य रूप से रंजीत भोक्ता मुखिया प्रतिनिधि, सुधांशु शेखर राय, शशिकांत पाण्डेय प्रखंड संसाधन सेवी,राजेश कुमार,बच्चु दास,भुदेव पंडित सहायक शिक्षक,शशिकांत मिश्र, रोहित यादव,लव दत्ता,सिराम रवानी सहायक अध्यापक,दिवाकर यादव,ललन कुमार राय संकुल संसाधन सेवी सहीत पिपरासोल के समस्त राव परिवार सहीत पंचायत के सैकड़ों ग्रामीण एवं विद्यार्थी उपस्थित थे।

सर्वाइकल कैंसर को लेकर प्रशिक्षण का आयोजन

देवघर संताल एक्सप्रेस । जिला के विभिन्न आयुष्मान आरोग्य मंदिर/स्वास्थ्य उपकेंद्र में कार्यरत सी0एच0ओ एवं स्टाफ नर्स को सर्वाइकल कैंसर के जाँच से सम्बंधित विस्तृत प्रशिक्षण जिला कुष्ठ निवारण कार्यालय,देवघर में दी गयी। सर्वाइकल केंसर से सम्बंधित जानकारी डॉ सुरभी द्वारा दिया गया। जिसमे सर्वाइकल कैंसर से सम्बंधित जानकारी देते हुए बताया गया की सर्वाइकल कैंसर का योनि से असामान्य रक्तस्राव, जैसे सेक्स के बाद रक्तस्राव, रजोनिवृत्ति के बाद रक्तस्राव, मासिक धर्म के बीच रक्तस्राव और धब्बे, या (मासिक धर्म) अवधि जो सामान्य से अधिक लंबी या भारी होती है तथा गर्भाशय ग्रीवा वाले किसी भी व्यक्ति को गर्भाशय ग्रीवा के कैंसर का खतरा होता है। यह अक्सर 30 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों में होता है। एक प्रकार के ह्यूमन पेपिलोमावायरस (एचपीवी) के साथ लंबे समय तक चलने वाला संक्रमण सर्वाइकल कैंसर का मुख्य कारण है।

आईएमए हॉल में सीपीएचसी प्रशिक्षण प्रारम्भ

देवघर । जिला कुष्ठ निवारण पदाधिकारी की अध्यक्षता में तीन दिवसीय सीपीएचसी प्रशिक्षण का शुभारम्भ आई0एम0ए0 हॉल,पुराना सदर अस्पताल देवघर में किया गया। प्रशिक्षक डॉ विकाश कुमार एवं डॉ॰ गुडाकेश के द्वारा सभी प्रखंडो से आये सभी प्रतिभागियों को सीपीएचसी (व्यापक प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल) के बारे में विस्तृत रूपं से बताया गया। प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल तेज़ी से आर्थिक, प्रौद्योगिकीय और जनसंख्या परिवर्तनों को प्रतिक्रिया देने के लिए सुस्थित है, जिनमें सभी स्वास्थ्य और कल्याण पर प्रभाव डालते हैं। हाल के विश्लेषण से पता चला है कि 1990 से 2010 में बाल मृत्युदर को कम करने के लगभग आधे लाभ स्वास्थ्य क्षेत्र के बाहर के घटकों के कारण थे।

बाल विवाह, बाल मजदूरी व समाज के प्रति बेहतर योगदान देने वाले होंगे सम्मानित : डीसी

गणतंत्र दिवस पर झांकियों में दिखेगी सरकार की उपलब्धियों की झलक

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

देवघर । गणतंत्र दिवस (26 जनवरी), 2025 को जिला प्रशासन की ओर से झण्डोत्तोलन हेतु मुख्य समारोह स्थानीय केकेएन स्टेडियम में आयोजित की जायेगी। ऐसे में कार्यक्रम के भव्य व गरिमामयी आयोजन को लेकर बैठक का आयोजन उपायुक्त की अध्यक्षता में आयोजित की गयी। इस दौरान उपायुक्त ने गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारियों को लेकर की जाने वाली विभिन्न कार्यों की बिंदुवार समीक्षा करते हुए संबंधित विभाग के अधिकारियों को आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिया। इसके अलावा बैठक के दौरान उपायुक्त ने सभी संबंधित अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ झण्डोत्तोलन के जिला स्तरीय मुख्य कार्यक्रम को आयोजित करने हेतु निदेशित किया गया। इस दौरान उपायुक्त ने अधिकारियों को स्पष्ट निदेशित करते हुए कहा कि सभी आयोजन सरकार द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुरूप आयोजित करना सुनिश्चित करें। साथ ही गणतंत्र दिवस के अवसर पर इस वर्ष प्रभात फेरी का आयोजन किया जायेगा। इसके अलावे बैठक के दौरान पूर्व वर्षो की भांति इस बार भी झांकी निकालने का निर्णय लिया गया। झांकियाँ विभिन्न विभागों द्वारा निकाली जायेगी, जिसमें वर्तमान सरकार की उपलब्धियों एवं सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं का झलक दिखेगा। मुख्य रूप से शिक्षा विभाग,जनसम्पर्क विभाग, समाज कल्याण विभाग, नगर निगम, बाबा मंदिर,अग्निशमन विभाग, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, जिला परिवहन विभाग आदि के द्वारा आकर्षक झांकियां निकाली जायेगी। आगे उपायुक्त ने इस संदर्भ में निदेशित करते हुए कहा कि सभी झांकियां जन-आकांक्षाओं के अनुरूप हो। साथ हीं साथ इसमें जिला की संस्कृति एवं विकास की गाथाएँ दृष्टिगोचर हो। आगे उपायुक्त ने नगर के सभी चौक-चौराहों को रंगीन रोशनी से सजाने हेतु नगर आयुक्त देवघर को निदेशित किया। उन्होंने आगे निदेशित करते हुए कहा कि इस अवसर पर सम्पूर्ण नगर निगम क्षेत्र के साथ-साथ सम्पूर्ण जिला के प्रमुख स्थलों पर विशेष साफ-सफाई की व्यवस्था सुनिश्चित करें। साथ ही भव्य गरीमामयी सांस्कृतिक कार्यक्रम के आयोजन को लेकर उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक व उचित दिशा-निर्देश दिया। इसके अलावे मुख्य समारोह स्थल केकेएन स्टेडियम में झण्डोत्तोलन का कार्यक्रम पूर्वाह्न 9:05 मिनट पर आयोजित की जायेगी।

पिस्तौल के बल पर 50 हजार की लूट, एक गिरफ्तार

संवाददाता

देवघर । चितरा थाना में कांड संख्या 02/2025, के तहत अफजल अंसारी और दो अज्ञात व्यक्तियों पर पिस्तोल के भय से 50,000 लूटने का आरोप लगाया गया है। आरोपी अफजल अंसारी, पिता सिकंदर अंसारी, निवासी जमनीटाँड़, थाना चितरा, जिला देवघर को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी पर आरोप है कि उसने और उसके साथी ने पार्थ इन्दी (23 वर्ष), निवासी कालीपुर, थाना खागा, जिला देवघर से पिस्तोल का भय दिखाकर 50,000 निकाल लिए। पुलिस ने आरोपी अफजल अंसारी के पास से 14,000 बरामद कर उन्हें जप्त कर लिया है। मामले की जांच जारी है और पुलिस अन्य आरोपियों की तलाश कर रही है।

दुर्घटना में बाईक सवार की मौत, मामला दर्ज

देवघर। जिले के बुढ़ई थाना क्षेत्र में एक दुर्घटना के मामले में एफआईआर दर्ज की गई है। सुभाष कुमार यादव (25 वर्ष), निवासी ग्राम धोबना थाना पथरोल, जिला देवघर ने लिखित शिकायत दर्ज कराई है, जिसमें अज्ञात चार चक्का वाहन द्वारा पिछे से मोटरसाइकिल को टक्कर मारने की घटना का वर्णन किया गया है। इस दुर्घटना में मोटरसाइकिल सवार की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरा व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने धारा 281, 125 ए, 125बी,और 106(1) बीएनएस 2023 के तहत मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस अब अज्ञात वाहन की पहचान और दुर्घटना के कारणों की जांच कर रही है।

एससी, एसटी एक्ट का आरोपी मुखिया अनिल साह गिरफ्तार

देवघर । जिले के रिखिया थाना क्षेत्र में दर्ज कांड संख्या 11/25 के तहत नया चितकाठ पंचायत के मुखिया, अनिल साह को गंभीर धाराओं में गिरफ्तार किया गया है। यह मामला भारतीय दंड संहिता की धारा 126 (2), 115 (2), 324 (3), 352, 351 (2) बीएनएस के विभिन्न धाराओं सहित एससी, एसटी एक्ट के तहत दर्ज किया गया था। आरोपी अनिल साह, पिता स्व. भोला साह, निवासी नयाचितकाठ, थाना रिखिया को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। प्रशासन ने मामले की गंभीरता को देखते हुए त्वरित कार्रवाई की है, और आगे की जांच जारी है। यह घटना 12 जनवरी रविवार को सुबह करीब 10:30 बजे हुई।

पुस्तक मेले में कविता पाठ में 40 बच्चों ने लिया भाग

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

देवघर । पुस्तक मेला के पांचवे दिन का शुरुआत निशांत के योग आराधना एकाग्रता कुंभ क्यों कहा जाता कुंभ स्नान पवित्र क्यों माना जाता और मानव चक्र ,मानव जीवन का औचित्य मानव को क्यों बायलॉजिकल नहीं है इस पर अपना विचार रखा।जिसमें एकलव्य एजुकेशन के बच्चों ने भी उनके साथ योग क्रिया में भाग लिया।उसके उपरान्त कविता पाठ में विभिन्न स्कूल के करीब 40 बच्चों ने भाग लिया।सीनियर में पहला पुरस्कार साक्षी कुमारी ,दूसरा माही कुमारी ,तीसरा विशाल कुमार आर मित्रा स्कूल से।।जूनियर में अनमोल कुमारी, प्रिंसी कुमारी सचदेवा एकेडमी श्रेयस स्त्रश्चह्य को दूसरा जबकि अनन्या कुमारी ,रवीश कुमार,,रेड रोज रानी कुमारी रेड रोज को मिला।निर्णायक में सराफ स्कूल के विजय शंकर और मिथलेश सिंह थे।सभी विजेता को पुरस्कृत मेला संयोजक डॉ सुभाष चंद्र राय और पूर्व चीफ ब्यूरो सुशील भारती ने दिया।मंच संचालन प्रभाकर ने किया।जबकि इस सत्र के प्रभारी शिवेंदु दत्त मिश्रा,दीपक कुमार,और प्रेम सिंह थे।इसके बाद का कार्यक्रम मटका सजावट का था मटका सजावट प्रतियोगिता में करीब 40 प्रतिभागियों जिसमें बच्चे बुजुर्ग महिला बच्चियों पुरुष सभी शामिल थे सभी ने एक से एक कलाकारी मटके पे किया।जिसने प्रथम द्वितीय और तृतीय स्थान क्रमशः को मिला,।निर्णायक कि भूमिका में सुनील अग्रवाल थे।मंच संचालन प्रभाकर ने किया।इस पुस्तक मेला में प्रकाशकों की पुस्तके जिनमें।

गणतंत्र दिवस : नगर निगम ने सफाई को लेकर दिया विशेष निर्देश

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

देवघर। आगामी गणतंत्र दिवस समारोह को ध्यान में रखते हुए सहायक नगर आयुक्त गौरव कुमार ने नगर निगम के सफाई एजेंसी एमएसडब्ल्यूएम के साथ एक विशेष बैठक आयोजित की। बैठक का उद्देश्य 26 जनवरी के अवसर पर नगर की साफ-सफाई व्यवस्था को सुनिश्चित करना और प्रभावी योजना बनाना था। बैठक में डोर-टू-डोर कूड़ा उठाव पर जोर दिया गया। साथ ही एजेंसी को निर्देश दिया गया कि सुबह 6:00 बजे से डोर-टू-डोर कूड़ा उठाने की प्रक्रिया सुनिश्चित की जाए। सफाई व्यवस्था को दुरुस्त रखने के लिए द्वितीय पाली में ट्रैक्टर और ट्रिपर की संख्या बढ़ाने का निर्देश भी दिया गया। कूड़ा उठाव में इस्तेमाल होने वाली गाड़ियों का नियमित मेंटेनेंस सुनिश्चित करने की हिदायत दी गई। कूड़ा उठाव के रूट की नियमित समीक्षा का आदेश दिया गया। डोर-टू-डोर कूड़ा उठाव से संबंधित सभी शिकायतों का प्रतिदिन निपटारा करने का निर्देश दिया गया। शिकायतों को पंजी में दर्ज करने और उनके समाधान का रिकॉर्ड बनाए रखने का आदेश दिया गया।

एसबीआई ने किया वित्तीय जागरूकता शिविर का आयोजन

देवघर संताल एक्सप्रेस । देवघर जिले के सारठ प्रखंड के साधरिया ग्राम पंचायत परिसर में आज भारतीय स्टेट बैंक (क्षेत्रीय व्यवसाय कार्यालय) द्वारा वित्तीय जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में 500 से अधिक लोगों ने भाग लिया।शिविर में एसबीआई के क्षेत्रीय प्रबंधक प्रशांत कुमार झा, मुख्य प्रबंधक सुनील कुमार सिन्हा, प्रबंधक एफआई राहुल रंजन, सारठ शाखा प्रबंधक गौरव कुमार सहित बैंक के अन्य कर्मचारी और एसबीआई सीएसपी उपस्थित थे। शिविर स्थल पर एसबीआई के सीएसपी (ग्राहक सेवा केंद्र) के माध्यम से त्वरित बैंकिंग सुविधाएं उपलब्ध कराई गईं। इनमें खाता खोलने, जमा और निकासी, आधार लिंकिंग, एईपीएस (आधार इनेबल्ड पेमेंट सिस्टम) लेनदेन, और प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना व प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना में नामांकन जैसी सेवाएं शामिल थीं। सीएसपी के जोनल मैनेजर मनीष कुमार सिंह और उनके जिला समन्वयकों की टीम भी शिविर में उपस्थित रही। क्षेत्रीय प्रबंधक प्रशांत कुमार झा ने जनता को संबोधित करते हुए कहा,÷वित्तीय सशक्तिकरण के लिए बैंक खाता होना अनिवार्य है।

बाइक की टक्कर में दो लोग घायल, भर्ती

देवघर । देवघर जिले के देवीपुर थाना क्षेत्र के खिरवातरी स्कूल के समीप दो बाइक के बीच आमने-सामने टक्कर हो गई। इस घटना में दोनों बाइक पर सवार दो लोग घायल हो गए। घायलों के नाम सलताफ अंसारी और संजय सिंह बताए गए हैं। स्थानीय लोगों ने तुरंत कॉल कर 108 एंबुलेंस को सूचना दी, जिसके बाद एंबुलेंस घटनास्थल पर पहुंची और दोनों घायलों को तत्काल देवघर सदर अस्पताल भेजा गया। अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टरों ने दोनों घायल व्यक्तियों को देखने के बाद उन्हें इलाज के लिए वार्ड में भर्ती कर दिया। घायलों ने जानकारी दी कि वे अपनी-अपनी ड्यूटी पर जा रहे थे, और उसी दौरान खिरवातरी स्कूल के पास दोनों की बाइक का संतुलन बिगड़ गया, जिसके कारण दोनों बाइक आपस में टकरा गई।

महिला थाना में दहेज प्रताड़ना का मामला दर्ज, पति और ससुरालवालों पर आरोप

देवघर। मधुपुर महिला थाना में दहेज प्रताड़ना के मामले में एक मामला दर्ज किया गया है। आरोपी के खिलाफ दहेज के लिए प्रताड़ित करने का आरोप लगाया गया है। पीड़िता जरीना खातुन (22 वर्ष) ने शिकायत दर्ज कराई है, जिनका विवाह मो0 नियाज अंसारी (पति), गिरिडीह जिले के गांडेय थाना क्षेत्र अंतर्गत पन्नाटाड़ निवासी से हुआ है। शिकायत में यह भी बताया गया कि आरोपी की ओर से दहेज के लिए उन्हें मानसिक और शारीरिक उत्पीड़न का सामना करना पड़ा। आरोपियों में गिरिडीह जिले के गांडेय थाना क्षेत्र अंतर्गत पन्नाटाड़ के निवासी हैं। जिसमें पति - मो0 नियाज अंसारी (पिता- नसीम अंसारी) ससुर - नसीम अंसारी (पिता- स्व0 पल्टु मियाँ) देवर - रियाज अंसारी (पिता- नसीम अंसारी) ननद - हुरुवा खातुन (पिता- नसीम अंसारी) ननद - ननकी खातुन (पिता- नसीम अंसारी) शामिल हैं। पीड़िता ने आरोप लगाया है कि उसके पति और अन्य परिजनों ने दहेज की मांग को लेकर उसे प्रताड़ित किया। महिला थाना ने इस मामले में दहेज प्रतिषेध अधिनियम 1961 की धारा 3/4 के तहत मामला दर्ज कर लिया है और जांच शुरू कर दी है।

कार्यालय, नगर परिषद, दुमका
e-mail – dumka.nagar.parshad@gmail.com

।। शुद्धिपत्र ।।

कार्यालय द्वारा निकाली गई अति अल्पकालीन डाक सूचना संख्या 23/2024–25 (PR 343632 (District)24-25*D) में डाक तिथि दिनांक 15.01.2025 निर्धारित है, उसे अपरिहार्य कारणवश तिथि में परिवर्तन करते हुए दिनांक 27.01.2025 को निर्धारित की जाती है। शेष यथावत् रहेगा।

प्रशासक,
नगर परिषद, दुमका

PR 344299 District(24-25).D

झारखंड सरकार
कार्यालय अधीक्षक,मंडल कारा, पाकुड़
गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग
दूरभाष–06435–222338
e-mail- suprintendent.pakur.jail@gmail.com, dj-pakur@jharkhandmail.gov.in

अल्पकालीन ई०–निविदा सूचना

1	कारा का नाम	मंडल कारा, पाकुड़
2	विषय	कारा में संसीमित बंदियों के भोजनादी की व्यवस्था हेतु विभिन्न प्रकार के खाद्यान्नों, हरी सब्जियों, आलू, फल एवं अन्य विविध सामग्रियों के क्रय/आपूर्त्ति के निमित ई0–निविदा का आमंत्रण। (द्वितीय त्रैमासिक ई0–निविदा दिनांक 01.04.2025 से 30.06.2025 तक)
3	निविदा प्रपत्र का मूल्य (Non Refundable) Online स्वीकार की जायेगी।	रु 5000.00 (पाँच हजार) मात्र।
4	वेबसाईट पर निविदा प्रपत्र के उपलब्धता की तिथि एवं समय।	दिनांक–27.01.2025 के पूर्वाह्न 10:00 बजे से 03.02.2025 के अपराह्न 05:00 बजे तक।
5	निविदा online upload करने की तिथि।	दिनांक–27.01.2025 के पूर्वाह्न 10:00 बजे से 03.02.2025 के अपराह्न 05:00 बजे तक।
6	आपूर्ति हेतु खाद्य सामग्रियों का नमूना (Sample) जमा करने की तिथि।	दिनांक 04.02.2025 से 05.02.2025 के अपराह्न 05:00 बजे तक कार्यालय अवधि में जमा करना होगा।
7	अग्रधन राशि (EMD) (रु2500/–से अधिक होने पर) जमा करने की तिथि	दिनांक 04.02.2025 से 05.02.2025 के अपराह्न 05:00 बजे तक कार्यालय अवधि में जमा करना होगा।
8	निविदा के खुलने की तिथि/समय/स्थान	दिनांक 06.02.2025 को 12:00 बजे अपर समाहर्त्ता, पाकुड़ के कार्यालय कक्ष में ।

नोटः–
1. उपर्युक्त निविदा झारखण्ड सरकार की वेबसाईट https://Jharkhand tenders.gov.in पर केवल e-Tender के माध्यम से प्राप्त/स्वीकृत की जायेगी।
2. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online ही स्वीकार की जायेगी।
3. अतिरिक्त सूचना प्राप्ति हेतु अधीक्षक, मंडल कारा, पाकुड़ के कार्यालय में कार्यालय अवधि में सम्पर्क स्थापित किया जा सकता है। e-Tender को online Upload करने से संबंधित जानकारी हेतु कार्यालय अवधि में Helpline No. 9430342752 से सम्पर्क किया जा सकता है।

PR 344267 Home, Prison And Disaster Management(24-25).D

अधीक्षक
मंडल कारा, पाकुड़

झारखण्ड सरकार
कारा निरीक्षणालय

ई0–निविदा सूचना

1.	कारा का नाम	उपकारा, राजमहल।
2.	विषय	कारा में संसीमित बंदियों के भोजनादी की व्यवस्था हेतु खाद्यान्नों, हरी सब्जियों, आलु, फल, चीनी एवं विविध सामग्रियों के क्रय/आपूर्ति के निमित्त ई0–निविदा का आमंत्रण। (I) द्वितीय त्रैमासिक (दिनांक 01.04.2025 से 30.06.2025 तक) (II) वार्षिक (दिनांक 01.04.2025 से 31.03.2026 तक)
3.	निविदा प्रपत्र का मूल्य (Non Refundable) Online स्वीकार की जायेगी।	₹5,000.00 (पाँच हजार) मात्र।
4.	वेबसाईट पर निविदा प्रपत्र के उपलब्धता की तिथि एवं समय।	तिथि–29.01.2025 से 04.02.2025 तक पूर्वाहन् 10:00 बजे से अपराह्न 05:00 बजे तक।
5.	निविदा Online upload करने की तिथि।	तिथि–29.01.2025 से 04.02.2025 तक पूर्वाहन् 10:00 बजे से अपराह्न 05:00 बजे तक।
6.	आपूर्ति हेतु खाद्य सामग्रियों का नमूना (sample) जमा करने की तिथि।	तिथि–06.02.2025 को पूर्वाहन् 10:00 बजे से अपराह्न 05:00 बजे तक कार्यालय अवधि में जमा करना होगा।
7.	अग्रधन राशि (EMD) (₹ 2500/– से अधिक होने पर) जमा करने की तिथि।	तिथि–06.02.2025 को पूर्वाहन् 10:00 बजे से अपराह्न 05:00 बजे तक कार्यालय अवधि में जमा करना होगा।
8.	निविदा के खुलने की तिथि/समय/स्थान	तिथि– 07.02.2025 को पूर्वाहन 11:00 बजे अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय कक्ष में अनुमंडल पदाधिकारी की उपस्थिति में।

नोट :–
1. उपर्युक्त निविदा झारखण्ड सरकार की वेबसाईट https://jharkhandtenders.gov.in पर केवल e-Tender के माध्यम से प्राप्त/स्वीकृत की जायेगी।
2. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online ही स्वीकार की जायेगी।
3. अतिरिक्त सूचना प्राप्ति हेतु अधीक्षक, उपकारा, राजमहल के कार्यालय में कार्यालय अवधि में सम्पर्क स्थापित किया जा सकता है। e-Tender को online upload करने से संबंधित जानकारी हेतु कार्यालय अवधि में Helpline No.-9430342752 से सम्पर्क किया जा सकता है।

–ह0–
अधीक्षक,
उपकारा,राजमहल

PR 344327 (District)24-25*D

OFFICE OF THE
DEPUTY COMMISSIONER GODDA

Re-Tender

Office of the Deputy Commissioner, Godda, Jharkhand invites proposals from reputed agencies for establishing, Operation and Management of ICU UNIT at Sadar Hospital, Godda, Jharkhand. The table below contains important date and time related to the RFP:

REQUEST FOR PROPOSALS

Office of Issue	District Development Section, Godda,Jharkhand Government of Jharkhand.
Date of Issue	15-01-2025
Last date and time for submission of bids	22-01-2025 12 pm
Date and time for technical bid opening	22-01-2025 2 pm
Date,time &Venuefor Technical presentation and evaluation	District Development Section, Godda
Date and time for financial bid opening and evaluation	22-01-2025 2 pm

Table1: RFP Schedule

For more details on terms and condition visit https://godda. nic .in/

Deputy Commissioner,
Godda

PR.NO.344345 Godda(24-25):D

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल सं0– 2, दुमका

अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना 20 वर्ष 2024–25

1-विभाग का नाम :– पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, झारखण्ड, राँची।
2-परिमाण विपत्रबिक्री की अंतिम तिथि एवं समय :–दिनांक–23.01.2025 अपराह्न 3:30 बजे तक।
3-निविदा प्राप्ति की तिथि :– दिनांक–24.01.2025 अपराह्न 4:30 बजे तक।
4-निविदा खोलने की संभावित तिथि एवं समय :–दिनांक–24.01.2025 अपराह्न 5:00 बजे।
5.परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :–(1) कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल सं0–2, दुमकां। (2)सहायक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता अवर प्रमण्डल संख्या–2, दुमका।
6.निविदा प्राप्ति का स्थान :– कार्यपालक अभियंता,पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल सं0–2, दुमका।
7-निविदा खोलने का स्थान :– कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल सं0–2, दुमका।
8-कार्य की विस्तृत विवरणी :–

क्र0 सं0	कार्य का विवरणी	ग्रुप संख्या	राशि (रूपये में)	अग्रधन की राशि (रूपये में)	परिमाण विपत्र का मूल्य (रूपये में)	कार्य अवधि
1	Construction of 125mm x115mm x 120.0 M deep Drilled Tube Well with IM-II Hand Pump & Drain and Construction of 1.25m Internal Dia and 1.90 m deep Soak/Recharge Pit with 250 mm thick Brick Masonry honeycombed wall with 75 A Brick in CM (1:6) and precast RCC M20 cover slab etc in Block-Jama, Panchayat -Bhutokoriya, Tola - UpparTola	JAMA-ETD	158092.00	3200.00	500.00	10 Days
2	Construction of 200mm x 165mm x 180.00 Mtrs. Deep high yield deep Drilled Tube Well & Installation of Electric Mother Teresa, Village Kurwa, PanchayatKurwa, BlockDumka.	DMK-MOTHER -TERESA	351990.00	7100.00	750.00	15 Days

नोट :– (1) निविदा की शर्ते एवं परिमाण विपत्र विभाबीय वेबसाईट http://dwsd.jharkand.gov.in एवं http://112.133.209.136:8000/dwsd पर अपलोड रहेगा। इच्छुक एजेंसी/संवेदक परिमाण विपत्र वेबसाइट से Download कर निविदा में भाग ले सकते है परन्तु निविदा जमा करते समय परिमाण विपत्र का निर्धारित मूल्य का बैंक ड्रफ्ट तकनी कीबीड के साथ अनुलग्नित करेंगे, जो कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल संख्या–2, दुमका के पदनाम से भुगतेय होगा।
(2) अग्रधन की राशि एवं परिमाण विपत्र का मूल्य घट बढ़ सकती है।
(3) निविदा की अन्य नियम एवं शर्ते कार्यालय के सूचना पट् पर भी देखी जा सकती है।

(रमेश कुमार लोहरा)
कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल संख्या–2, दुमका

PR 344338 Drinking Water and Sanitation(24-25)#D

पाकुड़ से गोड्डा नप में तबादले पर फेडरेशन के सचिव का सदस्यों ने किया स्वागत

गोड्डा । झारखंड लोकल बॉडीज एंप्लॉय फेडरेशन के सचिव नागेंद्र रवानी उर्फ पप्पू रमानी का पाकुड़ से गोड्डा नगर परिषद में पुनः वापसी पर फेडरेशन के सदस्यों द्वारा जोरदार स्वागत और अभिनंदन किया गया। इस दौरान फेडरेशन के नगर अध्यक्ष सोमेश्वर मेहतर ने बताया कि फेडरेशन के सचिव नागेंद्र रमानी का पाकुड़ में स्थानांतरण हो गया था। वहीं आज उनका गोड्डा नगर परिषद में कार्य के योगदान के लिए बुधवार 15 जनवरी को अपने पद पर पुनः वापसी हुई। अब वे नगर परिषद कार्यपालक पदाधिकारी के समक्ष पुनः नगर परिषद के कार्यों में अपना योगदान देंगे। इस दौरान पुराना नगर परिषद कार्यालय में यूनियन की एक बैठक आयोजित की गई। वहीं उक्त कार्यक्रम में फेडरेशन के नगर अध्यक्ष सोमेश्वर मेहतर, दीपक पासवान, गणेश यादव, मुन्नी देवी, आशा देवी, फूलों देवी, जूली देवी, कालू देवी, पुटकी देवी, रूबी देवी, ज्योति देवी, मांगी मोहाली, अजय यादव, दीपक कुमार, अविनाश कुमार, अरुण मोहाली इत्यादि सभी कर्मी मौजूद थे।

कांग्रेस का विरोध प्रदर्शन- भाजपा के संविधान बदलाव के प्रयासों का विरोध

मिहिजाम। कांग्रेस पार्टी ने संविधान रक्षा अभियान के तहत शिवली बाड़ी पंचायत के मोहुलबोना गांव में एक शक्तिशाली विरोध प्रदर्शन आयोजित किया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष दाऊद अंसारी ने की, जबकि कार्यकारी जिला अध्यक्ष विजय कुमार दुबे, जामताड़ा प्रखंड के प्रभारी अभय कुमार पांडे, जिला प्रभारी मधुसूदन चंद्र, पंचायत मुखिया शिवधन हांसदा समेत कई अन्य प्रमुख नेता उपस्थित रहे। कार्यकारी जिला अध्यक्ष विजय कुमार दुबे ने अपने संबोधन में कहा, भाजपा सरकार संविधान में छेड़छाड़ करने की कोशिश कर रही है, जिसे कांग्रेस पार्टी कभी सहन नहीं करेगी। उन्होंने यह भी बताया कि इस विरोध अभियान को झारखंड के हर गांव और जिले में चलाया जा रहा है और यह अभियान 25 जनवरी तक चलेगा। प्रखंड अध्यक्ष दाऊद अंसारी ने इस अभियान का मुख्य उद्देश्य स्पष्ट करते हुए कहा, हमारा यह विरोध उन वर्गों के अधिकारों की रक्षा के लिए है, जिन्हें भाजपा सरकार कमजोर करने का प्रयास कर रही है। उन्होंने यह भी कहा कि कांग्रेस पार्टी यह सुनिश्चित करेगी कि संविधान में कोई भी बदलाव न हो, और यह देश बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के संविधान के तहत चलेगा, न कि भाजपा के बनाए संविधान के तहत। कार्यक्रम के दौरान सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे, जिनमें उमा पद बाउड़ी, काजल भंडारी, भैरव माझी, विद्युत मंडल, ताहिर हुसैन, माधव मंडल, इस्लाम अंसारी, मुबारक अंसारी, दीपक खा, महेश्वर मुर्मू, इरफान अंसारी, वाहिद अली अंसारी, मिराज अंसारी, अलीमुद्दीन अंसारी, मजीद अंसारी, जयदेव मरांडी, तस्लीम अंसारी, राजेश हेंब्रम, प्रदीप बेसरा, सुनीता पहाड़िया, शांति बाउरी जैसे प्रमुख कार्यकर्ता शामिल थे।

रोड सेफ्टी कप 25 गोड्डा सीनियर ने गोड्डा यूथ को 6 रनों से किया पराजित

गोड्डा । जिला क्रिकेट संघ के तत्वाधान में गांधी मैदान में आयोजित रोड सेफ्टी कप में बुधवार को खेले गए मुकाबले में गोड्डा सीनियर ने गोड्डा यूथ को 6 रनों से पराजित किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए गोड्डा सीनियर की टीम ने 25 ओवर में 6 विकेट के नुकसान पर 171 रनों का स्कोर खड़ा किया। सन्तोष विराट सिंह 90 रन एवं प्रियांशु यादव ने 35 रनों की पारी खेली। कुमार ऋषिकांत एवं राहुल दत्ता ने 2-2 विकेट प्राप्त किए। जवाब में गोड्डा यूथ की टीम 25 ओवर में 10 विकेट नुकसान पर 165 रन पर सिमट गई। अभिनव कुमार 29 रन एव तौसीफ हुसैन ने 27 रनों की पारी खेली। कुमार हर्षित ने 6 विकेट एवं नीतीश कुमार ने 2 विकेट प्राप्त किए। अंपायर की भूमिका में प्रभुनाथ साह एवं मोनू कुमार तथा स्कोरर मनीष कुमार थे। इस अवसर पर क्रिकेट संघ के संयोजक संजीव कुमार, कोषाध्यक्ष सनोज कुमार सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।

माघ के पहला दिन पर आख्यान पूजा



कुंडहित (जामताड़ा) । वुधवार को कुंडहित प्रखंड के रूपनारायणपुर, सीमा, खाजुरी, काटना, डुमरा, चन्द्रडिह, गड़शेमुला, बागडेहरी, अम्बा, नगरी, शलुका, सहित अधिकतर बंगाली समुदाय गांवो में आख्यान पुजा का आयोजन धुमधाम से किया गया। मान्यता के अनुसार बंगला पंचाग अनुसार माघ महिने के पहला दिन पर देव पक्ष के प्रथम दिन माना जाता है। उसी दिन सभी परिवारों द्वारा परिवार के कुल देवी-देवियों का पूजा अर्चना कर आहवान किया जाता है। आख्यान पूजा मे मनोकामना की पुर्ति होने पर श्रद्धालुओ द्वारा बड़े तादात में बकरा, भेड़, मुर्गा, कबुतर आदि की बलि देकर देव-देवियों की संतुष्ट की जाती है। वही प्रसाद के रुप में बलि दिया गया प्शुओ का मांस तथा खिचड़ी भोग लगाया जाता है। अधितर गांव मे आख्यान पुजा का आयोजन ग्राम देवता के स्थल पर किया जाता है। बहरहाल वुधवार को कुंडहित मुख्यालय सहित आस पास के इलाके में आख्यान पुजा बेहद धुमधाम के साथ मनाया गया। अख्यान पूजा के अवसर पर प्रखंड के सीमा गांव के भैरबस्थान पर एक भव्य मेला का आयोजन किया जाता है। मेला को लेकर बड़ी संख्या मे सीमा गांव के अलावे खजुरी, बामुनभुई, खैरबुनी, घीढाला, प्रसादपुर, बड़सुली सहित दर्जनो गांव के छोटे बड़े महिला पुरुष पूजा स्थल पहूँचकर माथे टिके तथा मेला का आनंद उठाया। इस दौरान सीमा गांव के मनोरंजन सिंह ने बताया प्रतिवर्ष बंगला माघ महिना के पहला दिन गांव के भैरब स्थान पर पूजा अर्चना किया जाता है। पूजा को लेकर सीमा के अलावे खजुरी, खैरबुनी, बामुनभुई, बड़शुली, सहित दर्जनों गांव के लोग पूजा अर्चना करने पहूँचते है। भक्तों का मनोकामना पूर्ण होने पर देव स्थान पर आकर पाठा बली चड़ाते है। इस साल भी बड़ी संख्या में पाठा बली दिया गया।

श्रम नियोजन मंत्री ने किया नगर परिषद क्षेत्र के विभिन्न योजनाओ का शिलान्यास

संवाददाता

गोड्डा । श्रम नियोजन प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग -सह- उद्योग विभाग मंत्री संजय प्रसाद यादव ने बुधवार को नगर परिषद क्षेत्र अंतर्गत 18 योजनाओं का शिलान्यास किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मंत्री संजय प्रसाद यादव, उप विकास आयुक्त स्मिता टोप्पो, अनुमंडल पदाधिकारी बैद्यनाथ उरांव, नगर प्रशासक सह जिला जनसंपर्क पदाधिकारी आशीष कुमार सहित विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के गरिमामयी उपस्थिति में संयुक्त रूप से द्वीप प्रज्वलित कर किया गया। मंत्री संजय प्रसाद यादव ने आम जनों को संबोधित करते हुए कहा कि नगर परिषद क्षेत्र में विकास योजनाओं को त्वरित गति से संपन्न कराया जाएगा तथा क्षेत्र से जुड़ी सभी समस्याओं का जल्द समाधान कर हर वार्ड में जरूरत के हिसाब से विकास योजनाओं गति प्रदान की जाएगी। मौके पर विभिन्न वार्डों के वार्ड परिषद एवं नगर परिषद के कर्मी गण मौजूद थे।

करमदाहा मेले का स्वास्थ्य मंत्री ने किया उद्घाटन, पहुंचे लाखों श्रद्धालु

संवाददाता

जामताड़ा । झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री सह जामताड़ा विधायक डॉ. इरफान अंसारी ने मकर संक्रांति के शुभ अवसर पर जामताड़ा-धनबाद सीमा पर स्थित ऐतिहासिक करमदाहा मेला का भव्य उद्घाटन किया। यह मेला 400 वर्ष से ज्यादा पुरानी परंपरा का हिस्सा है और धार्मिक एवं सांस्कृतिक दृष्टि से क्षेत्र के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। इस वर्ष भी हजारों श्रद्धालु और स्थानीय लोग उत्साह से इस मेले का हिस्सा बने। कार्यक्रम के शुरुआत में डॉ. इरफान अंसारी ने मेला क्षेत्र का दौरा किया और बाबा दुखिया के मंदिर में पूजा-अर्चना की। उन्होंने मंदिर में बाबा के आशीर्वाद से अपनी सेवा को और बेहतर बनाने का संकल्प लिया। उद्घाटन के दौरान उन्होंने कहा, ÷यह मेरे लिए गर्व की बात है कि मैं इस ऐतिहासिक करमदाहा मेला का उद्घाटन कर रहा हूं। बाबा दुखिया के आशीर्वाद से मुझे निरंतर सफलता मिलती रही है और मैं हमेशा क्षेत्र की सेवा में समर्पित रहूंगा। मंत्री ने मेला आयोजन के लिए किए गए व्यवस्थाओं की सराहना की और कहा कि श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं हो, इसके लिए सभी आवश्यक सुविधाओं का ध्यान रखा गया है। उन्होंने कहा साफ-सफाई, सुरक्षा और यातायात व्यवस्था में कोई कमी नहीं रखी जाएगी, ताकि श्रद्धालु अपने धार्मिक अनुष्ठान पूरी श्रद्धा से कर सकें। मंत्री ने भाजपा पर कटाक्ष करते हुए कहा कि वे क्षेत्र की समृद्ध संस्कृति से कुछ सीख सकते हैं, जहां विभिन्न धर्मों और संस्कृतियों के लोग मिलजुल कर रहते हैं। डॉ. अंसारी ने आगे कहा, ÷हमारा क्षेत्र आपसी प्रेम और सौहार्द्र का प्रतीक है। यहां धर्म, जाति और समुदाय से परे लोग एकजुट रहते हैं। उन्होंने यह भी बताया कि दुखिया बाबा मंदिर का व्यापक विकास किया जाएगा ताकि श्रद्धालुओं को और बेहतर सुविधाएं मिल सकें। उन्होंने श्रद्धालुओं से अपील की कि वे मेले का आनंद लें और सुरक्षा की दृष्टि से सतर्क रहें। इसके साथ ही उन्होंने प्रशासन और आयोजन समिति को निर्देश दिया कि मेले की सुरक्षा और व्यवस्था में कोई कमी न रहे। मेला उद्घाटन के मौके पर उप विकास आयुक्त निरंजन कुमार, प्रखंड विकास पदाधिकारी, मेला कमेटी के अध्यक्ष इलियास अंसारी और अन्य जिला प्रशासन के अधिकारी भी उपस्थित थे। उन्होंने मेले के सफल आयोजन की कामना की और श्रद्धालुओं को बेहतर सेवाएं प्रदान करने के लिए जिला प्रशासन की तैयारियों पर संतोष जताया। यह मेला 30 जनवरी तक जारी रहेगा और इस दौरान लाखों श्रद्धालु इसे देखने और भाग लेने के लिए करमदाहा आएंगे। प्रशासन ने सभी आवश्यक सुरक्षा इंतजाम किए हैं और मेले के दौरान श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए विभिन्न प्रकार की सुविधाएं उपलब्ध कराई हैं।

आमलादही मार्केट व्यवसायी वेलफेयर समिति का चुनाव प्रक्रिया शुरू

चितरंजन- चितरंजन रेलनगरी के प्रमुख बाजार आमलादही में व्यवसायी वेलफेयर समिति का नये सिरे से गठन किया जाएगा। इसके लिए बुधवार को आयोजित बैठक में पुरानी समिति को भंग कर चुनाव समिति का गठन किया गया। चुनाव समिति का मुख्य कार्य दुकानदारों के बीच मतदान प्रक्रिया को संचालित कर नई समिति का गठन करना होगा। समिति के सदस्य जयबर्द्धन चौधरी ने जानकारी देते हुए बताया कि आमलादही बाजार में हर तीन साल में व्यवसायी समिति का गठन होता है, जिसमें चुनाव और मतदान की प्रक्रिया अपनाई जाती है। चुनाव समिति के अध्यक्ष के रूप में उत्पल कर को चुना गया है। नई समिति में आमलादही बाजार के लगभग 400 दुकानदारों को शामिल किया जाएगा। इस प्रक्रिया से व्यवसायियों को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए एक मजबूत मंच मिलेगा। इसके साथ ही, बाजार के विकास और समृद्धि के लिए यह एक सकारात्मक कदम साबित होगा। चुनाव प्रक्रिया के लिए दुकानदारों की सूची तैयार की जाएगी और आगामी चुनाव में सभी मतदाता अपनी आवाज उठाने के लिए तैयार हैं। यह चुनाव समिति पारदर्शिता और निष्पक्षता के साथ प्रक्रिया को संपन्न करने के लिए प्रतिबद्ध है।

साइबर ठग को गिरफ्तार कर भेजा गया जेल, मोबाइल, सिमकार्ड, बाइक जब्त

गोड्डा । बीते मंगलवार को प्रतिबिम्ब एप्प के माध्यम से पुलिस को ज्ञात हुआ कि मुफस्सिल थाना क्षेत्र के ग्राम तेलोलिया में एक युवक के द्वारा ऑनलाईन साईबर ढगी किया जा रहा है। उक्त सूचना का सत्यापन हेतु पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार एक टीम का गठन किया गया। गठित टीम के द्वारा मुफस्सिल थाना क्षेत्र के ग्राम तेलोलिया में मिल रहे लोकेशन पर विधिवत छापामारी किया गया। छापामारी के दौरान पुलिस को देखते ही लड़का घर के पीछे के दरवाजा से भागने लगा, जिसे पुलिस बल द्वारा पकड लिया गया। इससे कड़ाई से पूछ-ताछ करने पर इसके द्वारा बताया गया कि फोन के माध्यम से साईबर ढगी करने का बात स्वीकार किया तथा उसके पास से बरामद बुलेट बाईक भी उसी पैसे से खरीदने की बात बताया है। छापामारी के क्रम में उसके पास से प्रतिबिम्ब एप्प में प्रयोग किया गया मोबाईल एवं सिम कार्ड/आधार कार्ड/पैन कार्ड/गाड़ी का पेपर आदि बरामद किया गया है। उक्त अभियुक्त को गिफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा रहा है। उक्त मामले में अभियुक्त की गिरफ्तारी के पश्चात गोड्डा अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अशोक प्रियदर्शी ने प्रेस वार्ता कर पूरे मामले की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि मामले में पड़ताल जारी है जल्द ही साइबर ठगी में संलिप्त अन्य को भी कर लिया जाएगा। उन्होंने बताया कि साइबर ठग करने वाला बैंक का स्टाफ और कस्टमर केयर बनकर लोगों से बात कर उससे ठगी करता था। वहीं गिरफ्तारी अभियुक्त की पहचान सोनू कुमार मंडल, पिता छेदी मंडल, साकिन तेलोलिया, थाना मुफस्सिल, जिला गोड्डा के रूप में हुई। छापेमारी में दो मोबाईल फोन, एक डेबिट कार्ड, एक आधार कार्ड, एक पैन कार्ड, एक बुलेट मोटर साईकिल बरामद कर जब्त किया गया। छापामारी दल में पुलिस उपधीक्षक गोड्डा, कुमार गौरव, पुलिस निरीक्षक मधुसुदन मोदक, सदर प्रभाग, पुलिस निरीक्षक सह नगर थाना प्रभारी दिनेश महली, पुलिस अवर निरीक्षक कृष्णा कुमार साह, थाना प्रभारी, मुफस्सिल तकनीकी शाखा के कर्मी, सशस्त्र बल मौजूद थे।

मकर संक्रांति पर तीन दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन

गोड्डा - मकर संक्रांति एवं सोहराय के शुभ अवसर पर छात्र संघ क्लब, रघुनाथपुर द्वारा तीन दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। जहां मंगलवार को इस तीन दिवसीय फुटबाल टूर्नामेंट का विधिवत उद्घाटन हुआ। आयोजित टूर्नामेंट में झामुमो जिला उपाध्यक्ष सह केंद्रीय समिति सदस्य घनश्याम प्रसाद यादव उपस्थित हुए और उन्होंने खिलाडियों से परिचय प्राप्त करने बाद फुटबॉल में किक मारकर मैच का उद्घाटन किया। बालक फुटबॉल टूर्नामेंट में रोहिण टोला ने झामुमो क्लब, रामगढ़ को 1/0 से हराकर फाइनल मुकाबले में प्रवेश किया। वहीं बालिका फुटबॉल टूर्नामेंट में स्टूडेंट फुटबॉल क्लब, पोडैयाहाट ने परसोती को शूटआउट में हराकर फाइनल में अपनी जगह बनाई। वही लंगड़े नृत्य प्रतियोगिता में बड़ा सुंदर पहाड़ी को प्रथम, जादूडीह को द्वितीय एवं कुशहा गोड्डा को तृतीय स्थान मिला। फुटबॉल टूर्नामेंट में बालक टीम को प्रथम पुरस्कार 20 हजार द्वितीय पुरस्कार 15 हजार, तृतीय एवं चतुर्थ पुरस्कार 6 हजार रुपए दिए गए। वहीं बालिका फुटबॉल टूर्नामेंट के प्रथम पुरस्कार 6 हजार एवं द्वितीय पुरस्कार 3 हजार दिया गया। लंगड़े नृत्य में प्रथम पुरस्कार 15 हजार द्वितीय पुरस्कार 10 हजार एवं तृतीय पुरस्कार 5 हजार रुपए उपस्थित सभी अतिथियों के हाथों दिया गया। फुटबॉल प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार का वितरण झामुमो जिला उपाध्यक्ष सह केंद्रीय समिति सदस्य घनश्याम प्रसाद यादव पंचायत की मुखिया एवं मुखिया प्रतिनिधि सीमोन मरांडी, श्याम हेमब्रम के द्वारा किया गया, पारितोषिक वितरण के पहले अतिथियों के द्वारा जिसमें श्याम हेंब्रम सिमोन मरांडी एवं घनश्याम यादव के द्वारा सभी को संबोधित कर नव वर्ष की बधाई एवं खेल के प्रति रुझान को देखते हुए बधाई दी गई।

कुड़मी विकास मोर्चा की ओर से टुसु विदाई सह शोभायात्रा का आयोजन

पथरगामा / गोड्डा । टुसु परब के शुभ अवसर पर प्रखंड के पिपरा पंचायत अंतर्गत होपना टोला में टुसु का विदाई सह शोभायात्रा निकाला गया। शोभायात्रा सुबह से लेकर शाम तक चली जिसमें पीला- लाल पाड़ वाली साड़ी पहनकर सभी माता बहनें, ढोल- नगाड़ा मांदर के साथ गीत गाकर दिन भर झूमर गीतों में झूमे। इस मौके पर उपस्थित कुड़मी विकास मोर्चा के केंद्रीय प्रधान प्रवक्ता सह संथाल परगना प्रभारी दीपक महतो ने बताया कि टुसु परब मुख्य रूप से झारखंड बंगाल उड़ीसा के लोगों का मुख्य परब है यह परब पूरे एक माह तक चलता है। टुसु परब के एक माह पहले डिनि उठाया जाता है। उसके बाद एक माह तक शाम को डिनि (टुसू) गीत गाकर कुंवारी लड़कियां टुसु जगाती है। मकर परब के दिन रंग बिरंगे टुसु चौड़ल बनाकर भव्य शोभायात्रा सह विदाई यात्रा निकाली जाती है। वहीं डिनि व टुसु चौड़ल की अंतिम विदाई नदी में दी गई। बताया कि कुड़मी जनजाति का बारह मासे तेरह परब होता है अपने समाज से अपील कर कहा कि अपने परब त्योहार संस्कृति को बचाकर रखें, कुड़मी समुदाय का सभी परब कृषि आधारित है आपन परब आपन गरब। टुसु परब साल का सबसे लास्ट परब है। हर साल टुसू परब वृहद स्तर पर मनाई जाएगी। इस मौके पर मुख्य रूप से कुड़मी विकास मोर्चा के प्रखंड सचिव अजय डुंगरीआर, दशरथ महतो, राजेश महतो, उदय महतो, मदन महतो, दीपक महतो, राकेश महतो, रामदुलाल महतो, रतन महतो, सोनु, राधे, दुर्योधन, अंगद, गौतम, लालजी, भजनलाल, पंकज, प्रीतम, चंदन, अक्षय, उत्तम, रबिन्द्र, संजय, ललन, संतोष, धन्नजय, नीलकंठ, पवन, कुंदन, अजय, प्रियेष, सोनी महतो, प्रेमलता महतो, चंचला महतो, दयालता महतो, रिंकी, काजल, रितू, लक्ष्मी, रिमझिम, अनुपम, प्रिया, आरती, मंजू, सुनैना, फूलकुमारी, बिंदु, संजू, मीणा, चुन्नी, पायल, बिच्छो, जूही, दीप्ति श्री आदि महिला, पुरुष, बच्चे उपस्थित थे।

एकदिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन, अमित 11 बने विजेता

फतेहपुर (जामताड़ा) । मकर संक्रांति के शुभ अवसर पर प्रत्येक वर्ष की भांति लगातार दसवां वर्ष सिंह ब्रदर्स आराई की ओर से आराई क्रिकेट ग्राउंड में एकदिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। जिसमें कुल 8 टीमों ने भाग लिया। फाइनल मुकाबला अमित 11 बनाम् कंचन 11 के बीच खेला गया। जिसमें अमित 11 के द्वारा तीन ओवरों में 44 रनों का लक्ष्य दिया गया, वही कंचन 11 टीम 27 रनों पर ही सिमट गई। जिसमें अमित 11 टीम 17 रनों से विजेता बने। जिसे समाज सेवी युवा नेता मनोज गोस्वामी के द्वारा ट्राफी एवं नगद 3500/- रुपये देकर पुरस्कृत किया गया एवं उपविजेता कंचन 11 को जामजोड़ी पंचायत की मुखिया प्रमिला मुर्मू के द्वारा ट्रॉफी एवं नगद 3000 रुपए देकर पुरस्कृत किया गया। पूरे टूर्नामेंट में सबसे बेहतरीन प्रदर्शन करने के लिए बुलेट को मैन ऑफ द टूर्नामेंट का पुरस्कार फतेहपुर थाना प्रभारी रंजीत प्रसाद गुप्ता के द्वारा दिया गया। वही फाइनल मुकाबले में बेहतरीन खेल का प्रदर्शन करने के लिए प्रभात कुमार को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार फतेहपुर थाना के एएसआई संतोष गोस्वामी के द्वारा दिया गया। इस टूर्नामेंट का शुभारंभ समाज सेवी युवा नेता मनोज गोस्वामी, जामजोड़ी पंचायत के मुखिया प्रमिला मुर्मू, पंचायत समिति तपन कुमार मोची, बबलू मोची के द्वारा किया गया। मौके पर सिंह ब्रदर्स के सभी सदस्य उपस्थित रहे।

जनता दरबार में डीसी ने सुनी आम जनों की समस्या



गोड्डा । आम जनमानस के समस्याओं के समाधान और त्वरित निष्पादन को लेकर बुधवार को जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त जिशान कमर के द्वारा जनता दरबार का आयोजन किया गया। इस दौरान जिले के शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों ने जनता दरबार में आकर अपनी समस्याओं को उपायुक्त के समक्ष रखा। उपायुक्त ने वहां उपस्थित सभी लोगों से एक-एक कर उनकी समस्याएं सुनी एवं आश्वस्त किया कि संज्ञान में आए हुए सभी शिकायतों की जांच कराते हुए जल्द से जल्द समाधान किया जाएगा। वहीं उपायुक्त के द्वारा आयोजित जनता दरबार में शिकायतकर्ताओं की समस्याओं को सुनने के पश्चात सभी संबंधित अधिकारियों को प्राप्त शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई करने हेतु अग्रसारित किया गया। उन्होंने संबंधित पदाधिकारियों से आमजनों की समस्याओं की प्राथमिकता को तय करते हुए मामलों का यथाशीघ्र निष्पादन करने एवं उससे संबंधित प्रतिवेदन जनशिकायत कोषांग में समर्पित करने का निर्देश दिया।

राज्य दिव्यांग क्रिकेट संघ ने किया मंत्री संजय यादव का किया अभिनंदन

गोड्डा। झारखंड राज्य दिव्यांग क्रिकेट संघ द्वारा बुधवार को मंत्री झारखंड सरकार सह गोड्डा विधायक संजय यादव का गर्मजोश अभिनंदन किया गया। उक्त आशय की जानकारी देते हुए संघ के कार्यकारी अध्यक्ष सह गोड्डा जिलाध्यक्ष सुरजीत झा ने बताया की झारखंड राज्य दिव्यांग क्रिकेट संघ के महासचिव एवं राष्ट्रीय स्तर पर ख्याति प्राप्त क्रिकेटर मनीष कुमार सिंह द्वारा अपने संघ के प्रदेश अध्यक्ष का पुष्प अभिनंदन किया गया। श्री सिंह ने कहा कि मंत्री महोदय के अध्यक्षीय कार्यकाल में गोड्डा की मेजबानी में संपन्न ईस्ट जोन चैंपियनशिप जिसमे झारखंड सहित छह राज्यों ने हिस्सा लिया था, के आयोजन की भव्यता की आज भी सभी राज्य चर्चा करते हैं। कहा की इनके मंत्री बनने से राज्य के सभी दिव्यांग खिलाड़ियों के दिल में एक उम्मीद की लौ जली है।

नेहरू युवा केंद्र के तत्वाधान में प्रखंड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

जामताड़ा । नेहरू युवा केंद्र जामताड़ा के तत्वाधान में बुधवार को नाला प्रखंड के जसपुर फुटबॉल मैदान में प्रखंड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में फुटबॉल, एथलेटिक्स और 400 मीटर रेस के विभिन्न इवेंट्स में बालक और बालिका वर्ग के खिलाड़ियों ने भाग लिया। वही इस प्रायोजित में मुख्य अतिथि के रूप में मुखिया नेभलाल मरांडी उपस्थित हो कर खिलाडियों से परिचय प्राप्त कर बॉल को किक मारकर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। वही फुटबॉल के फाइनल मैच में एस.के. फुटबॉल क्लब जसपुर और रॉयल संथाल हरिपुर के बीच मुकाबला हुआ। इस मैच में एस.के. फुटबॉल क्लब जसपुर ने विजय प्राप्त की, जबकि रॉयल संथाल हरिपुर उपविजेता रहा। वही 400 मीटर रेस में बालक वर्ग में प्रथम स्थान पर तरुण हेम्ब्रोम, द्वितीय स्थान पर प्रसंजित हेम्ब्रोम और तीसरे स्थान पर सिमोल हंसदा रहे। सभी विजेता और उपविजेता खिलाड़ियों को ट्रॉफी और प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि नेभलाल मरांडी ने अपने संबोधन में कहा कि नाला प्रखंड के खिलाड़ियों में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है। सभी ने खेल को खेल भावना से खेला है।

जिले के विभिन्न पंचायतों में 90 दिवसीय इंटेंशिव शिविर आयोजित

गोड्डा । जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से जिले में पंचायत स्तर पर 90 दिवसीय गहन जागरुकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में बसंतराय की डालसा की टीम ने क्षेत्र के राहा, कोरियाना, धपरा,सोहराय गांवों में जाकर लोगों को जागरुक किया। डालसा की ओर से गठित टीम में शामिल जायसवाल मांझी व जोबाती मुर्मू ने ग्रामीणों को,मानव तस्करी ,बाल विवाह आदि के बारे में जानकारी दी । उन्होंने कहा कि समाज के उत्थान में शिक्षा सबसे जरुरी है। इसलिए अपने बच्चों को पढ़ने के लिए स्कूल जरुर भेजें। बच्चों से कभी भी मजदूरी नहीं करायें। बच्चों से मजदूरी कराना कानूनन अपराध है। स्थानीय स्तर पर बच्चों की पढ़ाई के लिए पठन- पाठन की बेहतर व्यवस्था है। आज विद्यालयों में मध्याह्न भोजन , पोशाक व छात्रवृति की भी व्यवस्था है। वहीं किसी प्रकार की समस्या होने पर विधिक सेवा की भी व्यवस्था है। बेटा और बेटी को समान रूप से शिक्षित करने की जरुरत है। महिला शिक्षा के प्रति समाज में जन जागरुकता जरुरी है। इसके अलावा शिक्षा का अधिकार, पोक्सो, बाल श्रम, बाल विवाह आदि से संबंधित जानकारी दी गई। इसी प्रकार मेहरमा में रामविलास महतो एवं सुषमा मरांडी , बोआरीजोर में दयानंद यादव एवं अनिता टुडू, ठाकुरगंगटी में विमल टुडू एवं मुन्नी रानी, महागामा में जयकृष्ण यादव एवं स्टेशिला हेम्ब्रम, पोड़ैयाहाट में मो. हसीब व शंकर चंद्र सेन, पथरागामा में दिलीप यादव व मीणु बेसरा आदि ने भी शिविर आयोजित कर विविध जानकारी दी।

हार्ट अटैक लागित् खासकाय रे गांदा कोलेस्ट्रोल गे जिमादार

नावाँ दिल्ली। राबाङ ओकते रे हार्ट अटैक लागित् गांदा कोलेस्ट्रॉल गे जिमादार ताहेंन काना। राबाङ रे हार्ट साँव जोनोड़ाव मुसकिलाक्को जासती जेलोक् काना। नोआ रेयाक् आडी माराङ कारोन मेनाक्आ कोलेस्ट्रॉल लेवल रेयाक् उसारा ते बाढ़ाक्। कोलेस्ट्रॉल एलडीएल आर एचडीएल दो बार लेकान ताहेंन काना। तिन रे कोलेस्ट्रॉल हाई सेच् चालाक् काना तोबे नोआ दो चिपचिपा पदार्थ मायाम रे गंदगी लेका ढेरोक् लागाक् काना। मायाम रे मोम लेका चिपचिपा कोलेस्ट्रॉल आतूक् ते धमनिको रे जागाह कोमोक् काना आर मायाम दो हार्ट हाबिच् सेटेरोक् रे दिकातोक् काना। तिन रे हार्ट रे मायाम बाङ सेटेरोक् काना तोबे हार्ट अटैक, स्ट्रोक नोण्डे हाबिच् जे हार्ट फेल्योर रेयाक् जोखिम हों ढेरोक् काना। आज्जोम मोनेयान नोआ काथा काना जे होड़मो रे कोलेस्ट्रॉल बाढ़ाव लागित् खुद गेबोन जिमादार काना। नितोक् कुकली मेनाक्आ जे आखिर राबाङ रे कोलेस्ट्रॉल लेवल चेदाक् जासतीक् काना। ढेरोक् कोलेस्ट्रॉल चेकाते कंट्रोल दोहोक्आ? राबाङ रे कोलेस्ट्रॉल लेवल मित् रिपोर्ट लेकाते, राबाङ रे ब्लड वेसल संकुचित गोदोक् काना। नोआ ते ब्लड सर्कुलेशन चापोटोक् काना। ब्लड प्रेशर ढेरोक् काना आर हार्ट रे दबाव ढेरोक् काना। नोडकान हालोत रे जुदी हाई कोलेस्ट्रॉलवाला डाइट बाङ दोहो लेखान तोबे नोआ दो हार्ट रे जासती दबावोक्आ।

जिला परिषद अध्यक्ष दो सामीक्षा दुपुडुपुए ओराम केदा, आयमाय हुकुमात्कोआ

लोहरदगा। जिला परिषदाक् सामीक्षा दुपुडुपु जिला परिषद सभागार रे बुधवार हिलोक् होय एना। नोआ दो जिला परिषद अध्यक्ष रीना कुमारी भगतए आयुर केदा। ताक रे डीडीसी भुवनेश प्रताप सिंह घालोक् वरीय पदाधिकारी, सांसद विधायक प्रतिनिधि आर जिला परिषद बोर्ड रेन रासियाको ताहेंकाना। सामीक्षा दुपुडुपु ओकते जोतो विभाग खोन पारी-पारी ते कामी रेयाक्ए सामीक्षा केदा। नोआ ओकते जिला परिषद अध्यक्ष दो आयमाय हुकुम बातलावात्कोआ। सामीक्षा ओकते लोहरदगा पीएचडी विभाग रेयाक् लालिस सामाङ हेच् एना। जिला रे चालाक् कान हर घर नल जल योजना रे आडी लापरवाही होय आकाना आर कामीको आतरा गेको होंको बागी आकावादा। नोते जाहां कामी पुरावेना ओण्डे त्रुटिको आयमा मेनाक्आ। नोआ जेल तुलुच् जिला परिषद अध्यक्ष रीना कुमारी भगत विभाग रेन कार्यपालक अभियंताको केटेच् ते हुकुमाको तुलुच् मित् हापता भितार ते रिपोर्ट जोमाय रेयाक्ए हुकुम आकावात्कोआ।

खाण्डा-बाण्डा सालाक् ते एयाय गोटेच् कुरमुताहाको साप् केत्कोआ

खबोरिया

लातेहार। जिला रेयाक् चंदवा थाना टोठा रेयाक् चिरो मोड़ ठेन खोन पुलिस दो खाण्डा-बाण्डा सालाक् ते एयाय गोटेच् कुरमुताहाको साप् केत्कोआ।साप्केत्को कुरमुताहाका रे जगदीश सिंह, बबलू सिंह, दीपक सिंह,गणश यादव, मनोज सिंह, अशोक लोहरा आर रॉकी कुमार साव सेलेत् मेनाया। जोतो कुरमुताहा चंदवा थाना टोठा रेन ताहेंनोक्को कानाको।सागुनमाहां हिलोक् खोबोरियाकोवाक् सेमेलेत् रे एसपी कुमार गौरव दोय लाई केदा जे पुलिस दो भितरी-भितरी ते खोबोरे आम लेदा जे चंदवा थाना टोठा रेयाक् चिरो मोड़ ठेन थोड़गान कुरमुताहाको जारवा आकाना। खोबोर आम तायोम डीएसपी अरविंद कुमाराक् आयुर रे पुलिस टीमको गोठेन केदा आर कुरमुताहाको जापुत् केत्कोआ। पुलिस दो उन ओकते एयाय गोटेच् कुरमुताहाको साप् केत्कोआ। एसपी दोय लाई केदा जे पारोमेन 10 जनवरी हिलोक् चंदवा थाना टोठा रेयाक् लतदाग आतो ठेन सोड़ोक बेनाव साइडिंग रे नोको कुरमुताहा दोको गुलीबारी लेदा। जोतो कुरमुताहा राहुल सिंह दोल लागित्को कामीकान ताहेंकाना। नोकोवाक् आसोल धंधा दो होड़ बोतोर ओचो काते रोंगदारी टाका कोयको रेयाक् ताहेंकाना। एसपी दोय लाई केदा जे दोल रे सेलेत् मेनाक्को एटाक्को कुरमुताहा साप्को लागित् हों पुलिस दोको जापुत् इदियेत् काना।

प्रखंड रेयाक् जुदा-जुदा आतो रे रासका सालाक् होय एना आखान पूजा

रानीश्वर। बांग्ला पयला माघ रे जुदा-जुदा आतोको रे चासी आर कामिया होड़ दो आडी रासका सालाक् आखानको पूजा केदा। सादीपुर आतो रे चक दाना रे मेनाक् पूजा मंडप रे किस्टपुर आतो रेन सेवाईत संजीत खयरा दोय पूजा केदा। नोंडे भोकतो दो पूजा तायोम सुड़ा प्रसादको जोम केदा। नोंडे दाना रेयाक् पूजा रे पाउरा, गांजाको सामाडा। सांवते नोंडे सीम, गेडे आर पारवाको दाड़ेंकोआ। आतो रे आयमा जागा रे आखान पूजा होयोक् काना।

पंचवटी अपार्टमेंट रे होय एना तापाम, चालावेना तारवाड़े, जेल तेको कोल केदेया हमलायिच्

खबोरिया

रामगढ़। रामगढ़ शहर रेयाक् पंचवटी अपार्टमेंट रे दोड़हा ते दाल-तापाम होयेन खातिर डामड़ाही आकाना। नोआ अपार्टमेंट रे जावगे बार पाहटा ताला रे तापाम होय आगुवाकाना। नोआ धाव तापाम दो आडी जासती गे होय एना आर तारवाड़े हों चालावेना। नोआ रे मित्टेन होड़ राजेश कुमार अग्रवाल उर्फ राजू अग्रवाल दोय जोखोमेना। पुलिस दो जेमोन गे ताल-तापामाकान रेयाक् नोआ खोबोरको जाम केदा खान पुलिस दो हमलायिच् अरुण कुमार गोयल दोको साप् केदेया। राजेश कुमार अग्रवाल उपार रे पंचवटी अपार्टमेंट रे ताहेंनोक्कान अरुण कुमार गोयल दो उन ओकतेय हमला लेदा, तिन दो उनी गिदराको स्कूल बस रेय देचगोत्काक्को ताहेंकाना। हमला ओकते जोतो खोन लाहा रे दाल-तापाम होय एना आर ओना तायोम होटोक्ए गेर केदेया। थोड़ागान होड़को छाडावकात्किना मेनखान अरुण कुमार गोयल दो बाय थिर लेना। उनी दो ओड़ाक् ते चालाव काते तारवाड़े ओडोङ केदा आर दोड़हा तेय हमला केदा, ओनका रे रजेश दोय जोखोमेना। पंचवटी अपार्टमेंट रे तिन दो बाबा होड़ ताला रे झोगड़ा एहोप् एना, खान गोगो होड़ हों तायोम तेको लागावेना। राजेश कुमार अग्रवाल आर अरुण कुमार गोयल रेन एराततेत् होंकिन भिड़ावेना। ओनकिन दो मित् दोसार होड़ाक् उप् राचाक्किन एहोप् केदा आर दालोक्किन लागावेना। अपार्टमेंट रेन होड़ दोको छाडावकात्कोआ आर ओनकोवाक् झोगड़ाको चाबाकात् ताकोआ। पुलिस दो अरुण कुमार गोयल साप् काते थाना तेको आगु केदेया खान उनीयाक् लाहावाक् काईतुक हों बाडायेना। अरुण गोयल दो मित्टेन मायजीउ सोगे छोड़खानी रेयाक् मामला रेन हों दुसीय ताहेंकाना। पुलिस दो ओना मामला रे अरुण कुमार गोयलको सेंदरायेदेकान ताहेंकाना। उनी दो पंचवटी अपार्टमेंट रे गेय ताहेंनकान मित्टेन मायजीउ मित् तालावे पांजायेदेकान ताहेंकाना। सांवते बेगानोक् लेकानाक्ए इशारावायकान ताहेंकाना। पुलिस दो नित ओना मामला र जेल तेको कोल केदेया।

पलामू रे स्मार्ट बिजली मीटर रेयाक् बिरोध रेको फेडेना होड़

पलामू। स्मार्ट बिजली मीटर रेयाक् बिरोध रे होड़को फेड आकाना। होड़ दो सरकार चेतोनाय तुलुच्को मेन केदा जे तत्काल स्मार्ट मीटर लागाव रेयाक् कार्रवाई रोकाव होयोक् मा आरबाखान दो नोआ लोकतंत्र काना आर सासोन रे दुडुप् होड़को सत्ता एम दाड़ेयाकोआ तोबे फेडे हों होय दाड़ेयाक्आ। सांवते आन्दोलन रेयाक् होंको चेतोनकादेया। नोआ मामला लागित् डालटनगंज रेयाक् मित् होटल रे बुधवार हिलोक् अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार एसोसिएशन, पलामू रेयाक् बैनर लातार खोबोरिया गालमारावाको रे सामाजिक कार्यकर्ता अ तर जमां दोय मेन केदा जे दबाव दोहोकाते स्मार्ट मीटरको लागावेत् काना। लागाव लाहा रे कंज्यूमरको विश्वास रे दोहोयको जारूड़ ताहेंकाना। स्मार्ट मीटर लागाव रेयाक् फायदा लालाई जारूड़ ताहेंकाना। नोआ ते सरकार चेतए फायदाया, नोआ हों लालाई जारूड़ ताहेंकाना मेनखान नोडका बाङ होयोक् काना। जोबोरजसती स्मार्ट मीटरको लागावेत् काना। मीटर लागाव होड़ गुंडागर्दी रेको फेड आकाना। नुनाक् गे बाङ ओकोयको बिरोधेत् काना ओनकोवाक् बिजली कनेक्शनको काटावकाताको रेयाक् धामकावेत्को काना। नोआ पुराउ ते मानमानी काना। होड़को नोआ दो विरोधपे। अ तर जमां दोय मेन केदा जे स्मार्ट मीटर ओचोक् गिडीकाक्पे। उनी दोय मेन केदा जे स्मार्ट मीटर अडानी ग्रुप दोय बेनाव आकादा। एकेन नोआक कंपनीयाक् झोली पेरेज लागित् स्मार्ट मीटर उपभोकता रेको थोपावेत् काना। उनी दो सरकार चेतोने तुलुच्ए मेन केदा जे तत्काल स्मार्ट मीटर लागाव रेयाक् कार्रवाई दो रोकाव होयोक् मा, आरबाखान नोआ दो लोकतंत्र काना आर सासोन रे दुडुप् होड़ सत्ताम एमा दाड़ेयाकोआ। नोआ ताक रे अनवर अंसारी, जीशान खान, अमरनाथ जायसवाल आर विश्वनाथ राम घुरा घालोक् एटाक् होड़को ताहेंकाना।

रांची रेलवे स्टेशन रे पाउरा सालाक्को साप् केदेया मित् होड़

खबोरिया

रांची। रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) दो रांची रेलवे स्टेशन खोन मित्टेन होड़ दो पाउरा सालाक् तेको साप् केदेया। सब-इंस्पेक्टर सूरज पांडेय दो सागुनमाहां हिलोक्ए लाई केदा जे आरपीएफ रेन मंडल सुरक्षा आयुक्त पवन कुमाराक् बातलाव रे रांची रेलवे स्टेशन रे एक्सप्रेस ट्रेन सं या 18624 खोन दिगधावानाक् ओबोसता रे मित् होड़को साप् केदेया आर उनी ठेन खोन 13 हजार टाका रेयाक् 12 बोतल पाउराको जाम केदा। साप् केदे दुसीयाक् जुतुम दो संजीत कुमार काना। उनी दो बिहार रेयाक् जहानाबाद रेन ताहेंनोक्इच् कानाय। पूछताछ रे दुसी दोय लाई केदा जे उनी दो पाउरा बोतोल दो रांची खोने किरिज लेदा आर ओना दो ढेर दाम ते आखरिज लागित् ट्रेन सं या 18624 एक्सप्रेस ते बिहार चालाक् रेयाक्ए कुरूमुटूयेत् काना। ओना तायोम दुसी दो एएसआई रवि शेखर होतेतेको साप् केदेया आर हाजोतकेत् पाउरा दो लाहा सेच् कार्रवाई लागित् उत्पाद विभागको जिमावादेया।

बेझातुञ साँवते सागुन सोहराय दो मुचात् एना

नाला, जामताड़ा। प्रखंड टोठा रे संताल सोमाज रेयाक् माराङ पोरोब सागुन सोहराय पीठाबिंदा आर पारंपरिक शिकार सांवते मुचात् एना। नोआ ओपसोर रे कास्ता पंचायत रेयाक् भेलाबेड़िया आर खड़ीमाटी एमान आतो रे आयमा सांस्कृतिक कामीहोरा ओराम एना। मुखिया मिनिसर मुर्मू दो पुराउ आतो रे दाँड़ाँ काते जोतो आदिवासी बोयहा मिसराको बोगेआसे एमात्कोआ। उनी दो आदिवासी परंपरा आर संस्कृति बाञ्चाव दोहोय लागित् पारंपरिक गतिविधिको सोमाज रे चालाव रेयाक्ए आरोजाक्कोआ आर होड़कोय उसकुर केत्कोआ। उनी दोय मेन केदा जे सोहराय दो आबोवाक् माराङ पोरोब काना। पाहिल दिन दोबोन उम डाबराक् काना आरबोन पुजायेत् काना इना तायोम दोसार दिन गाय गोड़ाव पुजावाको काना। तेसार दिन हाको काटकोम हाकोबोन साप्एत्कोआ। पोनाक् दिन साकरात दिन रे सेंन्दराय लागित् बिर तेबोन चालाक् काना। सेंदरा काते ओनते खोन हिजुक् ओकते मित्टेन निसाना ताहेंन काना ओना दो बेझा तुञबोन मेताक् काना। मुखिया मिनिसर मुर्मू दोय लाई केदा जे संताल सोमाज रेयाक् माराङ पोरोब सोहराय दो आबोवाक् संस्कृति रेयाक् पहचान आर धरोहर काना। ताक रे मांझी हाड़ाम, लासेर साल, भोदो, नायकी, कुड़ाम नायकी, गुडित, पारानीक, जोग पारानीक घालोक् संताल सोमाज रेन एटाक् आर हुदा रेन होड़को ताहेंकाना।

लाहाक्मे

- मनोज कुमार मरण्डी 'चाम्पुर'

सिदा कान्हू चांद भायरो,
दाड़ेंयेनाको दिसाम लागित्।
कागोच कोलोम साप् काते,
लाड़हाईमे आम हों दिसाम लागित्।।
टामाक साकवा साड़े लेना,
भोगनाडीह टान्डी रे।
दिसाम लागित् आलेखा होड़
सोलोडेनाको काण्डी रे।।
होड़मो रेयाक् मायाङ मा
आमाक्, होंचो बाङ जुदा।
ओनको माको लाहायेन,
नित दो काना आमाक् हुदा।।
दाक् हासा बिर बुरु,
आमाक् दो ओपरोम काना।
ओना बांचाव लागित् लाड़हाई,
आमाक् दो धोरोम काना।।
आमाक् होक आईदार दो,
आलोसेम कोयोक् गोत्काक्आ।
ओनको बाको रूवाड़ा नित,
ओनाते आलोम थिरकोक्आ।।
आमाक् मेंत् मारसाल ताम,
आम ते जेल ओरोम ताम।
दिसाम लागित् ताड़ाम लाहा,
आमाक् माते धोरोम ताम।।
हें ! सामाङ-सामाङ रे जुत गेया,
जुत रे डाहार-डाहार सेंदरायमे।
आम होंचो बाम खिचा,
नोआ दुक सोदोरायमे।।
ओनकोवाक् लोलो मायाङ,
आमाक् होड़मो रे जिर बाड़ायकान।
लाहाक्मे तेंगो दारामकोम,
दिसाम सिबाड़ बाईरीको दारायकान।।
मायाङ आतुक् जिवी चालाक्,
नासे हों आलोपे बोतोरोक्आ।
आम जेल ते दिसाम लागित्,
आरहों जुवानको सोन्तोरोक्आ।।
एन्तेक् आमाक् होड़मो रे दो,
ओनकानाक् दाड़े मेनाक्आ।
तिलका बाजाल बाबा बिरसा
आम होंयेम बेनाक्आ।।
ओनाते आम लाहाक्मे,
लाहालेन रेको पांजामेया।
जुदिम दाड़ेक्आ दिसाम लागित्,
जाव सेरमाको जिवात्मेया।।

बिहार रेन श्रम मंत्रीये धामकावाकादे बोदमास दो आजमगढ़ खोनको साप् केदेया

पटना। बिहार रेन श्रम मंत्री संतोष सिंहए धामकाव ओचोवाकान मामला रेकार्रवाई होय आकाना। यूपी रेयाक् आजमगढ़ खोन बोदमास संजय यादवको साप् आकादेया। पटना रेयाक् सेंट्रल एसपी स्वीटी सहरावत दोयलाई केदा जे डीएसपीयाक् आयुर रे मित् एसआईटी गोठेन काते अनुसंधान सेंदरायको एहोप् केदा। नोआ रे धामकाव पेरेच् कॉल नंबर जांच होय एना। तोबे लोकेशन आजमगढ़ जिला रेयाक् फूलपुर थाना टोठा रेको जाम केदा। पटना पुलिस दो यूपी रेयाक् फूलपुर पुलिस ठेनको सोमपोक केदा। इना तायोम धामकाववाला कोड़ा संजयको साप् केदेया। बोदमास संजय यादव दो गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई जुतुम रे नीतिश रेन श्रम मंत्री संतोष सिंहए धामकाव लेदेया। मंत्री खोन 30 लाख टाकाय डिमांडआदे ताहेंना। टाका बाय एमोक् रे अंजाम भुगताव रेयाक् काथाय मेतादे ताहेंना। यूपी रे साप् केदे तायोम पटना पुलिस फ्लाइट ते यूपी तेको सेंटेर एना। न्यायिक प्रक्रिया तायोम पटना तेको आगू केदेया। कुलीबाड़ा केदे तायोम यादव दोय लाई केदा जे ओण्डे 3 चान्दो लाहा मुंबई खोन यूपी आयाक् ओड़ाक्ए हेच् लेना। आयाक् ओड़ाक् बेनाव कामीय लागाव लेना काउडी बाङ ते पारेशन काते बिहार सरकार रेन आयमा मंत्रीयाक् नंबर ए ओडोक केदा, आरे फोनात्कोआ। नोआ रे उनीयाक् मित्टेन बिहार सरकार रेन श्रम संसाधन मंत्री संतोष कुमार सिंह ठेन लागावेना। तोबे बोदमास दो 30 लाख टाका रोडदारीय खोज केदा, आर बार एमोक् रे अंजाम भुगताव रेयाक्ए धामकाव केदेया।

ट्रक सांवते बाइक तापिञ एनते मित् होड़े गोच् एना

नावां दिल्ली। उधर धौलपुर रेयाक् दिहोली थाना टोठा रे धौलपुर-राजाखेड़ा सोड़ोक डाहार रे आडी जासती कुड़हा ताहेंनकान ते बाइक रे ताहेंकान 35 बोछोर उमार रेन अनिल दो ट्रक तेय तापिञ एना। घोटना ओकते उनी दो ओन्डे गेय गोच् एना। अनिल दो उत्तर प्रदेश रेयाक् पिनाहट आतो खोन पेड़ाक्एचालाव लेना आर रूवाड़ोक् ओकते नोआ घोटना दो होयेना। टोठाकिया होड़ दो पुलिसको खोबोरात्कोआ आर पुलिस दो माड़ी जिला अस्पताल तेको कोल केदा। ट्रक चाकलाविच् दो ओन्डे खोने दाड़ केदा। उनी बिरूद रे मुकदमा ओल राकाप् कातेक् पुलिस दो उनीको तोलासे काना।

सेंट्रल टीम ने आवास योजना का किया निरीक्षण

सरैयाहाट। सरैयाहाट प्रखंड क्षेत्र में वित्तीय वर्ष 2021-2022 निर्मित प्रधानमंत्री आवास योजना की भौतिक निरीक्षण के लिए बुधवार को इंटरनल ऑडिट विंग की सेंट्रल टीम के एस आर मीणा ने विभिन्न गांवों में आवास योजना का निरीक्षण किया। इस दौरान टीम ने आवास के लिए लाभुकों को आवंटित राशि के आधार पर हुए कार्यों का अनुश्रवण किया। टीम के द्वारा मनरेगा के तहत आवास निर्माण में मजदूरों को किए गए भुगतान का भी अनुश्रवण किया गया। इस दौरान टीम को लगभग सभी जगहों पर आवास धरातल पर दिखा। हालांकि टीम के द्वारा आवास निर्माण से संबंधित कई दिशा निर्देश प्रखंड स्तरीय अधिकारियों को दिया गया। इस दौरान बीडीओ महेश्वरी प्रसाद यादव, डीआरडीए दुमका के पवन पांडे, संदीप कुमार , सजीव प्रसाद, बीपीओ कन्हैयालाल झा, कुमार गौरव, आवास समन्वयक, लेखा समन्वयक मौजूद थे।

जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण

दुमका। भारत विकास परिषद दुमका शाखा के तत्वाधान में बुधवार को दुमका सदर प्रखंड के मुर्गाथली गांव में महिलाओं युवाओं बच्चों एवं बुजुर्गों के बीच गर्म कपड़े कंबल स्वेटर सॉल् बिस्कुट आदि का वितरण कार्यक्रम के दौरान बच्चों में महिलाओं के बीच स्वच्छता को लेकर परिचर्चा किया गया। जिससे महिलाओं एवं किशोरियों को स्वच्छता के विभिन्न पहलुओं की जानकारी दिया जा सके ,खून की कमी एवं उचित खानपान न होने के कारण महिला एवं बच्चों में कई तरह की स्वास्थ्य परेशानियां उत्पन्न होती है जिसके लिए भारत विकास परिषद की महिला सहभागिता इकाई की प्रीति गुप्ता, प्रीति भालोठिया, किरण गुप्ता, राजकुमारी गुप्ता ,ज्योति हिम्मत सिंहका, सरिता अग्रवाल ने किशोरियों एवं महिलाओं को जानकारी उपलब्ध करायाद्य कार्यक्रम में भारत विकास परिषद की अध्यक्षता भारती शर्मा ,उपाध्यक्ष डॉ मधुर कुमार सिंह ,सचिव जितेंद्र कुमार शाह, कोषाध्यक्ष प्रदीप कुमार ,वरिष्ठ सदस्य सत्येंद्र कुमार मुन्ना जी, किशोर कुमार शाह जी एवं युवा सदस्य सतीश कुमार ने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सहयोग प्रदान किया एवं भारत विकास परिषद के उद्देश्य स्वस्थ सक्षम एवं समृद्ध भारत के लिए कार्य करने का निवेदन किया।

बसपा ने मायावती का जन्मदिवस मनाया

जरमुंडी । जरमुंडी प्रखंड के सिंहनी में बुधवार को बहुजन समाज पार्टी के तत्वाधान में बसपा सुप्रीमो मायावती का 69वां जन्म दिवस जनकल्याण के रूप में मनाया गया। बसपा सुप्रीमो मायावती के जन्मदिन पार्टी पर कार्यकर्ताओं ने केक काटकर व मिठाई बांटकर खुशियां मनाई। कार्यक्रम की अगुवाई बसपा जरमुंडी विधानसभा प्रभारी संजय असंगा ने किया। जबकि मुख्य अतिथि जरमुंडी विधानसभा से प्रत्याशी लालमोहन राय उपस्थित थे। इस अवसर पर संजय असंगा ने कहा कि बसपा सुप्रीमो मायावती का जन्मदिन पूरा देश जन कल्याणकारी दिवस के रूप मे मना रहा है। बसपा की सरकार में अगर कोई पार्टी का कार्यकर्ता क्राइम करता था तो उसे तत्काल पार्टी से बाहर निकाल दिया जाता था। लेकिन भाजपा व अन्य पार्टियां अपराधियों को शरण देने का काम कर रही है। कार्यक्रम का संचालन जरमुंडी विधानसभा प्रभारी संजय असंगा ने किया। इस मौके पर जरमुंडी विधानसभा सचिव अरविंद कुमार दास, प्रखंड अध्यक्ष महादेव दास, राजू राय, राजेश राय, दीपक कुमार, तारणी राय, सीताराम प्रधान, राजा राय, विष्णु राय आदि मौजूद थे।

ट्रेन से गिरकर युवक गंभीर रूप से घायल

सरैयाहाट। हंसडीहा दुमका रेलखंड में कुरमाहाट रेलवे हॉल्ट के समीप ट्रेन से गिरकर एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल की स्थिति काफी नाजुक बनी हुई है और वह अपना सिर्फ नाम छोटू लैया जिला भागलपुर बता रहा है। बुधवार को हंसडीहा पुलिस के द्वारा उसे गंभीर स्थिति में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सरैयाहाट पहुंचाया गया जहां चिकित्सकों के द्वारा उसका उपचार किया जा रहा है। बताया जाता है कि वह किसी ट्रेन से गिरकर घायल हुआ है। ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस ने उसे अस्पताल पहुंचाया। इधर चिकित्सकों का कहना है कि घायल की उम्र करीब साठ वर्ष के करीब हैं और उसे बेहतर इलाज के लिए रेफर किया जा रहा है।

सीएचसी परिसर में चारदीवारी निर्माण की मांग को लेकर सांसद को सौंपा मांगपत्र

काठीकुंड। चिकित्सा प्रभारी डॉ अरविंद कुमार दास के नेतृत्व में सीएचसी काठीकुंड के स्वास्थ्यकर्मियों ने बुधवार को शिवतल्ला स्थित सांसद आवास पहुंचकर दुमका सांसद नलिन सोरेन को एक मांगपत्र सौंपा।अवसर पर प्रभारी श्री दास ने सांसद को बताया कि सामुदायिक स्वास्थ केंद्र की चारदीवारी नहीं होने के कारण अस्पताल परिसर नशेड़ियों का अड्डा बन जाता है।परिसर के अंदर दिन-रात अड्डेबाजी के साथ ही जुआं खेलते हुए अभद्र भाषा का प्रयोग किया जाता है।महिला स्वास्थ कर्मियों ने मौके पर मौजूद जिला परिषद अध्यक्ष जॉयस बेसरा को बताया कि इस प्रकार के माहौल के कारण सभी महिला व पुरुष कर्मी असहज महसूस करते है।आवारा पशु व स्थानीय ग्रामीणों द्वारा अस्पताल परिसर के अंदर पालतू पशुओं को बांध देने के कारण अस्पताल परिसर में गंदगी फैलती रहती है।बारिश के समय अस्पताल के मुख्य द्वार पर जलजमाव से होने वाली परेशानी को लेकर पेबर ब्लॉक सड़क के निर्माण की अपील सांसद से की।इसके साथ अस्पताल परिसर स्थित स्वास्थकर्मियों के क्वार्टर में एक चापानल लगवाने की मांग महिला स्वास्थ्यकर्मियों द्वारा की गयी।सांसद श्री सोरेन ने इन सभी समस्याओं पर पहल करने को लेकर स्वास्थ्यकर्मियों को आश्वस्त किया। मौके पर सीएचसी काठीकुंड के जी जीएनएम नेली हेम्ब्रम, लीना सोरेन, रेणुका हांसदा, मेरिनीला मरांडी,एएनएम अनिता मुर्मू, सुभासिनी हांसदा, स्टेनशीला हेम्ब्रम, शांतिशीला हेम्ब्रम, शर्मिला मुर्मू, बाम सुजीत हांसदा, लिपिक प्रेम सोरेन मौजूद थे।

नेहरू युवा केंद्र ने समाज सेवा दिवस स्वच्छता अभियान व फल वितरण करके मनाया

दुमका। भारत सरकार खेल मंत्रालय की संस्था नेहरू युवा केंद्र दुमका युवा आधिकारिक कुश कुमार के निर्देश पर बुधवार को स्वामी विवेकानंद युवा क्लब अध्यक्ष अमन राज की अध्यक्षता में समाज सेवा दिवस के उपलक्ष्य में शिवपहाड राम रतन सिंह रोड में स्थित पहाड़ी दुर्गा मंदिर प्रांगण में स्वच्छता अभियान चलाया तत्पश्चात फूलों झानो मेडिकल कॉलेज दुमका में पहुंचकर मरीजों के बीच नारंगी, केला , सेव आदि फलों एवं ब्रेड का वितरण किया। वही क्लब के अध्यक्ष अमन राज ने कहा कि नेहरू युवा केंद्र समाज हित में अनेक कार्यक्रम का आयोजन करते आ रही है आज समाज सेवा दिवस के शुभ उपलक्ष पर स्वच्छता अभियान एवं मरीज के बीच फल ब्रेड इत्यादि का वितरण किया गया। और लोगों से अपने चारों ओर स्वच्छ रखने को आग्रह भी किया गया एवं युवा पीढ़ी से निवेदन करते हुए कहा कि समाज हित में होने वाली सकारात्मक कार्यों में ज्यादा से ज्यादा जुड़े और हिस्सा ले इस कार्यक्रम में निपेन कुमार झा, सुंदर, प्रजापति,विशाल पंडित, बिट्टू कुमार, सुनील कुमार, मनोज कुमार, आदि साथ दर्जनों में युवा उपस्थित थे।

टैक्स नहीं देने पर होटल सत्कार और आस्था सहित 29 दुकानदारों पर नप ने की कार्रवाई

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

दुमका। नगर परिषद ने होल्डिंग टैक्स नहीं चुकाने पर दो होटलों सत्कार होटल और आस्था होटल के खिलाफ बुधवार को कार्रवाई की है। परिषद की टीम ने होटल मालिक संतोष जयसवाल की संपत्तियों का भूमि सर्वेक्षण किया। उन पर पांच हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया है, साथ ही सात दिनों के अंदर बकाया होल्डिंग टैक्स के साथ जुर्माना भरने का निर्देश दिया गया है। इसका पालन न करने पर होटलों को सील कर दिया जाएगा। नगरपालिका अधिकारी अभिनव प्रकाश के नेतृत्व में कार्रवाई हुई है । उन्होंने कहा कि शहर में व्यापार लाइसेंस, अतिक्रमण और होल्डिंग टैक्स को जमा नहीं करने वाले लोगों पर कार्रवाई की गई है उन्होंने कहा कि को अभियान के दौरान, सड़क किनारे नालियों पर अतिक्रमण करने वाले दुकान मालिकों सहित एक दर्जन से अधिक उल्लंघनकर्ताओं पर जुर्माना लगाया गया है। उन्होंने कहा कि एंक्लोजमेंट ड्राइव वीर कुंवर सिंह चौक से होकर टीन बाजार पर स्थित 29 दुकानदारों पर कार्रवाई हुई है।इस मामले पर बोलते हुए, नगर निगम अधिकारी ने जोर देकर कहा कि अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और व्यवसाय मालिकों को वैध व्यापार लाइसेंस के साथ काम करना होगा। कुछ दिन पहले परिषद ने सार्वजनिक सड़कों पर अतिक्रमण करने के लिए रिलायंस मॉल पर जुर्माना भी लगाया था। उन्होंने कहा कि
दुमका नगर परिषद की इस पहल का उद्देश्य अतिक्रमणों पर अंकुश लगाना और अनुपालन लागू करना, उल्लंघन करने वालों को जवाबदेह ठहराते हुए आम जनता को राहत दिलाने का कार्य किया जा रहा है।

आदिवासी सांस्कृतिक जागरण समिति ने मनाया स्थापना दिवस

जहां भी मेरी जरूरत होगी मैं वहां निश्चित रूप से खड़ी रहूंगी : डॉ लुईस मरांडी

संवाददाता

रामगढ़(दुमका) । आदिवासी सांस्कृतिक जागरण समिति की ओर से रामगढ़ प्रखंड के कुशमाहा बदरा स्थित सिद्धो कान्हू मैदान में समिति का 46 वां स्थापना दिवस मनाया गया कार्यक्रम की शुभारंभ मुख्य अतिथि स्थानीय विधायक डॉ लुईस मरांडी ने सिद्धो कान्हू की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर एवं फीता काट कर किया। विधायक डॉ लुईस मरांडी ने काफी देर तक खेल का आनंद लिया। तत्पश्चात कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि यह मेला बहुत कुछ सिखाता है। खेल के साथ-साथ समाजिक उत्थान के लिए जहां भी मेरी जरूरत होगी मैं वहां निश्चित रूप से खड़ी रहूंगी उन्होंने उपस्थित लोगों से अपने बच्चों को शिक्षित बनाने की अपील करते हुए कहा कि शिक्षा मनुष्य के लिए बहुत जरूरी है। सरकार के द्वारा भी शिक्षा के क्षेत्र में काफी काम किया जा रहा है। गरीब के बच्चे भी अच्छे स्कूल, कालेजों में पढ़ें इसके लिए गुरुजी क्रेडिट कार्ड के साथ साथ दर्जनों योजनाएं चलाई जा रही है। उन्होंने उपस्थित जनसमूह से आगामी 2 फरवरी को दुमका में होने वाले स्थापना दिवस समारोह में अधिक से अधिक संख्या में दुमका गांधी मैदान पहुंचकर दिशोम गुरु शिबू सोरेन, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सहित पार्टी के विभिन्न नेताओं के भाषण को सुनने का न्योता भी दिया। बता दें कि अलग झारखंड आंदोलन का गवाह रहे इस मेले की शुरुआत दिशोम गुरु शिबू सोरेन ने की थी संताल परगना में यही से अलग झारखंड आंदोलन का बिगुल फूंका गया था। यहां 46 वर्षों से प्रति वर्ष 15 जनवरी को खेल, कूद प्रतियोगिता का बड़े पैमाने पर आयोजन किया जाता रहा है। 46 वर्षों में यह मेला काफी बड़ा रुप ले चुका है। सोहराय पर्व के समापन के मौके पर आयोजित होने वाले इस मेले में काफी दूर दराज से लोग मेला का आनंद लेने पहुंचते है। कार्यक्रम को प्रखंड अध्यक्ष शिवलाल मरांडी, सचिव नन्दलाल राउत ने भी संबोधित किया। मौके पर छोटेलाल मंडल दिवाकर मंडल उज्वल मंडल जयप्रकाश अग्रवाल ललन भगत चन्द्र शेखर सोरेन राजेश गुप्ता,मदन मंडल सहित काफी संख्या में कार्यकर्ता एवं मेला कमेटी के सदस्य मौजूद थे।

बीडीओ ने कार्य संतोषजनक नहीं होने पर चारो पंचायत के सचिव से मांगा स्पष्टीकरण

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

रानीश्वर (दुमका) । प्रखंड विकास पदाधिकारी राजेश कुमार सिन्हा ने उपायुक्त दुमका के निर्देश पर प्रखंड कार्यालय के सभागार में पंचायत सचिव ,एवं रोजगार सेवकों के साथ विकास योजनाओं का समीक्षा बैठक किया है ।बैठक में सादीपुर ,पाथरा , बाँसकुली एवं बृन्दाबानी पंचायत में 15 वित्तीय आयोग के तहत योजना कार्य के प्रगति संतोषजनक नहीं होने को लेकर चारो पंचायत सचिव से स्पष्टीकरण मांगा है । मनरेगा के तहत आसनबनी ,हरिपुर ,सादीपुर , कुमिरदहा ,बृन्दाबानी एवं ताल डांगाल पंचायत में योजनाओं के पूर्ण होने की स्थिति संतोषजनक नहीं होने को लेकर संबंधित रोजगार सेवकों को चेतावनी देकर जल्द योजना पूर्ण करने का आदेश दिया हैं ।इसके अतिरिक्त बाँसकुली के सिजुआ , दक्षिणजोल के प्रतापपुर ,सुखजोड़ा के बागखाला ,तालडांगाल के रेशमा एवं सालताला के तिलवनी के आंगनबाड़ी केंद्रों का भवन निर्माण कार्य में तेजी लाने संबंधित कनीय अभियंता एवं रोजगार सेवकों को आदेश दिया हैं । अबुआ आवास ,प्रधानमंत्री आवास ,प्रधानमंत्री जन मन आवास योजना के कार्य की तेजी लाने की सभी पंचायत सचिवों को आदेश दिया हैं ।समीक्षा बैठक मे प्रभारी प्रखंड पंचायतीराज पदाधिकारी ,सभी कनीय अभियंता सभी पंचायत सचिव सभी रोजगार सेवक एवं कम्प्यूटर ऑपेरटर स्वास्थ केंद्रों के कर्मी मौजूद थे ।

बाबा बासुकीनाथ में आज होगा सामूहिक उपनयन

संवाददाता

जरमुंडी । बासुकीनाथ में आज गुरुवार को 415 बटुक नारायण का सामूहिक उपनयन किया जाएगा। सामुहिक उपनयन के लिए सभी बटूकों (बरूआ) का पंजीकरण किया जा चुका है।
सामुहिक उपनयन संकार में सम्मिलित होने के लिए बुधवार को बासुकीनाथ स्थित बासुकी बिहार में निबंधित बटुक नारायण के साथ उनके पारिवारिक सदस्य पहुंचे।सभी बटूकों के उपनयन संस्कार व पूजन के लिए पूजश सामग्री, वस्त्र एवं अन्य वस्तु हाथों-हाथ प्रदान की गई। गुरुवार को बासुकी विहार परिसर में तीर्थ पुरोहित पंडित कुंज नारायण मिश्र उर्फ कुंजू बाबा के नेतृत्व में पंडित सपन झा, अभिषेक झा, ऋषिकेश मिश्रा, दिलीप कुमार, विपिन बाबा, गौतम राजहंस, सुमन कुमार, सूरज, प्रीतम, नंदू बाबा सहित अन्य पंडितों के द्वारा सामूहिक उपनयन संस्कार संपन्न कराया जाएगा। आयोजक समिति के शिवभक्त सुरेश गुप्ता ने बताया कि बाबा बासुकीनाथ की असीम कृपा व प्रेरणा से शिवभक्तों के द्वारा लगातार छठवीं बार यह आयोजन किया जा रहा है।

प्रधानाध्यापक हत्याकांड का नामजद आरोपी गिरफ्तार

आरोपी को रिमांड में लेकर पुलिस करेगी पूछताछ : एसपी

संवाददाता

दुमका। मसलिया के उच्च विद्यालय गोवासोल के प्रधानाध्यापक ब्रेनतियुस हेंब्रम की हत्या में शामिल विद्यालय के ही क्लर्क आनंद झा को तीन दिन तक चली लंबी पूछताछ के बाद सोमवार की देर शाम को जेल भेज दिया। अब हत्या के कारणों और उसमें कौन-कौन लोगों की संलिप्त था, इसे जानने के लिए उसे रिमांड पर लेने की तैयारी चल रही है। यह जानकारी एसपी पीतांबर सिंह खेरवार ने दी है। वहीं उसके साथी सोनू खान को साक्ष्य के अभाव में छोड़ दिया गया है। यहां बता दें कि, शिक्षक ब्रेनतियुस हेंब्रम इस माह की 6 जनवरी की शाम गिधनी गांव स्थित अपने घर से कहीं निकल गए थे। पत्नी पुष्पलता सोरेन ने उसी दिन नगर थाना में रिपोर्ट भी दर्ज कराई। पुलिस ने कड़हरबील के एक जंगल से शव बरामद किया। पत्नी ने विद्यालय के क्लर्क आनंद झा पर हत्या का आरोप लगाया।
पुलिस ने उसी दिन आनंद को जसीडीह से धर दबोचा, तब से लेकर सोमवार की दोपहर तक उससे पूछताछ की गई। शक के आधार पर उसके दोस्त सोनू खान को भी उठाया गया। लंबी पूछताछ के बाद भी आनंद ने अपना गुनाह स्वीकार नहीं किया, लेकिन पुलिस को जो भी साक्ष्य मिला वह आनंद के खिलाफ था। हालांकि सोमवार की देर शाम मिले साक्ष्य के आधार पर आनंद को जेल भेज दिया गया। पुलिस अब उसे रिमांड पर लेकर नए सिरे से पूछताछ करेगी।

स्कूली छात्रों के बीच सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान चला

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

दुमका। सड़क सुरक्षा माह 01 से 31 जनवरी-2025 तक के तहत सड़क सुरक्षा कोषांग जिला परिवहन कार्यालय अंतर्गत के तत्वावधान में बुधवार को जिला स्कूल, दुमका में स्कूली छात्रों के बीच जागरूकता अभियान चलाया गया। जिला स्कूल के प्राचार्य बबन कुमार की अध्यक्षता में इस जागरूकता कार्यक्रम में जहां एक सैकड़ों की संख्या में छात्र मौजूद थे। वहीं दूसरी ओर विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं ने भी इस कार्यक्रम में काफी गंभीरता के साथ भाग लेकर अपनी अपनी भूमिका निभाई। सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान में नवनियुक्त मोटरयान निरीक्षक अरविंद तिरु, अभय टेटे, सड़क सुरक्षा समिति के सदस्यगण यथा- डॉ0 मनोज कुमार घोष, डॉ0 अमरेन्द्र सुमन, नीलकंठ झा, रमण कुमार वर्मा, प्रदीप्तो मुखर्जी, अरुण कुमार सिंह, सड़क सुरक्षा कोषांग के जिला प्रबंधक दीपक कुमार,कर्मी मनोज उरांव अमित कुमार जिला स्कूल के प्राचार्य श्री बबन कुमार, शिक्षक डॉ दिलीप झा ने सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान में भाग लिया। प्रशिक्षु मोटरयान निरीक्षकों यथा- अरविंद तिरु व अभय टेटे सहित सड़क सुरक्षा समिति व सड़क सुरक्षा कोषांग के कर्मियों ने बारी बारी से अपने संबोधनों में दोपहिया वाहन चालकों के लिए जहां एक ओर हेलमेट पहनना, दो से अधिक की सवारी का न होना, वाहन चलाते समय ब्लू टूथ, मोबाइल, इयरफोन के इस्तेमाल को सुरक्षा नियमों के विपरीत बतलाया, वहीं सावधानी से लेकर साइनेश, जेब्रा क्रासिंग व अन्य की अनिवार्य जानकारी दी गई। चार पहिया वाहनों में सीट-बेल्ट से लेकर ड्राइविंग लाइसेंस व अन्य जरूरी बातों की ओर बच्चों का ध्यानाकर्षण किया गया। मंच का संचालन व धन्यवाद ज्ञापन का कार्य के0 दिलीप झा ने किया। विद्यालय के प्राचार्य ने पहला स्वागत संबोधन किया और कोषांग के जिला प्रबंधक दीपक कुमार ने विषय प्रवेश कराया। बच्चों में सड़क सुरक्षा के नियमों को जानने की उत्सुकता देखी गई।

वाहन चलाकों को फूलमाला पहनाकर की यातायात नियमों का पालन करने की अपील

काठीकुण्ड । राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह अंतर्गत एसपी दुमका के निर्देश पर बुधवार को काठीकुण्ड पुलिस प्रशासन द्वारा जागरूकता अभियान चलाया गया।इस दौरान पुलिस अधिकारी द्वारा वाहन चालको को यातायात नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित किया गया।सड़क सुरक्षा के दृष्टिकोण से वाहन चलाते समय हेलमेट का प्रयोग करने, नींद मे, नशे मे, और तेज रफ़्तार मे वाहन नहीं चलाने की अपील की गयी।यातायात नियमों का उल्लंघन करने व हेलमेट न पहनने वाले वाहन चालको को एसआई विजय प्रताप सिंह ने फूलमाला पहनाकर,नियमों का पालन करते हुये वाहन चलाने की अपील की, साथ ही दुसरो को भी इसके प्रति प्रेरित करने की बात कहीं।जागरूकता अभियान मे पुलिस बल मौजूद रहें।

एसडीओ ने स्कूली बच्चों का आधार सीडिंग 100प्रतिशत करने का दिया निर्देश

दुमका। जिला उपायुक्त आंजनेयुलु दोड्डे के निर्देश पर बुधवार को अनुमंडल पदाधिकारी की अध्यक्षता में जिला आधार निगरानी समिति की बैठक की गई। बैठक के दौरान अनुमंडल पदाधिकारी द्वारा आधार से संबंधित विभिन्न बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा करते हुए संबंधित को आवश्यक निर्देश दिया गया। उन्होंने शिक्षा विभाग के अधिकारियों को स्कूली बच्चों का आधार सीडिंग 100न करने का निर्देश दिया। जिला समाज कल्याण पदाधिकारी को सभी महिला पर्यवेक्षकाओं को आधार संबंधी परीक्षा जल्द पास कर ऑन बोर्ड की प्रक्रिया अपनाने का निर्देश दिया ताकि अधिक से अधिक आंगनबाड़ी बच्चों का आधार बनवाया जा सके। उन्होंने जिले में आस्क आधार सेवा केंद्र खोलने के लिए भी यूआईडीएआई के प्रतिनिधि को निर्देश दिया गया।बैठक में यूआईडीएआई के क्षेत्रीय कार्यालय के प्रतिनिधि, जिला परियोजना पदाधिकारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी सहित अन्य उपस्थित थे।

बीडीओ ने की विकास योजनाओं की समीक्षा

रानीश्वर(दुमका) । प्रखंड विकास पदाधिकारी राजेश कुमार सिन्हा ने बुधवार को प्रखंड सभागार में पंचायत सचिव एवं रोजगार सेवकों के साथ प्रखंड में संचालित विकास योजनाओं की प्रगति को लेकर समीक्षा बैठक की। बैठक में सादीपुर, पाथरा, बाँसकुली एवं बृन्दाबानी पंचायत में 15वीं वित्त आयोग के तहत क्रियान्वित योजना कार्य की प्रगति संतोषजनक नहीं होने पर चारो पंचायत सचिव से स्पष्टीकरण मांगा। मनरेगा के तहत आसनबनी, हरिपुर, सादीपुर, कुमिरदहा, बृन्दाबानी एवं ताल डांगाल पंचायत में योजनाओं के पूर्ण होने की स्थिति संतोषजनक नहीं होने को लेकर संबंधित रोजगार सेवकों को चेतावनी देकर जल्द योजना पूर्ण करने का आदेश दिया।इसके अतिरिक्त बाँसकुली के सिजुआ, दक्षिणजोल के प्रतापपुर, सुखजोड़ा के बागखाला, तालडांगाल के रेशमा एवं सालताला के तिलवनी के आंगनबाड़ी केंद्रों के भवन निर्माण कार्य में तेजी लाने हेतु संबंधित कनीय अभियंता एवं रोजगार सेवकों को आदेश दिया। बैठक में उन्होंने अबुआ आवास, प्रधानमंत्री आवास, प्रधानमंत्री जन मन आवास योजना के कार्य में तेजी लाने के लिए सभी पंचायत सचिवों को आदेश दिया।समीक्षा बैठक में प्रभारी प्रखंड पंचायतीराज पदाधिकारी, सभी कनीय अभियंता, सभी पंचायत सचिव, सभी रोजगार सेवक एवं कम्प्यूटर ऑपेरटर व स्वास्थ केंद्रों के कर्मी मौजूद थे।

केंद्र बंद पाये जाने पर सेविकाओं पर होगी कारवाई : बीडीओ

गोपीकांदर(दुमका) । बाल विकास कार्यालय गोपीकांदर के सभागार में बुधवार को बीडीओ विजय प्रकाश मरांडी ने सुपरवाइजर, बीएलओ और सेविकाओं के साथ समीक्षात्मक बैठक की। बैठक में प्रधानमंत्री मात्री वन्दना योजना, मुख्यमंत्री कन्यादान योजना, पोषण ट्रेकर सेविका और सहायिका की ई-केवाईसी, लाभुकों का आधार वेरीकेशन, सहित अन्य योजनाओं पर चर्चा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। साथ ही सेविकाओं को समय पर आंगनबाड़ी केंद्र संचालित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्र बंद मत रखिए। केंद्र बंद पाये जाने पर संबंधित सेविका के विरुद्ध कारवाई की जायेगी। बैठक में 25 जनवरी राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर सभी बुथो में जागरूकता रैली निकालकर लोगों को जागरूक करने को कहा गया। कहा कि एक जनवरी 2025 को जिनकी उम्र 18 वर्ष पूरी हो गई है और साथ ही जिसका नाम मतदाता सूची में छुटा हुआ है, उसके लिए प्रपत्र 6 भरने का निर्देश दिया।

रक्षा काली मंदिर में हुई विशेष पूजा

रानीश्वर (दुमका) । सदर प्रखंड के रानिबहाल स्थित रक्षा काली मंदिर में आखान के अवसर पर विशेष पूजा अर्चना हुई ।पुरोहित विरुपाक्ष पाठक में यहां पूजा किया है ।साथ ही मंदिर परिसर में भंडारे आयोजित हुई ।हजारों श्रद्धालु पुरुष एवं महिलाओं ने यहां खिचड़ी प्रसाद ग्रहण किया है । विशेष पूजा की आयोजन में मिठुन चौधरी ,एवं अन्य ग्रामीणों ने बढ चड़ कर भाग लिया है।

निर्दोष लोगों पर एफआईआईआर दर्ज मामले को लेकर एसपी को सौंपा ज्ञापन

जामा। थाना क्षेत्र के दुमका भागलपुर मुख्य मार्ग मुसुवाचक में सड़क दुघर्टना में बितें दिनों एक व्यक्ति की घटनास्थल पर ही मौत हो गई थी। जिसमें स्थानीय लोगों ने सड़क जाम रखा था जिसमें जाम हटवाने में प्रशासन को काफी मशक्कत करनी पड़ी थीं तत्पश्चात् जामा थाना में निर्दोष लोगों पर एफआईआर दर्ज किया गया है। जो कि वह लोग घटनास्थल पर उपस्थित नहीं थे। मुखिया संघ अध्यक्ष राजू पुजहर ने एसपी को आवेदन देते हुए बताया कि अपने स्तर से सुपरविजन कर निर्दोष लोगों के ऊपर हुए एफआईआर से मुक्त किया जाय अन्यथा मै श्रीमान के कार्यालय के समक्ष आठवें दिन धरना पर बैठूंगा जिसकी सारी जवाबदेही प्रशासन की होगी।

कुश्ती अखाडा मैदान में शरारती तत्वों ने मिट्टी में शिशा का टुकड़ा डाला, शिकायत दर्ज

दुमका । जिला कुश्ती संघ के सचिव संदीप कुमार जय बमबम ने नगर थाना में बुधवार को आवेदन देकर कुश्ती अखाडा मे शरारती तत्वों के द्वारा मिट्टी में शिशा का टुकड़ा डाल दिया गया है को लेकर शिकायत है। उन्होंने कहा की कुश्ती अखाडा खुटां बाँध टापू में जे एस एस पी एस एल कार्यालय के बगल मे अवस्थित है वहाँ कल रात कुछ असमाजिक तत्वों ने पुरे अखाडे की मिट्टी में शीशे का टुकडा बहुत ही ज्यादा मात्रा मे डाल दिया है। आज सुबह जब खिलाड़ीगण अभ्यास के लिए अखाडे पर आये तो पुरा अखाड़ा शीशा के टुकडों से भरा हुआ था इसे देखकर सचिव जिला कुश्ती संघ संदीप कुमार जय बमबम और अध्यक्ष डॉ0 तुषार ज्योति को फोन पर सूचित किया। अखाडे को देखकर ऐसा प्रतीत हो रहा है कि जान-बूझ कर इस तरह का कार्य किया गया है कहा की अज्ञात असमाजिक तत्वों की पहचान कराकर उचित कानूनी कारवाई की जायें जे एस एस पी एस एल के भवन में सीसीटीवी कैमरा भी लगा हुआ है इससे कुछ मदद मिल सकता है।